माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 15, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी 16

झलक दिखला जा में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ 15

## स्कूल वैन ट्रक में घुसी, एक छात्र की मौत, 9 घायल

कार्यालय संवाददाता, बिल्हौर/कानपुर

**अमृत विचार :** बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर लोडर की टक्कर से आगे चल रही स्कूल वैन पीछे से ट्रक में घुस गई जिससे वैन के परखच्चे उड़ गए। एक छात्र (13) की मौत हो गई और आठ बच्चे घायल हो गए। वैन चालक भी घायल है। पांच घायल बच्चों को हैलट अस्पताल और तीन को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिसमें दो की हालत गंभीर है। स्कूल अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल का है जो केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मां हैं। गुरुवार दोपहर तीन बजे अरौल क्षेत्र स्थित डॉ सोनेलाल पटेल एजुकेशन सेंटर की छुट्टी हुई थी। 13 छात्र-छात्राओं से भरी एक स्कूल वैन चालक हरिओम कटियार लेकर जा रहा था। सरैया गांव के सामने कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर एक ट्रक धीमी गति से चल रहा था। तभी पीछे से आए लोडर ने स्कूल वैन में टक्कर मार दी जिससे वैन बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। वैन की छत, दरवाजे के परखच्चे उड़ गए और वैन पिचक गई।

## केंद्र की विफलताओं पर कांग्रेस का ब्लैक पेपर, मोदी ने बताया काला टीका

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर से बचाने को यह जरूरी
- प्रधानमंत्री ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को बताया लोकतंत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महंगाई बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें 'प्रेरक उदाहरण' बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा। राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के मौके पर उच्च सदन में उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना



लगे, इसके लिए 'काला टीका' बहुत जरूरी होता है।

प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की चर्चा जरूर होगी। एक घटना को याद करते हुए कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और मतदान किया। एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। समिति या समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, किसान और कई अन्य विषयों पर सरकार की 'विफलताओं' का उल्लेख किया गया है। मोदी ने उनकी सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' लाने के लिए खरगे को धन्यवाद दिया और अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छों कामों के बीच इसे नजर न लगे जाए इसलिए उसे 'काला टीका' कहा ।

### वित्तमंत्री ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर रखा श्वेतपत्र

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र रखा। संसद में इस पर चर्चा इसी सत्र में कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपराह्न सदन की कार्यवाही के दौरान सदन पटल पर यह श्वेत पत्र रखा। सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि श्वेत पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और इससे पहले 2004 से 2014 के बीच की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दौरान अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक चिट्ठा प्रस्तुत किया जाएगा।

### एक नजर

#### राहुल बोले-प्रधानमंत्री मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं

**झारसुगुडा (ओडिशा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले परिवार में नहीं हुआ और वह खुद को ओबीसी बताकर लोगों को 'गुमराह' कर रहे हैं। राहुल ने ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतिम दिन कहा कि मोदी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ जो सामान्य जाति की श्रेणी में आता है। मोदी जी का जन्म घांची जाति के परिवार में हुआ था, जिसे 2000 में गुजरात में भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान ओबीसी सूची में शामिल किया गया।

#### दिल्ली में मेट्रो स्टेशन का हिस्सा ढहा, एक की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार (पूर्वी तरफ) का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था। पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है। डीएमआरसी गंभीर रूप से घायलों को पांच लाख और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देगी।

## हल्द्वानी में बवाल, थाना फूंका, कर्फ्यू

- जिलाधिकारी ने दिए दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश
- बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर अवैध निर्माण हटाने गई थी टीम
- पुलिस वाहन, सरकारी संपत्ति में लगाई आग

### हालात काबू में करने को बुलाई गई सेना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पर दंगा भड़क गया। उग्र भीड़ ने प्रशासन, नगर निगम टीम, पुलिस फोर्स और कवरेज कर रहे पत्रकारों पर पथराव व आगजनी कर दी। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया और दर्जनों बाइकों में आग लगा दी। अंधेरा होता ही फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पथराव व आगजनी में 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व लोग घायल हो गए। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए देरशाम सेना भी बुला ली गई है। एहतियातन पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

गुरुवार की शाम नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर निर्मित मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पहुंची। जैसे ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी और नगर निगम कर्मी पहुंचे वैसे ही उग्र भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, नारेबाजी और धक्कामुक्की शुरू कर दी। महिलाएं भी घरों से निकल आईं और रास्ते में ही बैठ कर दुआ करने लगीं। पुलिस ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और बवाल शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए लाठियां फटकारी, लेकिन भीड़ बेकाबू हो गई। जैसे ही जेसीबी मदरसा व मस्जिद पर चलने लगी, चारों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए कई राउंड आंसू गैस भी छोड़ी, लेकिन बवाल बढ़ता गया। जब तक आसपास के थानों से पुलिस फोर्स पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे।

शाम को हल्का अंधेरा होने पर उग्र भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों, बाइकों और बैरिकेड्स को आग के हवाले कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंका दिया। देर शाम तमंचों से फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पुलिस ने किसी तरह भीड़ के बीच फंसे प्रशासनिक अधिकारियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक बवाल जारी था।



उपद्रवियों द्वारा की गई आगजनी के बाद हालात पर नियंत्रण पाने के लिए भारी संख्या में तैनात सुरक्षाबल। ● अमृत विचार



दंगाइयों द्वारा फूंकी गई बाइक।

> नगर निगम व प्रशासन की टीम बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर निर्मित अवैध मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने गई थी। इस बीच उग्र भीड़ ने पुलिस फोर्स, प्रशासन, नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। आगजनी भी की गई। देर रात तक हालात को काबू करने के लिए पुलिस फोर्स मौके पर डटी हुई है। **-प्रहलाद नारायण मीणा,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल

### मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई आपात बैठक

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा दंगे को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को अपने आवास पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार तथा अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

## उप्र. को बीमारू राज्य बनाना राजनीतिक मानसिकता थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में बोले योगी
- औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी के 13 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है।

परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की। विभिन्न जिलों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र. में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में हमारी क्षमता को देखकर कोई उप्र. को कोई बीमार नहीं कहेगा।

**19 को मोदी रखेंगे 10 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला :** मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी उप्र. के चतुर्थ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इससे 33 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिलेगी। ये उद्योग जहां भी लगेंगे वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी, नए रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी।

## जयंत को लोस टिकट और पत्नी चारु को राज्यसभा की सीट!

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रालोद के एनडीए में जाने की चर्चाओं के बीच सामने आया समझौते का मसौदा
- एक दो दिन के भीतर ही गठबंधन की घोषणा संभव, राजग को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के एनडीए में शामिल होने की सुगबुगाहट के बीच प्रस्तावित समझौते का मसौदा भी चर्चा में है। भाजपा-रालोद के इस समझौते के तहत दिलचस्प यह है कि जयंत को उप्र. से लोकसभा का टिकट और पत्नी चारू चौधरी को राज्यसभा की सीट मिलना संभव है। इतना ही नहीं, योगी मंत्रिमंडल में भी एक कैबिनेट तो एक राज्यमंत्री बनाया जाना प्रस्तावित है।

एक दो दिन के भीतर ही नये समीकरणों की तस्वीर सामने आ सकती है। दरअसल, रामलला प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को देखकर रालोद मुखिया का मन बदला माना जा रहा है। वहीं, भाजपा भी मिशन 80 साधने को हर बाजी खेलना चाहती है। राजनीतिक चश्मे से देखें तो रालोद के लिए कांग्रेस और सपा के साथ मिलकर लोस चुनाव लड़ने से ज्यादा फायदा भाजपा से दोस्ती कर मनमाफिक लाभ पाना रहेगा। जहां राज्यसभा की सीट घर में ही रहेगी वहीं, भाजपा में शामिल होकर अगर मथुरा लोस का टिकट मिल गया तो क्या कहने?

वहीं, भाजपा की नजर से देखें तो मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद मंडल की 14 सीटों में से 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें ही जीती थी। रामपुर की सीट बाद में उपचुनाव में भाजपा के पास आ गई। अन्य पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। रालोद का सफाया हो गया है। ऐसे में अगर भाजपा-रालोद का एका हो गया तो राजग के मिशन 80 को मजबूती मिलेगी।

### रिजर्व बैंक ने छठी बार रेपो दर को 6.5 % पर बरकरार रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की तीन दिन की समीक्षा बैठक के बाद यह फैसला लिया।

## पुलिस की कम्प्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में सेंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गैंग का सरगना, सात अभ्यर्थी समेत 12 को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार:** परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी कम्प्यूटर स्क्रीन के आगे बैठकर केवल माउस हिलाता रहा और उधर सॉल्वर गैंग ने सिस्टम का एक्सेस लेकर खेल कर दिया। कहीं और नहीं उप्र पुलिस की ऑनलाइन कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा में ही सॉल्वर गैंग ने सेंध लगा दी। गैंग ने हाईटेक पुलिस के आर्टिफिशियल इंटिलीजेंस को भी चुनौती दे डाली। सरगना ने अभ्यर्थियों से 4 से 5 लाख रुपये इस कार्य के लिए वसूले।इस मामले में एसटीएफ ने गैंग का सरगना, सात अभ्यर्थी समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्यों ने दूर बैठकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न पत्र हल किए। एसटीएफ टीम ने उनके पास से तीन लैपटॉप, डेस्क टॉप कम्प्यूटर, आठ मोबाइल फोन, स्क्रीन शॉट, आठ एडमिट कार्ड बरामद किए हैं। यह मामला बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र की है। गिरफ्तार लोगों में गैंग का सरगना रचित चौधरी, शामली जिले के बाबरी थानान्तर्गत ग्राम भाजू का निवासी है, जबकि बागपत जिले ग्राम बिहारीपुर के रहने वाले कर्मवीर सॉल्वर है।





# नये भारत का नया उत्तर प्रदेश



"उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है"

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

"जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है"

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट :** 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

**देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट**
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे**
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

**सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज**
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

**उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण





**प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.63 करोड़ किसानों को 64,694 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

**पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना





**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन

**आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

**हर घर जल योजना** के तहत 2.03 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन





**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

**पीएम स्वनिधि योजना** के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

**स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित





**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

**पॉवर फॉर ऑल** के तहत 1.58 करोड़ घरों को नि:शुल्क बिजली कनेक्शन

**24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन** प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

**पीएम मित्र योजना** के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

**सेफ सिटी परियोजना** के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

**स्मार्ट सिटी परियोजना** में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

**मनरेगा** के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण

मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### जेल भेजा गया दहेज हत्या का आरोपी पति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को फतेहपुर कोतवाली पुलिस की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 10 दिन पहले क्षेत्र के सिहाली गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने पति पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में फरार आरोपी पति राजकुमार उर्फ कुंवारे को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपी दबोचे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर और नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने गुरुवार को 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को दबोचा। उसके बाद थाने लाकर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। घुंघटेर थाने की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के रमपुरवा मजरे अटहरा निवासी गया प्रसाद को 20 लीटर शराब व नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने लखपेड़ाबाग झोपड़पट्टी में रहने वाले देवेश को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### 35 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाकर गुरुवार को एक वारंटी व तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 35 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### अपहृता बरामद, अपहर्ता की तलाश में जुटी पुलिस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपहृत की गई युवती को गुरुवार को सफदरगंज पुलिस ने बरामद करने में सफलता प्राप्त की। उसके बाद उसका चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ ही विधिक कार्रवाई की गयी। वहीं पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# महादेवा के साथ देवा शरीफ में भी बने कॉरिडोर

## भाजपा में शामिल होने के बाद देवा नगर पंचायत अध्यक्ष ने उठायी आवाज

**मांग**
- वारिस सरकार के राम का ही अयोध्या में सपना हुआ साकार
- भाजपा में शामिल देवा नगर पंचायत अध्यक्ष से खास बातचीत

सतीश श्रीवास्तव, अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरकार (हाजी वारिस अली शाह) ने जो 'रब है वही राम' का संदेश दुनिया को दिया था। उन्हीं राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यटन विकास के लिए प्रयत्नशील हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि महादेवा के साथ-साथ देवा शरीफ में भी कॉरिडोर बनाकर इसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का सपना वे साकार करेंगे।


नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी।

भाजपा में शामिल होने के बाद देवा नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी ने अमृत विचार से खास बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह पहले से चाहते थे कि देवा में भारतीय जनता पार्टी का ही अध्यक्ष बने। चुनाव में ऐसा नहीं हो सका। इसलिए अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी के साथ रहकर ही देवा नगर पंचायत का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इसके लिए वह सबसे पहले नगर पंचायत क्षेत्र के विस्तार का प्रस्ताव पारित कर शासन को भेज चुके हैं। उनका प्रयास है कि देवा और देवा शरीफ का अच्छे से विकास हो। देवा शरीफ संपूर्ण विश्व में पर्यटन केंद्र के रूप में जाना जाता है। यहां आवश्यक सुविधाओं की कमी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह इसका पूरा विकास करेंगे।

देवा नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वे इसलिए भाजपा में शामिल हुए, क्योंकि भाजपा सबका साथ सबका विकास कर रही है। मुस्लिम समुदाय के भी गरीबों को बिना किसी भेदभाव के राशन मिल रहा है। उनके क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। मुसलमान भी अब भाजपा को पसंद करने लगा है। लोकसभा चुनाव नजदीक है, वह पूरी ताकत से प्रयास करेंगे कि यहां का मुसलमान बीजेपी को ही वोट दे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देवा नगर पंचायत का कार्यालय काफी पुराना है। कार्यालय के पुनर्निर्माण की जरूरत है। देवा में काफी संख्या में पर्यटक आते हैं जिनके लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना अब आवश्यक हो गया है। इस मामले में उन्हें सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जिस तरह विकास के रास्ते पर चल रही है उसे देवा कस्बे का भी जरूर विकास होगा। सड़कें चौड़ी होंगी। इसके लिए वह यहां के लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए पूरे दमखम के साथ कार्य करेंगे।

# छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका, बिगड़ी तबियत

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पांच वर्षो से मांटेसरी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा दो माह की फीस अदा नहीं कर पाई। अभिभावक ने स्कूल पहुंचकर फीस अदा करने के लिए मोहलत मांगी। मगर, कॉलेज प्रबंधतंत्र ने छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोक दिया। इससे सदमें में आई छात्रा की हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया।

मामला शिक्षा क्षेत्र त्रिवेदीगंज के भिलवल मकनपुर स्थित सूर्या पब्लिक स्कूल का है। कबूलपुर के दिलीप कुमार ने डीएम से की शिकायत में बताया कि उसकी पुत्री वर्ष 2018 से सूर्या पब्लिक स्कूल की छात्रा है। वर्तमान में आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण दो माह की फीस अदा नहीं कर सका। प्रबंधतंत्र से फीस चुकाने के लिए कुछ दिन का समय मांगा। मगर, विद्यालय प्रशासन ने छात्रा को परीक्षा में न बैठने देने का फरमान सुना दिया। बीएसए संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि छात्रा की चार माह की फीस बकाया होने को लेकर प्रबंधतंत्र से कुछ विवाद का मामला सामने आया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# एमडीएम की सब्जी में अधिक नमक पर बिफरे सीडीओ

## मसौली ब्लाक के दो विद्यालयों, सीएचसी बड़ागांव व पंचायत का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी ए. सुनथ ने गुरुवार को विकास खण्ड मसौली की आधा दर्जन से अधिक योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी के प्रथम निरीक्षण को लेकर अधिकारी एव कर्मचारियों में हलचल रही।

विकास खण्ड मसौली के ग्राम करपिया मे संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय का जायजा लेने से पूर्व विद्यालय परिसर के बगल में ही स्थित शिवमंदिर में सीडीओ अब्दुल सुनथ ने जलाभिषेक किया तथा आवासीय विद्यालय में शिक्षारत छात्राओं से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा शयनकक्ष एवं क्लॉस, कंप्यूटर कक्ष एव रसोई का निरीक्षण किया। छात्राओं को मैन्यू के हिसाब से मिलने वाले भोजन का चार्ट देखा तथा कक्षों की साफ सफाई के साथ रास्ते को सही कराने के निर्देश दिये। कम्पोजिट


निरीक्षण करने जाते मुख्य विकास अधिकारी ए. सुनथ। अमृत विचार

विद्यालय पहुंचे सीडीओ ने मिड डे मील योजना के तहत बनी सब्जी रोटी को चखा, सब्जी मे नमक ज्यादा होने पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कक्षा 5 की छात्रा अलसिफा से हिंदी तो कक्षा 7 के छात्र नसीम से बोर्ड पर लिखे हिंदी को पढ़वाया। लेकिन पढ़ न पाने पर नाराजगी जताते हुए दोनों बच्चों को आगे की लाइन में बैठाने के निर्देश दिये।

**सीएचसी बड़ागांव व पंचायत का भी किया निरीक्षण :** सीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे ओपीडी, दवा कक्ष, लेबर रूम, वैक्सीनेशन कक्ष का जायजा लेते हुए हेल्थ एटीएम से मौके पर मौजूद सादामऊ निवासी संजय कुमार वर्मा का स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा उनसे अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात ग्राम पंचायत बड़ागांव की कोटेदार सरिता वर्मा की सार्वजनिक वितरण की दुकान का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद कार्डधारक पप्पू गौतम से मिलने वाले खाद्यान्न के बारे मे जानकारी लेते हुए स्टॉक और वितरण पंजिका की जांच की। बीआरसी भवन बड़ागांव में चल रही शिक्षिकाओं के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागी शिक्षिकाओं से बच्चों की निपुणता के बारे मे जानकारी लेते हुए बेहतर शिक्षा देने के निर्देश दिये। वहीं ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर कंप्यूटर कक्ष, मनरेगा पटल, पंचम एवं 15 वें वित्त आयोग के अभिलेखों का जायजा लेते हुए आईजीआरएस और ब्लॉक दिवस में आने वाले मामलों के निस्तारण की जानकारी ली तथा ब्लॉक परिसर सहित सभागार और अन्य पटलों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीडीओ भूषण कुमार, बीएसए संतोष देव पाण्डेय, पीडी मनीष कुमार, बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### लाभार्थी से मिले, गोवंशों को खिलाया चना-गुड़

सीडीओ सुथन ने ग्राम पंचायत देवकलिया के मजरे मनिया चादा मे मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित पशुपालक रामकुमार की साहीवाल गाय को देखा तथा किसान से दूध उत्पादन की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को गाय पालने को प्रोत्साहित किया। गौ आश्रय स्थल मसौली में मौजूद केयर टेकरों से पशुओं के रखरखाव और चारा पानी की जानकारी ली। सीडीओ ने पशुओं को हरा चारा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए पशु चिकित्स्क डॉ. कमलेश कुमार को समय-समय पर गोवंशों की जांच के निर्देश दिये। उन्होंने गोवंशों को चना व गुड़ खिलाया।

## सार-संक्षेप

### शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू


सिरौली गौसपुर के बीईओ कार्यालय में प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक।

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं को लिखने, बोलने एवं व्याख्यान करने में सक्षम बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। प्रत्येक शिविर में 50 -50 शिक्षकों को एआरपी द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर गुरुवार को एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। इस अवसर पर सौरभ दीक्षित, नीरज तिवारी, शिवम् गुप्ता, संदीप कुमार, आनंद कुमार, नीलू राय, ऊषा कुमारी, अनिल कुमार, धीरेंद्र कुमार, शैलेश कुमार रावत, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### जुर्माने से निपटे तीन मामले

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में गुरुवार को अलग-अलग अदालतों ने अर्थदंड और न्यायालय उठने की सजा के साथ तीन मुकदमें निस्तारित किए। हैदरगढ कोतवाली में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के मामले में दोषी बहादुर निवासी मनोज कुमार सिंह को अपर मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक हजार रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। वहीं नगर कोतवाली मे लोक सेवक के कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपी मसौली थाने के मिर्जापुर निवासी सूर्य प्रकाश यादव को एक हजार रुपये अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने सुनाई। वहीं टिकैतनगर थाने में मारपीट के दोषी चिर्रा गांव निवासी ज्ञानचन्द्र, रामअभिलाष और राजित राम को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दो हजार रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया।

### कागजों पर टीकाकरण, तेजी से मवेशियों में फैली बीमारी

**हरख, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत अधिकांश गांवों के मवेशियों में खुरपका-मुंहपका बीमारी तेजी से फैल रही है। इससे पशुपालकों में हड़कंप मचा हुआ है। शिकायत के बावजूद पशुपालन विभाग मौन है। जिससे निजी पशु चिकित्सकों की चांदी है। हरख ब्लॉक के हरख गांव निवासी वेदप्रकाश की चार भैंस जो खुर व मुंहपका से पीड़ित हैं तथा इब्राहिमाबाद के मैकू पूरवा गांव के पशुपालक शिवनंदन, परशुराम, हरिनाम, नीरज कुमार, राम तीरथ, सुरेश कुमार सहित अन्य किसानों के पशुओं में यह बीमारी तेजी से फैली हुई है। ऐसी स्थिति में निजी पशु चिकित्सक पशुपालकों से मनमाने पैसे वसूल कर रहे हैं। इतना ही नहीं, यही हाल बाबा पुरवा, पीरपुर, धौरहरा, सैदहा झबियापुर नारायनपुर बरगदहा पंडरा, सहित दर्जनों गांवों में है। पशुपालन विभाग इस पर रोक थाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। किसानों का आरोप है कि टीकाकरण में एक डोज में आधा दर्जन पशुओं को लगाया जाता है। अथवा आधार कार्ड लेकर कागजों तक ही टीकाकरण सीमित रह जाता है। इस संबंध में ब्लॉक पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भानू प्रताप ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। टीम भेजकर जांच करने के बाद पशुओं का टीकाकरण कराया जायेगा।

### शिक्षकों के प्रयास से बची राष्ट्रीय पक्षी की जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्यालय के ठीक सामने खेत में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर कुत्तों के हमले से घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही इलियास पुर विद्यालय के सहायक अध्यापक समीर शर्मा ने तत्काल खेत स्वामी नानकसरन की सहायता से उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार देते हुए पशुधन प्रसार अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह से सम्पर्क किया गया उन्होंने त्वरित गति से एक्शन लेते हुए 15 मिनट के अंदर वन विभाग से सम्पर्क कर वन कर्मचारी सुमित कुमार को तत्काल घटनास्थल पर भेजा। जिसके बाद राष्ट्रीय पक्षी मोर को बचाया जा सका। वन विभाग से संपर्क साधने में उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवाजगंज के अध्यापक राम सागर वर्मा का भी सहयोग मिला।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रमुख


पूर्व प्रमुख की समाधि पर पुष्प अर्पित करते सपा कार्यकर्ता।

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** सपा के वरिष्ठ नेता व निंदूरा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख रहे डॉ. रामकृष्ण की 31 पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। पैतृक निवास स्थान भदेशिया में स्थित समाधि स्थल पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके इंद्रपाल यादव ने स्वर्गीय यादव के बारे में कहा कि डॉ. साहब को भुलाया नहीं जा सकता। उनके प्रयास से क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए हैं। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब यह संकल्प लेकर जाएं कि हम सबके लोकप्रिय नेता रहे यादव के मार्गदर्शन पर चलें। इस मौके पर रामलाल यादव, सुरेश यादव, कमलेश कुमारी, सरवन, कल्लू, गौतम रावत समेत कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


साईं पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अतिथि। अमृत विचार

### 203 छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये। बेलहरा रोड पर स्थित साईं पीजी कॉलेज में गुरुवार को सरकार की महत्वकांक्षी योजना के अन्तर्गत निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने 203 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये। इस दौरान राजरानी रावत, डॉ. रामकुमार गिरि, इक्ष्वाकु मौर्य, डा. आशुतोष राव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन के सदुपयोग और दुरुपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन साईं ग्रुप आफ कॉलेज के प्रबंधक विपिन राठौर ने धन्यवाद कर किया। इस मौके पर दिनेश चंद्र पांडे, डॉ रामू मौर्य, सतीश वर्मा तथा समस्त कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

बाराबंकी

**अमृत विचार :** सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गुरुवार को नगर कोतवाली के भीड़भाड वाले क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

गुरुवार को दोपहर बाद एसपी दिनेश कुमार के निर्देश पर एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीओ सिटी डा. बीनू सिंह, प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी, महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक मुन्नी सिंह और चौकी तथा कोतवाली की पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त कर भीड़भाड वाले स्थानों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों, दुकानदारों व आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया। वहीं सभी से शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। सीओ सिटी डा. बीनू सिंह ने कहा कि अगर, कोई अराजकतत्व सांप्रदायिक महौल बिगाड़ने का प्रयास करे या कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।


शहर में फ्लैग मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

**व्यवस्था** फर्जीवाड़े पर लगेगी लगाम, पहचान पत्र पर होंगे दो फोटो, अंतिम प्रकाशन के बाद बढ़े हैं 42,196 नए मतदाता

# नए मतदाताओं को मिलेंगे डिजिटल बार कोड वाले पहचान-पत्र

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पैन कार्ड और वाहन आरसी की तर्ज पर अब मतदाता पहचान पत्र भी आधुनिक और नए रूप में नजर आएंगे। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नए मतदाताओं को अब नयी तरह के मतदाता पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। इससे फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनाने और नकली वोट पर भी लगाम लगेगी। अंतिम सूची के बाद बढ़े 42,196 नए मतदाताओं को यह डिजिटल बार कोड वाले पहचान पत्र दिए जाएंगे।

नए मतदाता पहचान पत्र पर दो फोटो अंकित होंगे। इसमें एक मुख्य



फोटो रंगीन होगा जबकि दूसरा ब्लैक एंड व्हाइट छोटा फोटो कार्ड नंबर के साथ होगा। इसके अलावा आयोग की ओर से कोडिंग भी की गई है।

कार्ड पर गुप्त कोड और डिजिटल स्टांप के साथ-साथ पिछली तरफ बार कोड भी दिया गया है। जिसे स्कैन करने पर मतदाता की पूरी जानकारी मोबाइल या कंप्यूटर में खुल जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, नकली मतदाता पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया को खत्म करने की दिशा में आयोग ने यह कदम उठाया है।

10 साल पहले आयोग की ओर से डेबिट कार्ड की तरह प्लास्टिक के मतदाता पहचान पत्र जारी किए जाने लगे थे, लेकिन इसमें भी फोटो से छेड़छाड़ करके नकली मतदाता पहचान पत्र तैयार करने के कई मामले सामने आए। ऐसे में अब सख्ती करते हुए आयोग की ओर से दो फोटो और बार कोर्ड युक्त मतदाता पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया है। कार्ड पर आगे-पीछे मिलाकर कुल तीन जगह वोटर आईडी नंबर भी अंकित होगा। यह डिजिटल बार कोड वाले पहचान पत्र अंतिम मतदाता सूची में बढ़े 42,196 नए वोटरों को मिलेंगे।

### नये कार्ड पर अंकित नहीं होगा बूथ नंबर

मतदाता पहचान पत्र आधुनिक होंगे। मतदान सुरक्षा और फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने की दृष्टि से कई बदलाव किए गए हैं। नए कार्ड पर बूथ नंबर भी अंकित नहीं होगा। ताकि मतदाता का यदि घर का पता बदले तो उसे कार्ड नया न बनवाना पड़े। वहीं दो फोटो और बार कोड होने से नकली कार्ड नहीं बनाया जा सकेगा। इससे फर्जी वोटिंग पर लगाम लगेगी।

### डाक के माध्यम से वोटरों के घर भेजे जाएंगे कार्ड

लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में 42 हजार 196 नए वोटर बढ़े हैं। इन सभी को डिजिटल बार कोड वाले वोटर आईडी कार्ड मिलेंगे। यह पहचान पत्र चेन्नई में तैयार किए गए हैं। वोटर कार्ड मिलते ही डाक के माध्यम से संबंधित के घर तक पहुंचेगा।

**-सुनील पांडेय,** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी।

### चेन्नई से बनकर आएंगे डिजिटल बार कोड वाले कार्ड

आधुनिक मतदाता पहचान पत्र बनाने का कार्य आयोग की ओर से चेन्नई की एक कंपनी को दिया गया है। वर्तमान में जो युवा नई वोट बनवा रहे हैं, उन्हें यह नई तरह के मतदाता पहचान पत्र ही जारी किए जाएंगे। वोटर कार्ड बनवाने के लिए आयोग के एनवीएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, जिन मतदाताओं के पुराने कार्ड में संशोधन हैं या नए जारी करवा रहे हैं, उन्हें भी नये तरह के कार्ड जारी किए जाएंगे।

## एक नजर

### भाजपाइयों ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार** : फतेहपुर ग्राम पंचायत के ईसेपुर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ईसेपुर में लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनके सुझाव भी मांगे। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जिलामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा दीपचन्द जैन एवं शक्ति केन्द्र प्रभारी उदित नारायण वर्मा, बूथ प्रमुख विवेक रावत, बूथ सचिव अनुराग वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज कश्यप व उमाशंकर वर्मा, अनूप कुमार के साथ पूरे ग्राम का भ्रमण कर घर-घर संपर्क कर भाजपा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से उनके अहम सुझाव भी मांगे गये। भाजपाइयों द्वारा गांव चलो अभियान के तहत गावों में जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है।

### आपात स्थिति से निपटने को पुलिस तैयार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : पुलिस धीरे-धीरे चुनावी मोड में आने लगी है। पूर्व में हुई चुनावी संघर्ष की घटनाओं का अध्ययन करने के साथ अराजकतत्वों का चिह्नांकन कर उन्हें पाबंद कर रही है। वहीं अभियान चलाकर मिलावटी शराब व तमंचा बरामद कर कार्रवाई कर रही है। इतना ही नहीं, आपात स्थिति से निपटने के लिए भी पुलिस तैयार हो रही है। इसको लेकर असलहों और दंगा नियंत्रण यंत्रों की साफ-सफाई कर उनकी जांच भी की गयी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन पर गुरुवार को अभियान चलाकर पुलिस लाइन, थाना व चौकी के साथ कार्यालय को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए साफ- सफाई की गई। पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने थाना परिसर कार्यालय, भोजनालय, आवासीय परिसर के साथ शास्त्रागार की सफाई की।

# लेखपालों के कारण हो चुकी है प्रशासन की किरकिरी

**मनमानी**

- मलाईदार सर्किलों में लंबे समय से जमे लेखपालों का पुरानी सर्किल से नहीं छूट रहा मोह
- कहीं कब्रिस्तान की भूमि पर बनवा दी मार्केट, तो कहीं पर अधिकारियों पर हमले की बने वजह

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सदर तहसील में 12 से 14 साल से जमे हुए भूमाफिया के करीबी लेखपाल अब प्रशासन के लिए नासूर बनते जा रहे है। ये प्रशासन की किरकिरी कराने तक से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन के जिम्मेदार कार्रवाई करने की बजाय उल्टे मामले पर पर्दा डाल उनको बचाने का काम कर रहे हैं। हाल में ही ऐसे कई मामले सामने आए जिसमें प्रशासन की काफी किरकिरी हुई। एक जगह तो कब्रिस्तान की भूमि पर मार्केट बनवा दी। वहीं दूसरी जगह पैमाइश में खेल कर दिया। दोनों मामलों में शिकायत हुई तो दोबारा पैमाइश कर रिपोर्ट बदलनी पड़ी। इतना ही नहीं, मलाईदार सर्किलों से तबादले के बाद भी भूमाफिया के करीबी लेखपालों की पुराने क्षेत्र में सक्रियता अपनी खामियों को छुपाने के लिए पैमाइश आदि में दखल ही नहीं अधिकारियों पर हमले की बजह भी बन रही है।

पहला मामला नवाबगंज तहसील के दादरा का है। यहां पर स्थानीय लेखपाल ने भूमाफिया को लाभ पहुंचाने के लिए कब्रिस्तान की भूमि पर मार्केट बनवा दी। इसकी शिकायत नवंबर 2023 में हुई तो क्षेत्रीय लेखपाल ने भूमि गाटा संख्या 1701 व 1693 के संबध में रिपोर्ट दी की गाटा संख्या 1701 पर अवैध कब्जे का बेदखली का वाद विचाराधीन है। वहीं गाटा संख्या 1693 कब्रिस्तान मौके पर रिक्त है। एसडीएम ने इसका निस्तारण भी दिसंबर 2023 में कर दिया। इसकी शिकायत फिर जनवरी 2024 में हुई तो दोबारा क्षेत्रीय लेखपाल ने रिपोर्ट लगाई कि गाटा संख्या 1701 पर अवैध अतिक्रमण का वाद विचाराधीन है। वहीं गाटा संख्या 1693 कब्रिस्तान की भूमि पर आंशिक निर्माण पाया गया। मगर, भिन्न- भिन्न रिपोर्ट देने वाले लेखपाल पर कार्रवाई नहीं हुई। गत माह बडेल में जमुरिया किनारे पैमाइश में भी लेखपालों की टीम ने बड़ा खेल कर काश्तकार की पूरी जमीन बंजर खाते में निकाल दी। इसकी शिकायत पर दोबारा पैमाइश हुई तो उसकी बंजर खाते में बताई गई जमीन बच सकी। हाल में ही सफेदाबाद में नायब तहसीलदार पर एसयूवी वाहन चढ़ाने के प्रयास का केस नगर कोतवाली में दर्ज किया गया था। इसके पीछे का सच कुछ और है। सूत्रों की मानें तो यहां पर चक मार्ग की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करने पर राजस्व की टीम पैमाइश करने गई तो यहां पर पहले तैनात लेखपाल भी साथ में गए। जहां पर लेखपाल खामियों को छिपाने का प्रयास कर रहे थे। बात बिगड़ी और विवाद हो गया। वहीं माती में भी पैमाइश के दौरान पूर्व के लेखपाल के दखल के कारण राजस्व टीम को भागना पड़ा था।

**जांच में दोषी पाये जाने वाले लेखपालों पर होगी कार्रवाई**

इन मामले में आरोप सही पाए गए है। पूरे मामले की जांच तहसीलदार से कराने के बाद दोषी पाए जाने वाले लेखपालों पर कार्रवाई की जाएगी।

-**विजय त्रिवेदी**, एसडीएम सदर

# शिक्षा से ही दूर होंगी कुरीतियां

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बरगदहा में लगाया महिला सशक्तिकरण शिविर

**कार्यक्रम**

- महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक
- टीआरसी लॉ कॉलेज के छात्रों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करती हुई सचिव नाजनीन बानो। अमृत विचार

**अमृत विचार** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा गुरुवार को महिला सशक्तिकरण के जागरूकता के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन ग्राम बरगदहा सतरिख देहात में किया गया। कार्यक्रम की अध्क्षता प्राधिकरण की सचिव नाजनीन बानो ने की। शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज में व्याप्त कुरीतियां दूर होंगी।

शिविर में न्याय विभाग, प्रशासनिक विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के द्वारा सहभागिता की गई और उपस्थित जनमानस की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया। वहीं टीआरसी लॉ कालेज में स्थापित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एड क्लीनिक के विधि छात्रों द्वारा गांव में लीगल एड क्लीनिक लगाकर लोगों को समस्याओं को सुना गया। विधि छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संविधान में दिये गये महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। नाजनीन बानों द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, पीसीपीएनडीटी एक्ट, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पाक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य अश्विनी गुप्ता, डॉ. मंजय यादव, नवीन सिंह, दीपमाला श्रीवास्तव, अजमद अंसारी, शिव गोपाल पाण्डेय, डॉ. प्रीती, डॉ. परितोष, डॉ. शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आजादी की लड़ाई में भाजपा नेताओं का कोई योगदान नहीं : पुनिया

**बाराबंकी, अमृत विचार** : आजादी के समय से अब तक देश के निर्माण में कांग्रेस और नेहरू गांधी परिवार का बड़ा योगदान रहा है। आजादी की लड़ाई में भाजपा के किसी नेता का कोई योगदान नहीं रहा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। ये बातें पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने विकासखंड सूरतगंज के ग्राम चन्दूरा में बूथ स्तर के सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के इतिहास पर चर्चा के दौरान कही।

सम्मेलन की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन तथा संचालन महासचिव नेक चन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेंद्र, अनूप, भूपेंद्र, माधव राम, अन्नू गौतम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


### दूसरे स्थान पर गल्ला गोदाम बनाने पर भाकियू का प्रदर्शन



धरना देते भाकियू के कार्यकर्ताओं को समझाते तहसीलदार। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : अन्नपूर्णा गल्ला गोदाम गलत स्थान पर बनाये जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। मांगों का ज्ञापन तहसीलदार का सौंपा। तहसीलदार के आश्वासन पर भाकियू के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिंझना में अन्नपूर्णा गल्ला गोदाम बनाने के लिए बजट आया था। इसका स्थान परिवर्तित कर ग्राम सैन्दर में निर्माण शुरू करा दिया गया। इसके विरोध में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र गुट) के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव का कहना है कि लेखपाल, प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से यह कार्य किया जा रहा है। खिंझना में प्रस्तावित स्थल पर गढडा दिखाकर गोदाम को सैन्दर में बनाने का प्रस्ताव कर दिया था। इस पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत के किनारे के कई मजरे तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर हैं यदि गोदाम बनाया जाये तो ग्राम पंचायत सैन्दर में बनाया जाये। वार्ता करने पहुंचे तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने कहा कि मामले की स्थलीय जांच की जायेगी। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। इस आश्वासन पर भाकियू ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस मौके पर जिला महासचिव प्रेम सिंह, सन्तोष सिंह समेत अन्य किसान मौजूद थे।

### अभियान चलाकर हटाया गया अतिक्रमण



अतिक्रमण हटवाने के दौरान मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : कस्बा देवा में गुरुवार को नगर पंचायत देवा और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया और दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर समूचे कस्बे में पूर्व में ही ऐलान करवाया गया था। जिस क्रम में गुरुवार को नगर पंचायत देवा के अधिशासी अधिकारी सीएल तिवारी व कस्बा इंचार्ज कृष्ण देव सिंह के नेतृत्व में कस्बा देवा के मजार रोड, फतेहपुर मार्ग, बाराबंकी रोड व कुर्सी मार्ग पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया और मार्गों पर अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, गुफरान, अर्जुन सिंह, नगर पंचायत देवा के सफाई नायक सोहन बाल्मीकि सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने चेयरमैन का किया स्वागत



देवानगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी का स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : नगर पंचायत देवा के चेयरमैन हारुन वारसी के भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर उन्हे बधाई दी और स्वागत किया।

आदर्श नगर पंचायत देवा के अध्यक्ष हारून वारसी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद गुरुवार को भाजपा के देवा मंडल अध्यक्ष पुनीत मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नपं कार्यालय पहुंचकर चेयरमैन के भाजपा में शामिल होने की बधाई दी और स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने चेयरमैन हारून वारसी के साथ सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर माथा टेका। इस मौके पर भाजपा नेता महामंत्री रामलखन मिश्रा, आकाश शुक्ला, जमील अहमद, उमेश रावत, श्रीपाल लोधी, विशाल सोनी, दीपक मिश्रा, अजय सिंह, मुईन अहमद, सूजा अहमद, बब्लू यादव, शिवकुमार जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

## पछुवा हवा ने कम की धूप की गर्माहट, शाम होते ही बढ़ी गलन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पिछले दो दिनों से खिल रही धूप से मौसम सामान्य हो गया है लेकिन बादलों की आवाजाही के बीच तेज पछुआ हवा चलने से ठिठुरन बरकरार है। लिहाजा, धूप खिलने पर भी लोगों को ठंड से निजात नहीं मिली। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पारे में उतार-चढ़ाव के साथ मौसम का मिजाज फिलहाल सर्द बने रहने की संभावना है। इसके अलावा पछुआ हवा चलने से लोगों को ठंड से राहत तो मिली है। वहीं धूप निकलने से बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। हालांकि 22 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली सर्द पछुआ हवाएं ठिठुरने को मजबूर कर रही हैं

### बंदर के आंतक से ग्रामीणों में दहशत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : वन क्षेत्र रामनगर के शेखपुर अलीपुर गांव में पिछले 10 दिनों से एक बंदर का आतंक चरम पर है। बंदर अब तक करीब एक दर्जन लोगों को काटकर घायल कर चुका है। उसने सबसे अधिक बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाया है। वन क्षेत्राधिकारी शहजादा इस्माइलुद्दीन ने बताया कि किसी का पालतू बंदर छूट गया है। शिकायत के बाद उसे पकड़ने के लिए टीम भेजी गई है, बहुत ही जल्द उसे पकड़ लिया जाएगा।

# मेडिकल स्टोर पर चल रहा था नशे का कारोबार

**गोरखधंधा**

- डीएम के आदेश पर हुई छापेमारी, सीज की गयीं दवाएं
- भनक लगते ही शटर गिराकर चले गए कई दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : जीवन रक्षक दवाओं के नाम पर कई मेडिकल स्टोर नशे का कारोबार कर रहे थे। जिलाधिकारी के आदेश पर ऐसे मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा गया तो कुछ दुकानदार शटर गिरा कर भाग खड़े हुए। कई मेडिकल स्टोरों में नारकोटिक्स श्रेणी की दवाएं बिकती पाई गयीं। ऐसी दवाई सीज कर दी गयीं।

खुलेआम नशे के कारोबार की भनक लगते ही डीएम और एसपी ने औषधि विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम को छापा मारने के निर्देश दिए। थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत पीरबटावन क्षेत्र स्थित मेडिकल स्टोर पर जीसी श्रीवास्तव सहायक आयुक्त (औषधि) अयोध्या मण्डल, सुमित कुमार वर्मा औषधि निरीक्षक अयोध्या एवं सीमा सिंह औषधि निरीक्षक बाराबंकी द्वारा सीओ डॉ. बीनू सिंह के निर्देशन में पुलिस बल सिटी चौकी प्रभारी महिला थाना के साथ कतिपय मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। इनमें एके मेडिकोज में नारकोटिक्स श्रेणी कि औषधियां मिलीं। कृष्णा मेडिकल स्टोर की जांच में भी एससीएच-एच-1 श्रेणी की औषधियों के बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने के दृष्टिगत कुल 4450 रुपये मूल्य की औषधियों को सीज किया गया। नवीगंज स्थित अतूफा मेडिकल स्टोर की भी जांच में भंडारित औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों की जांच के क्रम में उपरोक्त मेडिकल स्टोर्स परऔषधियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई तथा पायी गयी कमियों के संबंध में कारण बताओ नोटिस दिया गया है।


**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु
03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता- उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट- इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान - उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SHOMU JAISWAL था अब मैने बदलकर अपना नाम SOMU JAISWAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: KANHAIYA LAL JAISWAL R/O 545-KA/MC-LC-2578, HAIDAR GANJ-3, MANAK NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में गलती से कलावती पत्नी राम धीरज दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम **फूलमती पत्नी राम धीरज, निवासी- ग्राम भण्डहा पोस्ट पड़री कृपाल जिला गोंडा** है।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम GULEMA DEVI था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम MULEMA रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। W/O LALTA PRASA PAL VID KANPA MADHUPUR, POST- KANPA PA PRATAPGARH, UP

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपनी बेटी का नाम सोना कपूर से बदलकर रिदमा कपूर कर दिया है। भविष्य में उसे रिदमा कपूर नाम से जाना-पहचाना जाये। **सागर कपूर, 3/240, विपुल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा पहले नाम राधा रानी पत्नी सहूराम था। मैं इसी नाम से जानी जाती थी। मैनें अपना नाम राधा रानी से बदलकर फिरकरी पत्नी साहूराम कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। - **फिरकरी पत्नी साहूराम निवासी- ग्राम- अमरैया खुदादभारी, कोतवाली नानपारा, जिला बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **मलिक फैयाज अहमद पुत्र- मलिक अब्दुर्रऊफ, निवासी- बी-32 अबरारनगर, कल्यानपुर, पो0- विकास नगर लखनऊ।** मेरे मार्कशीट में मेरे पिता का नाम MALIK ABDUL RAUF है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों (आधार, पैन व डी0 एल) में मेरा पिता का नाम MALIK, ABDUR, RAUF है। जो कि सत्य व सही है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र शिवांश द्विवेदी की जन्मतिथि 25/4/2013 है। जबकि स्कूल में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 25/4/2011 अंकित हो गयी है। शिवांश द्विवेदी के समस्त अभिलेख में उसकी जन्मतिथि 25/4/2013 अंकित है जो कि पूर्णतया सत्य है और उसकी यही जन्म तिथि वास्तविक मानी जाय। - **ममता द्विवेदी पत्नी अनुपम द्विवेदी निवासी कान्धापुर गिरधारी दूबे का पूरा थाना जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर**





# उपेक्षित सरेनी को खेवनहार का इंतजार, विकास नहीं, हुआ सिर्फ छलावा

**अनदेखी**

- सड़क, पेयजल समेत कई सुविधाओं से जूझ रहे लोग, टाउन एरिया घोषित करने की मांग

अशोक श्रीवास्तव, सरेनी, रायबरेली



सरेनी ब्लॉक कार्यालय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वैसे तो सरेनी ब्लॉक जिले के अंतिम छोर पर बसा है। मुख्यालय से दूरी अधिक होने का दंश स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आजादी के पूर्व से लग रही सरेनी बाजार आज भी विकास की किरणों से कोसों दूर है। पेयजल व जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़कें अतिक्रमण के चलते गलियारों में तब्दील हो चुकी हैं। तालाबों पर कब्जे कर लिए गए हैं। लोगों ने इसे टाउन एरिया घोषित किये जाने की मांग की है।

सरेनी बाजार चार ग्राम पंचायतों के बीच में स्थित है। इनमें लखनापुर, सरेनी, धूरेमऊ व खानपुर ग्राम पंचायतें शामिल हैं। बाजार के मध्य से लालगंज-भोजपुर, सरेनी-पूरे पाण्डेय दो मुख्य मार्ग हैं। जबकि लखनापुर, धूरेमऊ, मौनी मोहल्ला, सरेनी-वनपुरवा, सेमरी व सरेनी-पूरे छीटू (सीएससी) मार्ग और सरेनी में मस्जिद से विद्युत उपकेंद्र तक के छोटे-छोटे मार्ग भी जुड़े हैं। इन सभी मार्गों पर अतिक्रमण से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। जल निकासी के लिए सरेनी- पूरे पांडेय रोड पर बनवाई गयी पक्की नाली भी पट चुकी है। लालगंज मार्ग पर सड़क के किनारे नाली बनवाई ही नहीं गई, जबकी लखनापुर मार्ग सहित अन्य मार्गों पर जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं। धूरेमऊ रोड पर बनवाए गये पक्के नाले की दीवारें एक माह में ही सत्संग स्थल के पास ध्वस्त हो गई। जल निकासी की मजबूत व्यवस्था न होने से हल्की बारिश में बाजार में पानी भर जाता है। होटलों से फेके जाने वाले दोना पत्तल समेत अन्य दुकानों के खराब सामग्री पानी में उतराने से बाजार की नारकीय हालत हो जाती है। गंदगी, बदबू व सड़ांध से लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। समाजसेवी


राघवेंद्र सिंह।


अरविंद मिश्र।


सुंदर सिंह सिकरवार।


भीम सिंह।

राघवेंद्र सिंह, अरविंद मिश्र, सुंदर सिंह सिकरवार, भीम सिंह पूर्व प्रधान धुरेमऊ) का कहना है कि बाजार में एक भी शौचालय नहीं है। पेयजल की टंकी का बोर डेढ़ साल पहले फेल हो चुका है। इसके बाद से चारों ग्राम पंचायतों के लोग शोर मचा रहे हैं, किन्तु रिबोर न होने से पानी की किल्लत जस की तस बनी हुई है। लोग होटलों से पानी लेकर अपनी प्यास बुझाते हैं।

### तालाबों पर बने पक्के मकान बारिश में सड़कें होतीं लबालब

सरेनी, लखनापुर व धूरे मऊ ग्रामपंचायतों के जिन तालाबों में साल भर पानी भरा रहता है। उन पर कई-कई मंजिला मकान बन चुके हैं। तालाबों व सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग लोग कई वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन नेताओं की उदासीनता व प्रशासनिक अनदेखी से बाजार की नारकीय स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है। बारिश में सड़कें पानी से लबालब हो जाती हैं। सरेनी-पूरे पांडेय मार्ग पर कोतवाली, इंटर कालेज, जूनियर हाईस्कूल, शहीद स्मारक, पशु चिकित्सालय व ब्लॉक मुख्यालय, कृषि रक्षा इकाई, सहकारी बैंक आदि स्थित हैं, लेकिन यह सड़क अतिक्रमण के चलते सिकुड़कर आधी रह गई है। यहां अक्सर जाम लगा रहता है।

### 20 हजार की आबादी को टाउन एरिया बनने का इंतजार


धर्मेंद्र धाकड़


योगेश सिंह


अनूप पांडेय।

चारों ग्राम पंचायतों की आबादी मिलाकर 20000 से भी ज्यादा है, लेकिन बाजार को अभी तक टाउन एरिया का दर्जा नही दिया गया है। क्षेत्र के धर्मेन्द्र धाकड़, योगेश सिंह, अनूप पांडेय का कहना है कि बाजार में बस स्टैंड की भी सुविधा नहीं है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर 1942 में आजादी के दीवानों ने अपना खून बहाया हो, उसकी अनदेखी समझ से परे है। स्थानीय नागरिकों ने बाजार को टाउन एरिया बनाये जाने की मांग की है, ताकि चतुर्मुखी विकास कराया जा सके।

**शोपीस बना स्वास्थ्य केंद्र लखनापुर**

लखनापुर की कीमती जमीन पर 1971 में बनवाया गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शोपीस बना हुआ है। 10 साल पूर्व जब सीएचसी का निर्माण तीन किलोमीटर दूर गोविंदपुर में हो गया, तब से यहां चिकित्सीय सुविधाएं ठप हैं।

**एक नजर**

### अभिभावक-शिक्षक बैठक में की गई चर्चा

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय मैनाहार कटरा में अभिभावक - शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता राजाराम ग्राम प्रधान मैनाहार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत एसएसी अध्यक्ष धनीराम, पूर्व प्रधानाध्यापक रामखेलावन यादव ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम में निपुण भारत अभियान, डीबीटी, कन्या सुमंगला योजना, अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों पर चर्चा की गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य नन्हे लाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री राबिया बेगम, रमेश कुमार, राहुल निर्मल, वंदना, ममता, कल्पना आदि मौजूद रहे।

### वांछित को दबोचा

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज पुलिस ने फरार चल रहे गैंगेस्टर एक्ट के वांछित इनामियां को गुरुवार की सुबह सिरसा घाट सई नदी पुल के समीप गिरफ्तार कर लिया। वांछित पांच हजार का इनामियां अली जान पुत्र अली मोहम्मद निवासी सैदनपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी है। उसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि अली जान के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

### रिपोर्ट दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी लापता हो गई। पीड़िता पिता ने शाहपुर निवासी धर्मेंद्र गौतम पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में मिलीं खामियां, लगाई फटकार

## दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार :** शासन के दिशा निर्देश पर ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें मानक के विपरीत ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी व जल निगम के एई ने जांच करने दौरान कमियां मिलने पर जमकर फटकार लगाई।


निर्माण की गुणवत्ता को देखते दिव्यांग कल्याण अधिकारी और जेई जल निगम।

जगतपुर विकास क्षेत्र के अंतर्गत 2022-23 में छह ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रस्ताव भेजे गए थे। जिसमें निर्माण ग्राम पंचायत कर रही। इस दौरान मानक का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पूरे बनिया में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का कार्य संतोषजनक पाया गया। हेवतहा नेवढ़िया में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण शुरू हो गया है। जिसमें ईट में कमी होने पर फटकार लगाई गई है। भीख ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में जमकर मनमानी की गई है, जहां पर मौरंग, गिट्टी, ईट व सरिया में जमकर गड़बड़ी की गई है। रामगढ़ टिकरिया में सिर्फ आंगनबाड़ी केंद्र की नीव की खुदाई की गई है। जिसको लेकर जल्द निर्माण करने के निर्देश दिए गए छीछेमऊ में आंगनबाड़ी निर्माण केंद्र में पिलर, कालम, सरिया, सीमेंट ईट में सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं। सराय श्री बक्श में निर्माण तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्य अंसंतोषजनक पाया गया, जिसको लेकर निरीक्षण कर्ता जल निगम के एई जगदीश व जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मनीष मिश्रा ने नाराजगी जताई है। जब इस बाबत जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मनीष मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की हकीकत देखी गई, जिसमें सभी निर्माण केंद्रों पर अनियमितता पाई गई है जिसमें सुधार लाने के लिए निर्देश दिए गए व रिपोर्ट बनाकर निरीक्षण की कमियों को उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। सीडीपीओ सत्यजीत सिंह भी मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटर ने ग्रामीण को दी जान से मारने की धमकी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** कोतवाली में सूचीबद्ध अपराधी ने गांव के एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दी है। यही नहीं, पुलिस ने उल्टा पीड़ित के विरुद्ध ही तोड़फोड़ की प्राथमिकी दर्ज कर ली। पीड़ित ने रिकॉर्डिंग के साक्ष्य समेत कोतवाली में शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे बकिया का है। गांव निवासी शुभम कुमार का कहना है कि पड़ोस के गांव इटौरा बुजुर्ग निवासी एक शातिर सूचीबद्ध अपराधी ने उसे फोन कर उसे व भाई को जान से मारने की धमकी दी है। ऊंचाहार के तत्कालीन कोतवाल ने उल्टा उसके विरुद्ध ही तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज कर दिया जिससे पूरा परिवार परेशान व भयभीत है। पीड़ित ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर नए कोतवाल को जानकारी दी।

# कोंसा ग्राम पंचायत से शुरू हुआ गांव चलो अभियान

सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार :** भाजपा क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने गुरुवार की दोपहर क्षेत्र के कोंसा ग्राम पंचायत से पार्टी की मंशानुरूप 'गांव चलो अभियान' का शुभारंभ किया। इस दौरान अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा भी की गई। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा विस्तारक देवेश शुक्ला ने कहा कि इस अभियान के तहत हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को गांवों में जाकर वहां के लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही जो अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित है उनका डाटा भी एकत्र करना है।


कोंसा ग्राम पंचायत में भाजपा के गांव चलो अभियान में मौजूद पार्टी के पदाधिकारी।

उन्होंने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जायेगा, जिसमें पहला चरण ग्राम पंचायत कोंसा में शुरु किया गया है जो 11 फरवरी तक चलेगा। इसी तरह प्रत्येक शक्ति केंद्र में एक से दो चरणों में यह अभियान चलेगा, जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने संबंधित बूथ पर रहेंगे और इसके लिए बूथ प्रभारियों को सभी आवश्यक गतिविधियां करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस बार भाजपा पार्टी के लिए समर्थन जुटाने और रायबरेली की संसदीय सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास 'भाजपा गांव चलो अभियान' के द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान के तहत हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट पाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कोंसा शक्ति केंद्र संयोजक अजय बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर लोधी, मीडिया प्रभारी गौरव तिवारी, मंडल संयोजक अनिल शुक्ला, गांव चलो अभियान ग्राम के सभा संयोजक तिलक सिंह, प्रभारी विजय शंकर दीक्षित, वीरेंद्र दीक्षित, प्रेम शंकर पांडेय, बूथ अध्यक्ष प्रदीप तिवारी आदि रहे।

# पुलिस महकमे में फेरबदल से कई थानेदारों ने ली राहत की सांस

**रायबरेली, अमृत विचार :** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने महकमे में देर रात तबादला किए थे। तबादले से पहले कई थानेदारों के ऊपर कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। लेकिन शायद अभी एसपी ने उन्हें और सुधरने का एक मौका दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के आने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि जिले में तैनात उन थानेदारों पर कार्रवाई होगी जो बेहतर ढंग से अपने कार्य को नहीं कर पा रहे हैं।

एसपी ने तबादले से पहले दो बार अपराध समीक्षा बैठक की। इसमें थानेदारों को नसीहत दी थी। जिसमें कई थानेदारों को उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वह लोग अपनी कार्यशैली में सुधार कर ले। ऐसे में अंदाजा था कि कई थानेदारों को चार्ज से हटा नए लोगो को मौका दिया जा सकता है लेकिन एसपी ने सिर्फ ऊंचाहार कोतवाल को ही कोतवाली के प्रभार से हटाया है। जबकि एसपी के निशाने पर खीरो, भदोखर, सरेनी, गुरुबक्सगंज सहित कई थानेदार थे। बुधवार रात हुए महकमे में फेरबदल के बाद कई अपनी थानेदार कुर्सी बचाने में सफल हो गए। इससे राहत की सांस ली। हालांकि, अभी आगे भी कई तबादले हो सकते हैं।

**सार-संक्षेप**

### कार्यशाला में बूथ पर मजबूत होने का दिया संदेश


कार्यशाला में बोलते प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** लंबे अर्से बाद कांग्रेस के किसी आयोजन में भारी भीड़ देखने को मिली है। ब्लॉक पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, ग्रामसभा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष की कार्यशाला में भीड़ देखकर नेता भी उत्साहित हुए और उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए अभी से लग जाए। भारी मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए दिन-रात मेहनत करना है। पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की ताकत होती है। बूथ पर हम सबको मजबूती से खड़ा होना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिस तरफ से निकल रही है, वहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन बहुत अच्छा संगठन है। बूथ पर और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है। जिला उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री ने कहा कि हम सबका प्रयास है कि 2024 के चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 80 से 85 फीसदी मत कांग्रेस को मिले। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शम्भू शरण पाल, जिला सचिव अनिरुद्ध दीक्षित, शैलेंद्र सिंह, हाफिज रियाज, डॉ राकेश यादव, कृष्णमूर्ति शुक्ला, मेहंदी हसन, मोहम्मद आजम, केदार सिंह, रामखेलावन पासी, शिवकरन तिवारी, बाबा भीखम दास,अरुण सिंह, शहनाज, रेखा विश्वकर्मा, सदाशिव वर्मा, अमरेंद्र सिंह, डॉ. राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में बैठक कर दिए दिशा-निर्देश


बैठक में मौजूद सीएमएस महेंद्र मौर्य व अन्य।

**रायबरेली, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में संचालित संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के प्रबंधक मुकेश मौर्य की अध्यक्षता में एसएसके एडवोकेसी मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र मौर्य, उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. रिजवान, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. राजेंद्र शर्मा, एसएसके नोडल अधिकारी डॉ. रिचा त्रिपाठी, लैब टेक्नोलॉजिस्ट डॉ. आरबी यादव, दिलशाद अहमद, रीतू आदि लोग मौजूद रहे।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 11 घायल व 5 गंभीर

**सलोन,रायबरेली, अमृत विचार :** रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें दोनों तरफ से 11 लोग घायल हो गए। 5 की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम खतियारा निवासी सर्वेश मौर्या पुत्र रविशंकर और अरमान पुत्र मो. शकील में रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार को कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के लोग लाठियों से एक-दूसरे पर प्रहार करने लगे। घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों को गंभीर चोटे आई हैं। अरमान की तरफ से शकीला बानों, वहीदुन, शकील, महरुन निशा व शकीना को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सबीना बानों, अरमान व सुलेमान का सीएचसी में इलाज के बाद घर भेज दिया गया जबकि दूसरे पक्ष से सर्वेश मौर्या, उसकी मां व बहन घायल हुए है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पाल ने बताया कि रास्ते को लेकर मामूली कहासुनी के बाद विवाद हुआ है। प्रथम पक्ष से अरमान की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष से सर्वेश की तहरीर पर जांच के लिए बीट सिपाही को मौके पर भेज गया है जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# कप पर रायबरेली ने किया कब्जा


जीत पर खुशी जताते खिलाड़ी। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार :** मिनी ग्रामीण स्टेडियम में कलुई खेड़ा स्टार क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित साप्ताहिक सद्भावना क्रिकेट कप के फाइनल मुकाबले में रायबरेली की टीम विजेता बनी। फाइनल मैच में श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी रायबरेली और स्टार क्रिकेट अकादमी के बीच निर्धारित 30 ओवरों का मैच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रायबरेली की टीम ने 216 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार क्रिकेट अकादमी 121 रन पर आउट हो गई। मुख्य अतिथि डॉ. एसएम सिंह, आयोजन के अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी, शिक्षक देवराज सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला, दीपक अवस्थी, पंकज तिवारी, देवेश शर्मा आदि रहे।

### खंभे से खोल ले गए मीटर बाक्स, पसारा अंधेरा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग का संविदाकर्मचारी गांव के खंभे में लगा कट आउट बाक्स निकाल ले गए, जिसके कारण गांव की करीब पांच सौ की आबादी पांच दिन से अंधेरे में है । ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीओ से की है । मामला नगर से जुड़े गांव मदारीपुर का है। गांव के बिजली के खंभे में कट आउट बाक्स लगा हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि पांच दिन पूर्व बिजली विभाग का एक संविदाकर्मी वहां पहुंचा और कटआउट बॉक्स निकाल ले गया। उसने ग्रामीणों को बताया कि यह बॉक्स उपकेंद्र में जमा होना है। ग्रामीणों ने जब उपकेंद्र में जानकारी की तो पता चला कि बाक्स उपकेंद्र में जमा नहीं हुआ है। गांव में लो-वोल्टेज की समस्या है जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। गुरुवार को गांव के प्रधान रामफेर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीओ से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। महेश कुमार, सुशील कुमार, रानी, कंचन, जगदीश आदि रहे।

# डिप्टी सीएम को दिया आमंत्रण पत्र

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार :** संकट मोचन मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। 22 फरवरी को होने वाले समारोह में क्षेत्र में साधु-संतों का जमावड़ा लगेगा। इस संबंध में बड़ा मठ महामंडलेश्वर ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रितकिया। इस दौरान उन्होंने गंगा तट पर विभिन्न घाटों का निर्माण पर्यटन केंद्र स्थापित करने का भी आग्रह किया। डिप्टी सीएम ने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द कदम उठाने की बात कही।

डलमऊ कस्बे के गंगा तट के किनारे स्थित के संकट मोचन मंदिर परिसर में 22 फरवरी 2024 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ के स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज द्वारा गुरुवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिले। डिप्टी सीएम को कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रण पत्र देते हुए धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया। डिप्टी सीएम से मुलाकात के दौरान स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज के साथ स्वामी दिव्यानंद द्वारा गंगा तट पर जर्जर और अव्यवस्थित अवस्था में स्थित विभिन्न घाटों के नव निर्माण और सुंदरीकरण का कार्य करवा कर पर्यटन केंद्र स्थापित करने के लिए भी आग्रह किया गया, जिससे डलमऊ क्षेत्र का समुचित विकास हो सके और पर्यटन के रूप में जाना जाए। स्वामी दिव्यानंद ने बताया कि आमंत्रण पत्र को सहज स्वीकार करते हुए डिप्टी सीएम ने डलमऊ गंगा तट के जर्जर घाटों के सुंदरीकरण कराने का आश्वासन दिया गया है।


उप मुख्यमंत्री के साथ महामंडलेश्वर।

**आयोजन** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में आयोजन, बच्चों ने अलग-अलग प्रदेशों के व्यंजनों के लगाए स्टॉल

# सामुदायिक भोज में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय गोरा बाजार में सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया जो भारत के विभिन्न राज्यों के पहनावे व उनके व्यंजन की थीम पर आधारित था। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अलग-अलग स्टाल लगाकर भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत किया।



सामुदायिक भोज में अलग-अलग प्रदेश के व्यंजनों के लगाए गए स्टॉल। अमृत विचार

सामुदायिक भोज का शुभारंभ प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक आरबी शर्मा और द्वितीय पॉली के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार के द्वारा किया गया। भोज में प्रत्येक कक्षा के हर एक वर्ग को एक भारतीय राज्य की थीम दी गई। बच्चे उसी राज्य के भोजन अपने घरों से तैयार करवाकर कर लाये और उस कक्षा वर्ग के दो प्रतिनिधि उस विशेष राज्य की वेशभूषा में उस भोजन को प्रस्तुत किया। प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने भोजन से पहले और बाद में स्वच्छ जल से हाथ धोने का तरीका और लाभ भी बताया। इसके बाद कक्षाध्यापकों द्वारा तय राज्यों के मेन्यू के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा लाये गए भोजन को एकसाथ मिलाकर उन्हें परोसा गया। प्रधानाध्यापक आरबी शर्मा ने भोजन मन्त्रोच्चारण करके विद्यार्थियों के अंदर बलवर्द्धन करने की प्रार्थना अन्न नारायण से की। इसके बाद बच्चों ने छक कर भोजन का आनंद उठाया। इस मौके पर अभिषेक सिंह, आशुतोष मिश्र, अशोक यादव, पूनम शुक्ल, उपासना सिंह, सौरभ पांडेय, भावना, कमलेश, मोनिका, प्रियंका, रविकांत, राजेश गुप्ता, अंकित शुक्ला, प्रार्थना, स्वाति, नेहा, पूनम, प्रीती, दिव्या, राहुल, अनूप अग्रवाल, अमृत, त्रयंबकेश आदि मौजूद रहे।

### युवक से मारपीट कर लूट की प्राथमिकी दर्ज

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** छह दिन पहले युवक के साथ बेरहमी से मारपीट व लूट के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे रामबख्श मजरे कोटिया चित्रा गाँव निवासी पूर्णेंद्र शुक्ल उर्फ सूरज दो फरवरी की रात वो ऊंचाहार से बाइक द्वारा घर जा रहे थे। तभी कोटिया चित्रा गाँव के पास अज्ञात लोगों ने डंडा व सरिया से उन पर हमला कर दिया, जिसके बाद वह जब सड़क पर गिर गए तो उनके जेब में रखे पांच हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद उसने थाने जाकर मामले की जानकारी दी। बुधवार की रात पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

# किसान शेषपाल के पंचस्तरीय बागवानी में छिपे सेहत के राज

**उपलब्धि**

▸▸ **रासायनिक खाद और दवाओं से बनाई दूरी, प्राकृतिक खेती से आर्थिक संकट को किया दूर**

अंगद राही, शिवगढ़, रायबरेली



आंवला पैदावार के बारे में जानकारी देते किसान शेषपाल सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्र के कसना गांव के रहने वाले जागरूक, प्रगतिशील एवं प्राकृतिक शेषपाल सिंह ने जीरो बजट पर खेती करने के सिद्धांत को साबित कर दिखाया है। इतना ही नहीं पंचस्तरीय बागवानी में सेहत के कई राज छिपे हैं, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। पंचस्तरीय बागवानी से आम, आंवला, सहजन, बेल सहित विभिन्न प्रकार के फल मिल रहे हैं। प्राकृतिक खेती करने से इन फलों का उत्पादन कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। साथ ही साबित कर दिखाया कि रासायनिक खादों, कीट नाशकों के प्रयोग से होने वाले उत्पादन से कहीं ज्यादा प्राकृतिक खेती से कृषि उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उनकी मेहनत का नतीजा है कि अब क्षेत्र के कई और किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ गए हैं। जिनसे क्षेत्र के किसान प्रेरणा लेकर प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं।

शेषपाल सिंह बताते हैं कि वर्ष 2017 से पहले वह भी अन्य किसानों की तरह रासायनिक खेती करते थे। खेतों में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करते थे। 2017 में सुभाष पालेकरजी से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेने के बाद से वे सुभाष पालेकर प्राकृतिक कृषि करने लगे। पहले सिर्फ धान, गेहूं का खेत में उत्पादन होता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज उसी जमीन में सभी प्रकार के दलहन, तिलहन समेत अन्य अनाज पैदा करने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि आज ना तो वे बाहर से किसी प्रकार की खाद और ना ही कीटनाशक और दवाएं खरीदते हैं। प्राकृतिक खेती की बदौलत दलहन, तिलहन, अनाज के साथ ही सहफल खेती करने लगे हैं। सहफली खेती से भोजन की थाली की सभी जरूरतें पूरी हो जाती हैंञ। भोजन की थाली विषमुक्त और पोषण युक्त हो गई है। साथ ही सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बन गए हैं। लगातार आर्थिक मजबूती की ओर आगे बढ़ रहे हैं। सबसे अच्छी बात है कि प्राकृतिक खेती में जीवामृत एवं जैविक दवाओं के छिड़काव के लिए किसी श्रमिक की जरूरत नहीं होती है। सिंचाई के समय पानी के साथ जीवामृत व दवाएं खेत में चली जाती हैं।

### गोबर और गोमूत्र से तैयार करते जीवामृत

किसान शेषपाल ने बताया कि खेत में किसी प्रकार की रासायनिक खाद और दवा का प्रयोग नहीं करते। बाहर के बीजों का प्रयोग नहीं करते हैं। केवल देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से चार हेक्टेयर खेती करते हैं। गाय के गोबर और गोमूत्र से ही जीवामृत, घन जीवामृत और बीजामृत एवं दवाएं बना लेते हैं और उसी से खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि एक गाय से 30 एकड़ तक खेती की जा सकती है।

### महंगे दाम में बिकती प्राकृतिक हल्दी, गुड़ व राब

पिछले कई वर्षों से हल्दी, गन्ना की प्राकृतिक खेती करके मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। गन्ने के रस से गुड़, राब बनाकर दोगुने दाम में बेचने के साथ ही कच्ची हल्दी का औषधीय पाउडर बनाकर 350 रुपये प्रति किग्रा के हिसाब से बिक्री करते हैं। प्राकृतिक गुड़, राब, हल्दी की इतनी मांग रहती है कि उनके घर से ही बिक्री हो जाती है। इससे उन्हें काफी फायदा भी होता है।

### प्राकृतिक खेती से दे रहे मोटे अनाज को बढ़ावा

शेषपाल सिंह ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी आदि की प्राकृतिक खेती करके मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि बाजरा लौह लवण से भरपूर होता है। इसलिए शरीर में यह खून की कमी को दूर करने में सहायता करता है। वहीं ज्वार शरीर की हड्डियों के लिए अच्छी मात्रा में कैल्सियम, खून के लिए फॉलिक एसिड के अलावा कई अन्य पोषक तत्व प्रदान करता है।

## सार-संक्षेप

### नौनिहालों को घड़ी देकर बताया समय का महत्व



छात्राओं को पुरस्कृत करते सहायक अध्यापक अजय सिंह।

**राही, रायबरेली, अमृत विचार** : राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर में एसएमसी की बैठक हुई। इसमें बच्चों को दीवार घड़ी देकर समय का महत्व बताया गया। साथ ही शिक्षित होकर समाज और देश को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह को नित नए आयामों के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पर विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों द्वारा बच्चों के कार्यक्रम से प्रभावित होकर 6800 रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुई थी। उसी धनराशि से एसएमसी बैठक में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को दीवार घड़ी और 11–11 रुपये प्रदान कर यह संदेश भी दिया गया कि छात्र जीवन के साथ–साथ आगे के जीवन में भी हर कार्य को समय से करना चाहिए। समय से उठना, समय से सोना, समय से स्वाध्याय करना, समय से विद्यालय जाना व आना, समय से खेलना व समय से ही अन्य गतिविधियां करना शामिल है।

### दो पक्षों में संघर्ष में 11 लोग घायल, 5 गंभीर

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार** : रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें दोनों तरफ से 11 लोग घायल हो गए। इसमें पांच की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम खतियारा निवासी सर्वेश मौर्या पुत्र रविशंकर और अरमान पुत्र मो0 शकील में रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार को दिन में कहासुनी हो गई। बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी। देखते ही देखते दोनो पक्ष से महिला व पुरुष समेत दर्जनों लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। और लाठियों से एक दूसरे के ऊपर प्रहार करने लगे। घटना में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को गम्भीर चोटे आई है। जबकि अरमान की तरफ से शकीला बानों, वहीदुन, शकील, महरुन निशा व शकीना को इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सबीना बानों, अरमान व सुलेमान का सीएचसी में इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। जब कि दूसरे पक्ष से सर्वेश मौर्या समेत उसकी मां व बहन घायल हुए है। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षो में विवाद हुआ है। प्रथम पक्ष से अरमान की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष से सर्वेश की तहरीर पर जांच के लिए बीट सिपाही को मौके पर भेज गया है। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे भर्ती प्रक्रिया के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी

**लालगंज, रायबरेली** : आधुनिक रेल कोच कारखाने के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में भर्ती को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उनकी इस घोषणा से भर्ती प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा निर्धारित केटेगरी के लिए निर्धारित समय सीमा में परीक्षा आयोजित की जा सकेगी, जिससे वो सभी कैंडिडेट जो रेलवे भर्ती परीक्षा में हिस्सा लेना चाहते हैं, उनको पूर्व निर्धारित तरीके से परीक्षा के लिए समय रहे और हर वर्ष यह भर्ती परीक्षा आयोजित हो और उन्हें अच्छी ट्रेनिंग मिल सके। इसी सोच के साथ रेलवे की भर्ती परीक्षा के लिए कैलेंडर बनाया गया है। रेल मंत्री के अनुसार जितनी भी रेलवे की कैटेगरी है, उनकी वार्षिक रूप से अवधि निर्धारित रहेगी और वर्ष में चार बार नोटिफिकेशन जारी होंगे, जो हर कैटेगरी के लिए अलग अलग रहेगा, ताकि सभी को समान रूप से इसका अवसर मिल सके। हर वर्ष परीक्षा होने से ओवर एज की समस्या से भी निजात मिलेगी। जनवरी से मार्च असिस्टेंट लोको पायलट, अप्रैल से जून टेक्नीशियन, जुलाई से सितंबर नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी अंडर ग्रेजुएट ( लेवल 2–3 ) एवं जूनियर इंजीनियर व पैरामेडिकल केटेगरी, अक्टूबर से दिसंबर मिनिस्टिरियल और आइसोलेटेड केटेगरी ( लेवल –1 ) की भर्ती की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। वही रेल कोच कारखाने के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी ने बताया कि जॉब दिलाने वाले रैकेट, दलालों और बिचौलियों सभी लोग सावधान रहें।

## एक नजर

### गुमशुदा बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार** : कस्बे की शिवगढ़ रोड पर बछरावां पुलिस टीम को गुरुवार की सुबह एक दो वर्ष की बच्ची घूमते हुए मिली जिसका नाम खुशी था। पुलिस ने उस बच्ची को अपने साथ ले लिया और तत्काल सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से बच्ची की फोटो वायरल कर दी। दोपहर बाद खुशी के पारिवारिक जन आए और उसे बछरावां कोतवाली से सकुशल वापस ले गए। परिवार वालों ने बछरावां कोतवाली प्रभारी व उनकी टीम को धन्यवाद दिया।

### ठेकेदार से मारपीट में वांछित को भेजा जेल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार** : सोमवार को पीडब्ल्यूडी परिसर में ठेकेदार पर हुए हमले के दर्ज मुकदमे में वांछित नीरज पुत्र राकेश सिंह निवासी लखपति नगर मिल एरिया को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि सोमवार को ठेकेदार आनंद तिवारी पर अज्ञात हमलावरों द्वारा लोहे की राड आदि से हमला किया था। मामले में छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। शहर के अंदर सरकारी कार्यालय परिसर में हुई वारदात के बाद पुलिस पर सवाल खडे हुए थे। उधर एसपी ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस ने मामले से जुड़े नीरज को जहां जेल भेज दिया है। वहीं अन्य की भी तलाश कर रही है।

### रंजिशन मारपीट कर किया घायल, केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार** : क्षेत्र के पांडेपुर मजरे विसुन खेड़ा गांव में रंजिसन मारपीट की घटना हुई है। मामले में लालगंज पुलिस ने मारपीट करने वाले पांडेपुर गांव के महेंद्र सिंह, सोनू सिंह और जितेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। घायल संगठा सिंह का मेडिकल कराया गया है।

# बाइक और कंटेनर में हुई भिड़ंत, युवक की मौत

## रालपुर-लालगंज मार्ग के सरांय बैरियाखेड़ा गांव में हुआ हादसा

सरेनी, रायबरेली



हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार

**अमृत विचार** : गुरुवार को बाइक व कंटेनर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। चालक कंटेनर छोड़कर भाग निकला। हादसा रालपुर-लालगंज मार्ग के सरांय बैरियाखेड़ा गांव के सामने हुआ।

उन्नाव जिले के मौरावा थाने के खानपुर गांव का रहने वाला श्रवण कुमार पुत्र देवनाथ गुरुवार को बाइक से अपनी ससुराल सरेनी थाने के डिघिया गांव के लिए घर से निकला था। दोपहर समय करीब दो बजे जैसे ही वह लालगंज-रालपुर मार्ग के सरांय बैरियाखेड़ा गांव के सामने पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर के चालक ने उसे टक्कर मार दिय। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक अस्पताल ले जाने की तैयारी करते उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई।

### छात्रा ने शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के एक कम्पोजिट विद्यालय में 8वीं की छात्रा ने शिक्षक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को कक्षा 8 की छात्रा छुट्टी होने के बाद घर पहुंची तो छात्रा ने अपनी मां से अध्यापक द्वारा अश्लील हरकत करने के विषय में बताया। जैसे ही छात्रा के परिजनों को यह बात पता चली परिजन आग बबूला हो गए। भारी संख्या में परिजन व गांव के लोग सोमवार को कंपोजिट विद्यालय पहुंच गए। विद्यालय में मौजूद अन्य अध्यापकों ने किसी तरह सुबह समझौता कराया। बुधवार को छात्रा के पिता ने थाने में तहरीर दी, जिसमें अध्यापक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंचार्ज थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

# रायबरेली स्टेशन से चोरी बाइक चारबाग में मिली

**रायबरेली, अमृत विचार** : जिले में इन दिनों बाइक चोर गिरोह की सक्रियता बढ़ी है। यह वाहन चोर जिले से चोरी कर बाहर भेज देते है। जिससे उसे बरामद करना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर हो जाती है। जिले में बाइक चोरी की घटनाएं भी बढ़ी है। यहां तक यह कहना गलत नही होगा कि जितनी चोरिया होती है उसकी अपेक्षा में बरामदगी नही हो पाती है जिससे जहां चोर मालामाल हो रहे हैं। ऐसी ही एक बाइक चोरी घटना रायबरेली पुलिस की कार्यशैली की कलई खोलने के लिए काफी है। शहर के रेलवे स्टेशन से चोरी हुई बाइक को लखनऊ जीआरपी ने वाहन स्टैंड से बरामद की है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले की पुलिस कितनी सक्रिय है।

बता दें कि 31 जनवरी को स्टेशन में तैनात मुख्य टिकट निरीक्षक अल्ताफ ड्यूटी पर आए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी पल्सर बाइक स्टेशन परिसर के सरकुलेटिंग एरिया में खड़ी कर दी थी। जब वह काम निपटा कर वापस लौटे तो बाइक गायब थी। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। उधर, जीआरपी चारबाग ने अल्ताफ की बाइक को बरामद कर उन्हें मामले की जानकारी थी। सूत्रों की माने तो चोरों का गिरोह चोरी के वाहन स्टैंडों पर खड़े कर देते है। जब मामला शांत हो जाता है तब उसे बेच देते हैं। इस वजह से पकड़ में नहीं आते।

# कार ने ठेला समेत कई वाहनों को ठोका, 6 घायल



कार की टक्कर से क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचारः** बछरावां-मौरांवा मार्ग पर अनियंत्रित क्रेटा कार ने चाउमीन के ठेले में टक्कर मारते हुए आसपास की बाइक से टकरा गई। इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया।

मौरांवा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने चाऊमीन के ठेले में टक्कर मार दी जिससे चाउमीन का ठेला तालाब में जा गिरा। वहीं इसके साथ ही साथ लगभग आधा दर्जन राहगीर रिंकू पुत्र ईश्वर दीन, अनुज पुत्र श्री केशन, मयंक पुत्र महेश, सोनू पुत्र रमेश व अन्य दो लोग निवासी गण बबुरिहा खेड़ा बछरावां रायबरेली घायल हो गए। बछरावां पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी घटना खैरहनी गांव के पास धूमनगंज प्रयागराज के रहने वाले जिवनेश पुत्र पारसनाथ का विवाह का लखनऊ में हुआ। वह खैरहनी गांव के पास कार खड़ी कर आराम कर रहे थे। उनके साथ उनके रिश्तेदार वरुण पांडे पुत्र आलोक पांडे भी थे। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। पीछे वाली कार को सौरव पटेल चला रहे थे और उनके साथ पिता आर्यन पटेल थे। जिवनेश, वरुण पांडे और आर्यन को चोटें आई हैं। लखनऊ की ओर से राम अचल निवासी हसनपुर कनेरी अपनी पत्नी के साथ बाइक से घर आ रहे थे। चुरुवा के पास वृद्ध किसान श्यामलाल निवासी दोस्तपुर बछरावां रायबरेली को टक्कर मार दी जिससे वृद्ध किसान गंभीर रूप से घायल हो गया।



क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### अनियंत्रित बाइक सवार गड्ढे में गिरा, हालत गंभीर

बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा–बहराइच मार्ग पर पश्चिम गांव बाईपास के निकट अनियंत्रित बाइक सवार सामने गड्ढे में जा घुसा। घायल मिराज खान पुत्र काजिब अली, अरमान पुत्र मोहम्मद नईम निवासी पश्चिम गांव घर से अपने खेत देखने जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल में भेज दिया गया।


## रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

**आवश्यक सूचना**

रायबरेली विकास प्राधिकरण विकास क्षेत्र के अन्तर्गत किशुनपुर रामचन्द्र, (निकट रेवतीराम का तालाब), परगना व तहसील सदर, जनपद रायबरेली स्थित भूखण्ड संख्या–49 क्षेत्रफल 5060 वर्गमीटर में से रायबरेली महायोजना–2021 के अनुसार आवासीय भू–उपयोग क्षेत्रफल 3662.62 वर्गमीटर पर निर्मित स्कूल भवन के भू–स्वामी श्री मोहित गुप्ता पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, निवासी 786, शहजादे साहब की कोठी, कानपुर रोड़, रायबरेली द्वारा महायोजना के जोनिंग रेगुलेशन्स में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में सशर्त अनुमन्य क्रियाओं/उपयोग के अन्तर्गता शमन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिस पर स्वीकृति की कार्यवाही पर विचार से पूर्व महायोजना–2021 के जोनिंग रेगुलेशन्स की व्यवस्था के अनुसार जन–सामान्य से आपत्तियां / सुझाव प्राप्त किया जाना अपेक्षित होने के कारण जन–सामान्य से आपत्ति / सुझाव प्राप्त करने हेतु प्रकाशित किया जाता है। तत्क्रम में जन–सामान्य को कोई आपत्ति / सुझाव है तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर रायबरेली विकास प्राधिकरण के जेल गार्डेन रोड़, रायबरेली स्थित आर0डी0ए0 कार्यालय में आपत्ति / सुझाव प्राप्त कराया जा सकता है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**


# भाजपा को हराएगी पीडीए की एकजुटता

बछरावा, रायबरेली



बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार** : क्षेत्र में पीडीए की सेक्टर राजामऊ और इचौली सेक्टर के छोटकवा खेड़ा में बैठक हुई। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं.वीरेंद्र यादव ने कहा कि पीडीए जिसमें पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक और हर अगड़े समाज के शोषित-वंचित सभी वर्ग शामिल हैं। यह एक सच्चा लोकतांत्रिक जन बंधन है। भारतीय जनता पार्टी देश को गुमराह कर रही है। आस्था के नाम पर तमाम जनहित के मुद्दों से लोगों का ध्यान बांटने का काम कर रही है।

जिला सचिव शकील मंसूरी ने कहा कि पूर्व में समाजवादी पार्टी की सरकार जिसका नेतृत्व अखिलेश यादव ने किया उन्होंने तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को राहत देने का काम किया। जन पंचायतों को विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, सपा ब्लॉक अध्यक्ष देशराज यादव सहित जोनल प्रभारी वासुदेव यादव, प्रमोद पटेल, विजय बहादुर सिंह, हसीन अहमद, फिरदौस रायनी, हाफीज मंसूरी, राजू यादव, देवता दीन पासवान आदि मौजूद रहे।

### 25 लाख ऋण के लिए सवा 4 लाख रुपये की ठगी


**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार** : ऑनलाइन निजी कंपनी से 25 लाख रुपए ऋण हासिल करने के चक्कर में एक युवक ठगी का शिकार हो गया है। उसे ऋण का लालच देकर ठगों ने उससे सवा चार लाख रुपये हासिल कर लिए। पीड़ित ने गुरुवार को मामले की शिकायत कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी युवक अजयपाल ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक निजी कंपनी से ऋण का विज्ञापन आया था। उसने ऑनलाइन आवेदन कर दिया। उसके बाद कंपनी के लखनऊ व दिल्ली निवासी दो लोगों ने उससे 4 लाख 12 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ले लिए। दोनों ने अपना आधार कार्ड भी भेजा था। कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने शिकायत की।

**लापरवाही** | विकास भवन में है डीपीआरओ कार्यालय, बिल्डिंग में है दर्जनों विभागों के दफ्तर

# डीपीआरओ कार्यालय के बगल का शौचालय बदहाल

संवाददाता, रायबरेली





बदहाल पड़ा शौचालय व फैली गंदगी और खराब नल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वच्छता को लेकर सरकार करोड़ों रुपये पानी की तरह खर्च कर रही है। वहीं, स्वच्छता से जुड़े अधिकारी ही स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं। यह बात किसी और जगह की नहीं, बल्कि विकास भवन की है। विकास भवन के तृतीय तल में बने डीपीआरओ कार्यालय के पास बना शौचालय व वासबेसिन गंदगी से पटा पड़ा है। हालत ये है कि इसका प्रयोग तो दूर, एक मिनट खड़े होने लायक भी स्थिति नहीं है। यह हालत तब है जब इसके बगल में ही जिले की स्वच्छता की बागडोर है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके खुद के ही दफ्तर के बगल में यह आलम है तो गांवों की स्वच्छता की बात करना ही बेकार है।

विकास भवन की इमारत में मुख्य विकास अधिकारी का भी कार्यालय संचालित है। यहां पर डीडीओ, डीपीआरओ, डीपीओ, समाज कल्याण सहित कई अन्य विभागों के सरकारी दफ्तर है। तृतीय तल में आने-जाने वालों को शौचालय और वाशरूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई। हालत यह है कि यह गंदगी से पटा रहता है। किसी उच्चाधिकारी के आने पर भले ही बेहतर ढंग से साफ सफाई होती हो। इस पर आने-जाने वाले हर किसी की नजर पड़ रही है, लेकिन यहां बैठने वाले अधिकारियों की इस पर नजर नहीं पड़ रही। स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई का महा अभियान चलाया जाता है, लेकिन उसका भी कोई खास असर यहां पर देखने को मिल रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि वैसे तो साफ सफाई होती है, अगर ऐसा है तो दिखवाया जाएगा।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, डीह–रायबरेली

पत्रांक : 2690/क्षे0पं0/निविदा–नि0कार्य/2023–24 दिनांक – 08.02.2024

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में क्षेत्र पंचायत–डीह, रायबरेली मे निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 09.02.2024 से 23.02.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनाँक 23.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में रखी टेण्डर पेटिका में डाली जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनाँक 23.02.2024 को ही अपरान्ह 03:00 बजे निविदा दाताओं / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।

निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता का पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं 100.00 रू0 के स्टॉम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र, जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो, भी संलग्न करना होगा निविदा प्रपत्र पर कोई भी कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। कार्य की लागत में नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 शामिल होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त / स्थगित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी डीह, रायबरेली में निहित होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में विवाद का निर्णय द्विपक्षीय वार्ता द्वारा किया जायेगा तथा अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | लागत रूपये में | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत रूपयें में | टेण्डर मूल्य (रू0) | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मधुकरपुर के महेशपुर में रामइन्दल के दरवाजे से होते हुए राजकुमार के घर मुस्तफाबाद गाजीपुर तक खड़ंजा निर्माण | 991609.46 | 19800 | 1800 | 6 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत नरायनपुर से सातनपुर तक खड़ंजा मरम्मत का कार्य | 942074.76 | 18800 | 1800 | 6 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत नरायनपुर में अमित सिंह के घर के पास से अयोध्या के घर तक नाला का निर्माण कार्य | 991094.2 | 19800 | 1800 | 6 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत आशापुर में पिच रोड से माननीय पूर्व विधायक गजाधर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य | 888687.46 | 17800 | 1800 | 6 माह |
| | कुल योग | 3813465.88 | 76200 | 7200 | |

कार्यो के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ0डी0आर0, जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा तथा जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसे अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि) का एफ0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा, के जमा करने पर ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**डीह–रायबरेली**

# कीचड़ व गंदगी से पटा पड़ा है आस्था का रास्ता

हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार ने 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए, हर कहीं के मंदिरों और मठों में ही नहीं बल्कि उनके अगल-बगल जबरदस्त तरीके से साफ-सफाई की गई। लेकिन शहर का प्राचीन श्री बूढ़े बाबा मंदिर को जाने वाले रास्ते का हाल बद से बदतर है। वहां पहुंचने वाले श्रद्धालु कीचड़ और गन्दे पानी के बीच से हो कर निकलते हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर शहरी इलाके के इस प्राचीन मंदिर के इस हाल पर जिम्मेदार खामोश क्यों हैं?

शहर का प्राचीन श्री बूढ़े बाबा मंदिर आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र माना जाता है। वैसे तो मंदिर तक पहुंचने के लिए और भी रास्ते हैं, लेकिन सर्कुलर रोड पर उस प्राचीन मंदिर तक पहुंचने के लिए भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेई स्मृति द्वार है। मंदिर जाने वाले श्रद्धालु जब उसी स्मृति द्वार से आगे बढ़ते हैं तो वहां कदम-कदम पर कीचड़ और गन्दा पानी भरा हुआ मिलता है। श्रद्धालु अपनी अटूट आस्था के साथ उसी कीचड़ और गन्दे पानी के बीच से हो कर निकल रहें हैं। लोगों का कहना है कि वैसे तो सरकार मंदिर और मठों की साफ-सफाई और उनकी बेहतर व्यवस्था के लिए बहुत कुछ कर रही है, लेकिन फिर भी इस प्राचीन मंदिर के श्रद्धालुओं की आस्था का ध्यान क्यों नहीं रखा जा रहा है। क्या ज़िम्मेदारों को इस तरह आस्था के साथ किए जा रहे खिलवाड़ के बारे में कुछ भी पता नहीं,या फिर पता करने की ज़रूरत नहीं समझ रहें हैं।


गंदे पानी व कीचड़ युक्त सड़क से होकर गुजरते श्रद्धालु। अमृत विचार


खाली प्लॉटों में भरा पानी।

### मकानों की खोखली होने लगी बुनियाद

सर्कुलर रोड से जहां प्राचीन श्री बूढ़े बाबा मंदिर जाने का रास्ता गया हुआ है,वह सराय थोक पश्चिमी कहलाता है। उस मोहल्ले में जगह-जगह पर पानी भरा होने से वहां बने दर्जनों मकानों की बुनियाद खोखली होती जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर ऐसा ही रहा तो वहां बने मकान कब जमींदोज हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

### घरों में कैद रहते हैं बच्चे

मोहल्ले में जो फील्ड या खाली प्लाट पड़ा हुआ था, वहां बच्चे खेला-कूदा करते थे। लेकिन वहां पानी भरा होने से बच्चे किसी तरह से स्कूल तो आते-जाते हैं, लेकिन बाहर निकलने के लिए उनका खेलने के लिए घर से बाहर निकलने का बहाना नहीं चल पाता है, नतीजतन बच्चे अपने-अपने घरों में ही कैद रहने को मजबूर हैं। घरों के पास स्थाई जलभराव से मच्छरों के साथ अन्य बीमारियां पनपने का भी क्रम चलता रहता है, जिससे स्थानीय निवासी परेशान रहते हैं।


बाबा मंदिर जाने वाले रास्ते पर लगा गेट।

## एक नजर

### दीवार गिरने से युवक घायल अस्पताल में कराया भर्ती

, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र ग्राम घसे मे पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था जिसमे जेसीबी मशीन भराव की मिट्टी को इधर-उधर कर रही थी। उसी वक्त सत्य किशोर उर्फ सत्यम अग्निहोत्री उसी दीवार के समीप लगी अपनी चारा मशीन से चारा खांद रहे थे तभी जेसीबी मशीन दीवार में लग जाने से दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी, जिससे दीवार की चपेट में आने से सत्य किशोर उर्फ सत्यम अग्निहोत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे उपचार के लिए ले जाया गया।

### तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने नर्मदा मंदिर रोड से एक युवक को 315 बोर के देशी तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज निवासी राजेश कुमार शुक्ला उर्फ बबलू पुत्र राधेश्याम नर्मदा मंदिर रोड पर अवैध असलह लेकर टहल रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर का देसी तमंचा बरामद हुआ। आरोपी को जेल भेज दिया।

### स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मरीजों को दी पोषण पोटली

**हरदोई, अमृत विचार।** देश को टीबी मुक्त करने के लिए गए संकल्प को साकार करने में स्वास्थ्य महकमा जुटा हुआ है। टीबी मरीजों को समाज के सक्षम लोगों को गोद दिलाया जा रहा है। गुरुवार को सीएचसी अहिरोरी में एक फाउंडेशन की तरफ से 48 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। सीएचसी इन्चार्ज डॉ मनोज सिंह ने कहा कि फाउंडेशन की तरफ से मरीजों की मदद प्रेरणा देने वाली है। तमाम लोग इससे प्रेरित होकर टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएंगे। टीबी मरीजों के लिए सरकार तमाम योजनाएं चला रही है। टीबी मरीजों को 500 रुपये प्रतिमाह पोषण भत्ता दिया जाता है। ऐसे मरीजों की मदद के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। इस दौरान एसटीएस डीपी सिंह यादव, गौरव सिंह, पुमित शर्मा, प्रांशु गुप्ता, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# द्वारचार के समय दूल्हे के पिता से लूट, एक गिरफ्तार

## बैग में करीब डेढ़ लाख रुपए व जेवर होने का दावा, महोलिया शिवपार बाईपास के मैरिज लॉन में हुई वारदात

हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ से आई बारात में बाराती बड़े खुश थे। द्वारचार शुरू हुआ। दूल्हे के पिता वहां मौजूद थे, उसी बीच भीड़ में पहुंचा लुटेरा उनके हाथ से बैग छीनकर भाग निकला। इसका पता होते ही बाराती उसे पकड़ने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन उसी बीच लुटेरे के हाथ से दूसरे युवक ने बैग छीन लिया और भाग गया। पुलिस पकड़े गए लुटेरे से पूछताछ कर रही है। पीड़ित के अनुसार बैग में डेढ़ लाख रुपये, सोने की अंगूठी और लॉकर की चाबी बताई गई है।


दूल्हे के पिता से लूट के बाद मायूस बाराती। अमृत विचार

बताया गया है कि बुधवार को लखनऊ के बुद्धेश्वर से आलोक तिवारी की बारात शहर के बगल में कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार बाईपास पर एक मैरिज लॉन में आई थी। द्वारचार के समय दूल्हे के पिता कृष्ण कुमार तिवारी हाथ में बैग लिए खड़े थे। उसी बीच भीड़ में पहुंचा एक युवक उनके हाथ से बैग लूटकर भाग खड़ा हुआ। शोर सुनकर बाराती उसे पकड़ने के लिए पीछे दौड़ पड़े। पकड़े जाने के डर से लुटेरे के हाथ से उसके साथी ने बैग छीन लिया और भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंच गई, पकड़े गए लुटेरे को उसे सौंप दिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बैग में डेढ़ लाख रुपये, सोने की अंगूठी और लॉकर की चाबी बताई गई है।

### मैरिज हॉल में चोरी करने के आरोपी को दबोचा

सीसीटीवी की मदद से मिली कामयाबी

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एक मैरिज हॉल में होने वाली शादी-बारातों के दौरान वहां चोरी करने वाले चोर को पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। मैरिज हॉल के मालिक ने उसके पास से चोरी किया माल भी बरामद किया है। बताया गया है कि कस्बे के शाहाबाद तिराहे के पास एक मैरिज हाल है। जहां अक्सर शादी-बारात के अलावा और भी आयोजन होते रहते हैं। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला मिश्राना निवासी प्रियम मिश्रा के परिवार में शादी थी। सारे मेहमान आए हुए थे,उसी बीच वहां से जैकेट और आर्टीफिशियल हार चोरी हो गया। इसका पता होते ही मैरिज हॉल के मालिक जोगराज सिंह ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे, जिसमें एक युवक को चोरी करते हुए देखा गया। इसका पता होते ही चोर को पकड़ लिया गया,उसने अपने नाम राम भइया पुत्र दुर्योधन बताया है। उसके पास से चोरी किया गया माल भी बरामद किया गया। जैसा कि बताते हैं कि वह अक्सर मैरिज हॉल में चोरी किया करता था। साथ ही वह डीज़ल और साइकिलें भी चोरी कर चुका था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### गंगा में स्नान कर रही युवती डूबी, खोज जारी

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** गंगा स्नान करते समय फिसलने से युवती डूब गई। बड़ी बहन को डूबता देख छोटी बहन ने शोर शराबा किया तो लोगों की भीड़ लग गई। देर रात तक पुलिस व गोताखोरों के साथ स्वजन तलाश करने जुटे हुए थे। कोतवाली क्षेत्र के तेरवाकुल्ली के मजरा छुट्टापुरवा निवासी रामू की पुत्री आरती (19) छोटी बहन साजनी के साथ गुरुवार की दोपहर को गांव के निकट गंगा स्नान करने गई थी। जहां गहरे पानी में पैर फिसलने से आरती डूब गई। बाहर खड़ी छोटी बहन ने शोर मचाते हुए स्वजनों को सूचना दी। देर शाम खबर लिखे जाने तक युवती की तलाश की जा रही थी।

# संदिग्ध हालात में कटी युवक की गर्दन, हालत गंभीर

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** पति के न रहने के बाद बच्चों के साथ रह रही विधवा के घर आने-जाने वाले युवक की संदिग्ध हालत में गर्दन कट गई। वह उसी के घर में खून से लथपथ पड़ा हुआ देखा गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया और मेडिकल कालेज से उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया है। इस बारे में एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह का कहना है कि सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। युवक के होश में आने पर उसके बयान लिए जाएंगे।


गर्दन कटने से घायल युवक।

बेहटा गोकुल थाने के मानपुर निवासी बाबूराम के 22 वर्षीय पुत्र विकास का मझिला थाने के कुम्हरुआ गांव में अखिलेश के घर काफी आना-जाना था। हालांकि करीब आठ साल पहले अखिलेश की मौत हो चुकी है, उसकी एक बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। अखिलेश की पत्नी दो छोटे बच्चों के साथ अकेली रहती है। गुरुवार को विकास अखिलेश के घर पहुंचा। बच्चे पढ़ने गए हुए थे। उसकी पत्नी अकेली थी। आस-पास के लोगों के अनुसार विकास और अखिलेश की पत्नी के बीच कुछ बातचीत हुई, उसके बाद विकास उसके मकान की छत पर चला गया और उसके कुछ देर बाद जब नीचे उतरा तो उसकी गर्दन कटी हुई थी, कुछ बताने से पहले ही वह वहीं पर बेहोश हो कर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन में सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे बेहोशी की हालत में मेडिकल कालेज भेज दिया गया। मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने उसकी हालत देख कर तुरंत लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। इस बारे में एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। युवक के होश में आने के बाद बयान लिए जाएंगे और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जांच में जुटी पुलिस

- बच्चों के साथ रह रही विधवा के घर अकसर आता था युवक

### विधवा और घायल युवक के बीच प्रेम-प्रसंग की चर्चा

मझिला थाने के कुम्हरुआ गांव में गर्दन कटने के बारे में कहा जा रहा है कि अखिलेश की मानपुर में रिश्तेदारी थी, इस वजह से विकास का उसके सामने से ही आना-जाना था। लेकिन उसके न रहने के बाद भी वह उसी तरह से आता-जाता रहा। कुछ लोगों का कहना है कि जब विकास अखिलेश के घर में था तो उसकी पत्नी बिल्कुल अकेली थी, उसी बीच विकास की उससे कोई बातचीत हुई और फिर ऐसा मामला हो गया। पूरे गांव में इस मामले को प्रेम-प्रसंग से जोड़ा जा रहा है। हर कोई उसी पर एक-दूसरे से बहस करता हुआ दिखाई दे रहा है।

### नवागंतुक क्षेत्राधिकारी ने किया निरीक्षण

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नवागंतुक क्षेत्राधिकारी हरियावां ने गुरुवार की देर शाम बेनीगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर में पैदल गश्त कर नगर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। बताते चलें कि गुरुवार देर शाम नवागंतुक क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बेनीगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष और अभिलेखों का निरीक्षण किया। क्षेत्र में हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेकर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सख्त दिशा निर्देश दिए।

# अवैध निर्माण रोकने पर पिता बच्चों व बुजुर्ग से हुई मारपीट

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** विवादित जमीन पर अवैध निर्माण करते वक्त रोकने पर कुछ दबंगों ने एक व्यक्ति, उसके बच्चों और बुजुर्ग को मारा पीटा, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। घटना की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी रजी खान के अनुसार सुबह वह स्कूल अपने बच्चों को छोड़ने के लिए जा रहा था। उसी समय देखा कि विवादित आरजी पर निर्माण कार्य चल रहा था। उसने निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया तो अवैध निर्माण कार्य करने वाले जाहिर खां, हारिस और यासिर ने गालियां देते हुए उसे व उसके बच्चों को एवं गाड़ी में बैठे 70 वर्षीय फूफा को भी मारा पीटा। रजी खां के अनुसार किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से भागा और कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। रजी खां का आरोप है उपरोक्त व्यक्ति काफी शातिर, गुंडे तथा भूमाफिया हैं। बताया कि जबरिया कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा कर रहे हैं।

### मेडिकल कालेज में एक्सरे कराने के लिए तड़पते रहे घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** हरियावां में हुए सड़क हादसे में युवक का पैर टूट गया था, गंभीर रूप से घायल दूसरा युवक भी कुछ बाद एक्सरे कराने पहुंचा, लेकिन वहां पता चला कि बिजली नहीं है, इस वजह से एक्सरे नहीं हो पाएगा। बिजली की आस में दोनों युवक घंटों वहीं पर पड़े तड़पते रहे, लेकिन किसी भी ज़िम्मेदार की निगाह उन पर नहीं पड़ी। बताया गया है कि गुरुवार को मेडिकल कालेज में बिजली गुल होने से वहां की सारी व्यवस्था चरमरा गई। जहां आक्सीजन प्लांट ठप हो गया, उसी तरह से वहां की एक्सरे यूनिट ने भी जवाब दे दिया। वहां स्ट्रेचर पर पड़े दो युवक कराहते हुए मिले, दोनों के पैर टूटे हुए थे। काफी देर तक बिजली न होने पर उन दोनों को उसी तरह घंटों स्ट्रेचर पर पड़े तड़पते रहे।



### खाद्यान्न की दुकानों में हुई छापेमारी

**हरदोई, अमृत विचार।** खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापे मारे गए। खाद्य विभाग की टीम ने पिहानी कस्बा के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर पांच नमूने संग्रहित किए गए । पिहानी कस्बा के फैज ट्रेडर्स से एक नमूना सरसों के तेल का व एक नमूना पिसी हल्दी का, कुइया कस्बा ओम साई ट्रेडर्स से एक नमूना सरसों के तेल का एवं फारूकी मेडिकल स्टोर पिहानी कस्बा से दो नमूने मल्टीविटामिन सिरप के संग्रहीत किए गए , जिन्हें जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेज दिए गए। छापेमारी की खबर सुनकर कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर इधर उधर हो लिए। खाद्य विभाग की इस कार्यवाही से अधोमानक सामग्री बेचने वालों में हड़कंप मच गया। इस कार्यवाही के दौरान प्रभारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम किशोर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी खुशीराम , अजीत सिंह, अनुराधा कुशवाहा व अनिरुद्ध गंगवार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


मार्ग बंद होने के विरोध में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

### मार्ग बंद होने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में चल रहे गंगा एक्सप्रेसवे के कार्य से बंद हो रहे सड़क मार्ग को लेकर किसानों ने नाराजगी जताई है भाकियू नेता राजबहादुर के साथ सैकड़ों किसानों ने गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया कि ग्राम बेहटी खुर्द में वर्तमान समय में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें मुख्य मार्ग बेहटी खुर्द से होते हुए कटरा बिल्हौर हाईवे रोशनपुर गांव तक आया है जिसमें उक्त एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य से रास्ते को बंद किया जा रहा है जिस गांव में रह रहे लोगों को आने-जाने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। दूसरी ओर 2021 में सेना में शहीद हुए सत्यम पाठक के नाम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने जिस सड़क शहीद सत्यम पाठक के नाम से रखी थी उस रास्ते को भी बंद किया जा रहा है। जिसके चलते पूर्व में भी एक शिकायती पत्र दिया जा चुका है जिसके बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है इसको लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के नेता राजबहादुर के साथ सैकड़ो किसानों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह को शिकायती पत्र देते हुए जल्द ही उक्त रास्ते को खुलवाए जाने की मांग की है।

### श्रद्धापूर्वक मनाई गई श्रीश चंद्र अग्रवाल की जयंती

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले के राजनैतिक पुरोधा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक रहे बाबू श्रीशचंद्र अग्रवाल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर में स्थापित बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाबू श्रीशचंद्र अग्रवाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने बाबूजी से जुड़े संस्मरण साझा किए। इसी क्रम में क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र अनु मोर्चा भाजपा पीके वर्मा एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बाबूजी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष व् विधायक रहते हुए बाबूजी ने जनपद में विकास कार्यों को एक नवीन गति प्रदान की थी। बाबूजी के आदर्श विचार व शुचितापूर्ण जीवन हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन राकेश अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रामप्रकाश शुक्ला, अविनाश गुप्ता अब्बी बाबू, सुशील अवस्थी छोटे महाराज, जिला पंचायत सदस्यगण, भाजपा पदाधिकारी व् क्षेत्रवासी रहे।


पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीशचंद्र की प्रतिमा को नमन करते भाजपा नेता पीके वर्मा।

### रामलीला : राघव के बनवास गमन पर रोए दर्शक

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में गुरुवार को राम बनवास की लीला देख दर्शकों में अश्रु धारा बहने लगी। लीला में दर्शाया गया कि एक बार महाराज दशरथ अपने दरबार में बैठे थे तभी उन्हें विचार आया कि अब मुझे राम को राजा बना कर वन में चला जाना चाहिए। उन्होंने घोषणा कर दी राम को राजा बनना है । फिर वह अपने गुरु वशिष्ठ के पास गए और उनसे पूछा कि राम को कब राजा बनाया जाए तो गुरु जी कहते हैं जिस दिन जिस समय राजा बने वह दिन शुभ हो। जब राम जी ने सुना के पिताजी मुझे अयोध्या का राजा बनना चाहते हैं तो वह गुरु विशिष्ट के पास गए रात्रि में, और गुरु जी से बोले कि गुरुदेव मुझे राजा नहीं बनना मुझे वनवास चाहिए। गुरुदेव ने कहा कि राम मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता तो राम जी वहां से सीधे माता कैकई के पास गए और उनसे जाकर वरदान मांगने लगे तो माता कैकई राम जी से अधिक प्रेम करती थी इसलिए उन्होंने वरदान देने के लिए बोल दिया ।वरदान में राम जी ने माता कैकई से वनवास मांग लिया यह सुनकर माता मूर्छित होकर जमीन पर गिर गई। राम जी ने होश में किया अपनी माता को और समझाया रात्रि होने के बाद जब प्रात: मंथरा को पता चला की राम राजा होंगे तो वह बड़ी खुश होती है लेकिन देवता माता सरस्वती की सहायता से मंथरा की मति को फेर देते हैं इधर मंथरा कैकई के पास जाती है और उनको राम को वनवास भेजने की शिक्षा देती है और बहुत प्रकार से कैकई को समझती है यह सब दृश्य देख कर भक्त बड़े भावुक हुए।

**मनमानी** | उजड़ते परिवारों के जख्मों पर राहत का मरहम नहीं लगता चीनी मिल प्रबंधन

# सड़कों पर गन्ना से लदे ओवरलोड ट्रक बने मुसीबत

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** डीएससीएल लोनी शुगर मिल में जाने वाले गन्ने के ओवरलोड ट्रक कस्बावासियों सहित यातायात व्यवस्था के लिए जी बवाल-ए-जान बने हुए हैं। पाली तिराहा, बेझा चौराहा,अल्लाहापुर तिराहा,बस अड्डा, शाहजहांपुर-हरदोई हाइवे सहित आंझी रेलवे क्रासिंग, तिराहे-चौराहे पर ओवरलोड ट्रक लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक हर वर्ष हादसों का कारण बनते हैं,पूर्व में भी कई बड़े हादसे में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। फिर भी थोड़े से लालच में ट्रांसपोर्टरों द्वारा गन्ना सेंटरों से भरकर धड़ल्ले से ढोया जा रहा है। डीएससीएल लोनी शुगर मिल में पेराई सत्र शुरू होते ही क्षेत्र के विभिन्न गांव के गन्ना क्रय केंद्रों से ट्रकों द्वारा गन्ना मिल में पहुंचाया जाता है। गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक आम आदमी के जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। वहीं ट्रक क्षमता से अधिक गन्ना ढो रहे हैं। इनमें से अधिकतर की न तो फिटनेस है और न ही कागजात आदि पूरे होते हैं। गन्ना लदे ओवरलोड वाहनों से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके बावजूद अधिकारी इस ओर से आंखे मूंदे बैठे हैं। क्रय केंद्रों से गन्ना लोनी मिल तक पहुंचाने के लिए ट्रक का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, गन्ना ढोने वाले ट्रकों के कागजात आदि की जांच नहीं की जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रकों के लिए गन्ना लादने के मानक निर्धारित हैं। छोटे ट्रक में 150 कुंतल तथा बड़े ट्रक में 180 कुंतल गन्ना ही लादा जा सकता है। हालांकि गन्ना ढोने में लगे वाहनों का भुगतान भार के अनुसार होता है। जिस कारण इन वाहनों में निर्धारित मानकों से अधिक गन्ना भरा जाता है। जिससे हादसे का सबब बनते हैं।


सड़कों से गुजरते ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक। अमृत विचार

### अधिक लोड से क्षतिग्रस्त होती हैं सड़कें

ओवरलोड वाहन सड़कों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके चलते सड़कें समय से पहले ही टूट जाती हैं। जिस कारण संबंधित विभाग को नुकसान पहुंचता है। हालांकि गन्ने के ओवरलोड से सरकार को किसी तरह का अतिरिक्त टैक्स आदि नहीं मिलता है। ओवरलोड वाहन का संतुलन बनाने में भी चालक को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ती है। इतना ही नहीं इससे हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है।

### ट्रकों से होने वाले हादसों में जान गंवा रहे दर्जनों लोग

लोनी चीनी मिल प्रबंधन, पुलिस और यातायात पुलिस की मिली भगत के चलते प्रति वर्ष दर्जनों की संख्या में लोग मौत का शिकार हो रहे हैं लेकिन इस तिकड़ी की मिलीभगत की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ओवरलोड ट्रक दुर्घटनाओं का सबब बने हुए हैं परंतु मिल प्रबंधन को किसी के उजड़ते हुए परिवार से कोई लेना देना नहीं है। आज तक मिल प्रबंधन ने किसी भी मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देना मुनासिब नहीं समझा। मिल प्रबंधन की मनमानी की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं।

**एक नजर**

### बहन की ससुराल आए भाई ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** बहन की ससुराल आए भाई ने शहर के लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज के पीछे एक पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए छानबीन करनी शुरू कर दी। गुरुवार की सुबह साण्डी रोड पर लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज के पीछे एक पेड़ में युवक का शव लटकता देखा गया इसका पता होते ही वहां तमाशबीनों की भीड़ लग गई। पेड़ में मफ़लर से बंधा लटक रहा शव पाली कस्बे के मोहल्ला सरायं निवासी 34 वर्षीय रमाकांत का बताया गया। रमाकांत की सगी बहन सुशीला मोहल्ला सराय थोक पश्चिमी में ब्याही है, जबकि मौसेरी बहन माधुरी की ससुराल ऊंचा थोक में है। रमाकांत बुधवार को वहीं आया हुआ था। उसके दूसरे ही दिन उसका शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। शव लटका होने का पता चलने पर वहां पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में लिया और मौसेरी बहन माधुरी व उसके पति भूरा से पूछताछ की। रमाकांत मज़दूरी कर अपना और अपने तीन बच्चों का पेट पालता था। पुलिस छानबीन कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बालामऊ जंक्शन के दलेल नगर रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर जिस युवक का शव टुकड़ों में पड़ा हुआ देखा गया था, गुरुवार को दूसरे दिन उसकी शिनाख्त हो गई। मज़दूरी पेशा युवक काम-धंधे की तलाश में कहीं जा रहा था, उसी बीच वह हादसे का शिकार हो गया। बताते चलें कि बुधवार की सुबह एक 30 से 35 वर्षीय युवक का शव दलेल नगर रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर पड़ा हुआ था। इसका पता होते ही वहां पहुंची जीआरपी टीम ने उसे अपने कब्ज़े में लिया और उसकी शिनाख्त करने की कोशिश में जुट गई। गुरुवार को दूसरे दिन उसके शव की शिनाख्त हो गई। कासिमपुर थाने के अलावलपुर की आशा ने शव की शिनाख्त अपने 32 वर्षीय पति राजू पुत्र केदारी के रूप में की। आशा ने बताया कि उसके परिवार में तीन बेटे और एक बेटी है। राजू अपने घर का इकलौता था। वह मज़दूरी कर अपना और अपने परिवार वालों का पेट पाल रहा था। आशा के मुताबिक उसका पति मंगलवार को काम-धंधे की तलाश में जाने के लिए घर से निकला था। उसके बाद से वापस नहीं लौटा।

# दिल्ली में हुई महिला की मौत, हरदोई में पोस्टमार्टम

**जांच पड़ताल**

- चाय बनाने के दौरान महिला की बिगड़ी थी हालत
- संदिग्ध हालत में मौत होने पर लगाई जा रहीं हैं अटकलें

हरदोई

**अमृत विचार।** परिवार के साथ दिल्ली में रह रही महिला पति के लिए चाय बना रही थी, उसी बीच उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए कहीं ले जाया जाता, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। उसके बाद उसका शव गांव लाया गया। मौत की सच्चाई का पता लगाने में जुटी पुलिस ने उसका शव कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के मतेहा, निवासी मुकेश की शादी करीब 7 साल पहले सुरसा थाने के बोझवा गांव के सुरेश की पुत्री रवीना के साथ हुई थी। मुकेश पत्नी रवीना और दो बच्चों के साथ दिल्ली में रहते हुए वहीं नौकरी करता है और उसके ससुर सुरेश हरियाणा में मज़दूरी करता है। जैसा कि बताया गया है कि बुधवार की शाम को मुकेश ड्यूटी से वापस लौटा और पत्नी रवीना से अपने लिए, चाय बनाने को कहा, रवीना चाय बना रही थी, उसी बीच उसे चक्कर आया और वहीं पर गिर पड़ी। आनन-फानन में उसे वहीं के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर तक चले इलाज के बाद रवीना की मौत हो गई। उसके बाद मुकेश पत्नी का शव ले कर गांव पहुंचा और ससुराल वालों को सूचना दी। रवीना के मायके वालों की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में मुकेश से पूछताछ की। इस बारे में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सच्चाई पता चल सकती है। जांच की जा रही है।

# कोयला लेकर पंजाब जा रही मालगाड़ी में लगी आग

**अफरा-तफरी**

- दमकल कर्मियों ने काफी देर बाद आग पर पाया काबू
- कंट्रोल रूम की सूचना पर अलर्ट हुआ रेलवे प्रशासन

हरदोई



मालगाड़ी में आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झारखंड से कोयला ले कर पंजाब के अमृतसर जा रही मालगाड़ी हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, उसी बीच उसके कूप में आग लग गई। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। आनन-फानन में इस बारे में कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। उसके बाद वहां पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो घंटे जूझने के बाद आग पर काबू पाया। करीब दो घंटे तक अप लाइन का ट्रैक ठप रहा।

बताया गया है कि गुरुवार की दोपहर को झारखंड से कोयला लाद कर पंजाब के अमृतसर जा रही मालगाड़ी जैसे ही स्टेशन की अप लाइन प्लेटफार्म नंबर-1 पर पहुंची, उसी बीच उसके पायलट को मालगाड़ी के एक कूप में आग लगने का पता चला, आनन-फानन में कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसकी सूचना आते ही रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। आनन-फानन में वहां पहुंची दमकल कर्मियों की दो टीमों ने करीब दो घंटे जूझने के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। उसके बाद कोयला लदी उस मालगाड़ी को आगे जाने के लिए ग्रीन सिग्नल दिया गया। इस हादसे से करीब दो घंटे तक अप लाइन का ट्रैक ठप रहा। इसे ले कर वहां अफरा-तफरी मची रही।

### लगभग 50 मिनट खड़ी रही मालगाड़ी

आग लगने की सूचना मिलने के बाद लगभग 50 मिनट मालगाड़ी स्टेशन पर खड़ी रही। दोपहर 1:13 पर मालगाड़ी में लगे इंजन का शटडाउन कराया गया। 1:14 पर ओएचई को हरदोई से कौड़ा तक बंद किया गया, जिसके बाद 1:18 पर ओएचई वायर में दौड़ रहे करंट को स्थिर करने के लिए डिस्चार्ज रॉड का लगाया गया। उसके बाद 1:21 से दमकल कर्मियों ने मालगाड़ी के डिब्बे से निकाल ले धुएं को बुझाने की क्वायद शुरू की, दमकल कर्मियों द्वारा 1:40 तक धुएं को बुझा लिया गया। दोपहर 1:45 पर एक बार फिर ओएचई को शुरू किया गया। दोपहर 1:55 पर मालगाड़ी में लगे इंजन को स्टार्ट कराया गया। इसके बाद दोपहर 1:57 पर मालगाड़ी को उसके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। लगभग हरदोई रेलवे स्टेशन पर 50 मिनट तक मालगाड़ी खड़ी रही। हालांकि इस दौरान अन्य कोई ट्रेन नहीं प्रभावित हुई। मालगाड़ी को गंतव्य की ओर रवाना करने के बाद रेल अधिकारियों ने राहत के साथ ली है।

# निर्विरोध चुने गए सभापति और उपसभापति

## साधन सहकारी समितियों के चुनाव में भाजपा समर्थक प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** साधन सहकारी समितियों के चुनाव में सभापति व उपसभापति पर भाजपा समर्थक निर्विरोध व्यक्ति चुने गए। साधन सहकारी समिति ईश्वरपुर साई के चुनाव में निर्विरोध डायरेक्टर चुने गए गए थे। गुरुवार को ब्लाक परिसर में हुए सभापति व उपसभापति के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए।

जिसमें ईश्वरपुर साई साधन सहकारी समिति का चुनाव सचिव बृजेन्द्र सिंह की देखरेख में हुआ। जिसमें मुनौरपुर निवासी सतेंद्र सिंह को सभापति निवासी नीरज सिंह को उपसभापति चुना गया। समिति के सम्पन्न हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार सभापति व उपसभापति चुने गये। समिति में सभापति व उपसभापति चुने जाने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराज बाबा, प्रधान मुन्ना त्रिपाठी, सदस्य मुकेश, दीपेंद्र विजय सिंह, अभिनय त्रिपाठी, छोटेलाल, अनवार खां, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक के लिए क्षेत्र से चार सदस्य रमेश कुमार, शैल कुमार, बलवीर सिंह, मुकेश कुमार चुने गए। इसी तरह सहकारी शीतगृह में देवेंद्र कुमार, अरुण कुमार सिंह व मंशाराम सदस्य चुने गए।



निर्विरोध चुने गए सभापति व उपसभापति के पदाधिकारी। अमृत विचार

कछौना संवाददाता के अनुसार क्षेत्र की बंद चल रही समितियां सुठेना, कमीपुर, महरी, खजोहना पर चुनावी प्रकिया के माध्यम से गुरुवार को निर्विरोध सुठेना समिति के अध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा निवासी तुसौरा व कमीपुर समिति के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह व महरी समिति के अध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह निवासी महमूदपुर व खाजोहना समिति के अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ उर्फ कप्तान निवासी गौहानी का चयन किया गया, सभी ने किसानों के हित में कार्य करने की प्राथमिकता बतायीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह ने किसानों को खाद बीज अपनी उपज की बिक्री हेतु दौड़ना नहीं पड़ेगा। निर्वाचित अध्यक्ष गणों को शुभचिंतकों व पदाधिकारियों व किसान बंधुओ ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, भाजपा नेता विजय कुमार सिंह, भैया लाल द्विवेदी, सत्य प्रकाश मिश्रा, दीपक सिंह कटियामऊ, महामंत्री शिवम मिश्रा, प्रेम कुमार यादव, बसंत सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित शुक्ला, सनोज राठौर, श्रीश मिश्रा आदि प्रबुद्धजन मौजूद है।

# शिकायतों के निस्तारण में कई थाने साबित हो रहे फिसड्डी

हरदोई

**अमृत विचार।** आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण में जिले के कई थाने फिसड्डी है। जनवरी की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी हुई है जिसमे पाली थाने की उत्तर प्रदेश में 1581 रैंक आई है।

महिला थाने की 1563, मंझिला थाने की 1559, टड़ियावां की 1549, सांडी की 1549, मल्लावां में 1525, सुरसा की 1505, शाहाबाद की 1505 रैंक आई है। आईजीआरएस पोर्टल के सम्बंध में प्रदेश स्तर पर जनवरी माह की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई है। जिसमे से सवायजपुर, हरपालपुर, हरियावां, बेनीगंज, लोनार, कोतवाली देहात की रैंक ठीक आई है। बाकी कुछ थाने पिछड़े रहे और पाली, महिला थाना, मंझिला, टड़ियावां, सांडी, मल्लावां, सुरसा, शाहबाद थाने फिसड्डी रहे। बताया गया है कि राज्य सरकार जिलों की परफॉर्मेंस के आधार पर उनको मासिक रैंकिंग देती है। इसमें शिकायतों को आईजीआरएस पर अपलोड करके उनका समयबद्ध निस्तारण करना, थानों पर आने वाली शिकायतों पर होने वाली कार्यवाही, शिकायतकर्ताओं का फीडबैक, डिफाल्टर जैसे तमाम बिंदुओं पर अंक दिए जाते हैं। इसी के आधार पर रैंकिंग तय होती है। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने कम रैंक लाने वाले थानेदारों के प्रति नाराजगी जताई है।

# छात्राओं को बांटे गए स्मार्ट फोन



हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को मोबाइल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में आर्य कन्या महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के सम्मानित प्रधान मुकेश अग्रवाल, प्रबंधक राम प्रकाश शुक्ल और कोषाध्यक्ष राकेश सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का यह सपना था कि देश का हर युवा और हर गांव तकनीकी रूप से सक्षम हो, जिससे स्वर्णिम भारत की संकल्पना साकार हो सके। इसी परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा मोबाइल वितरण का कार्यक्रम छात्राओं के हित में एक बड़ा कदम है। इसी के साथ उन्होंने जल्दी ही महाविद्यालय में पांच विषयों में एमए और बीए स्तर पर दो विषयों की मान्यता के लिए किए जा रहे प्रयासों के विषय में अवगत कराया। तत्पश्चात प्रधान मुकेश अग्रवाल और प्रबंधतंत्र के अन्य सम्मानित सदस्यों के द्वारा मोबाइल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। डीजी शक्ति प्रभारी डॉ श्वेता यादव के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाओं और सभी कर्मचारी बंधुओं का अपेक्षित सहयोग रहा। सांस्कृतिक सभा की छात्राओं का साज सज्जा और अनुशासन व्यवस्था में प्रशंसनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के साथ ही आज युवा महोत्सव के तीसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

## चोरों ने दो घटनाओं को दिया अंजाम

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सुठेना में आशाबहू के घर में घुसकर चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात, नकदी चोरी की घटना को अंजाम दिया। दूसरी घटना में मोटरसाइकिल व मोबाइल सेट चोरी की घटना को अंजाम दिया। कोतवाली क्षेत्र कछौना के ग्राम सुठेना निवासी आशा बहू के घर का ताला तोड़कर परिजनों के अनुसार नगदी 15 हजार रुपये, जेवर पांच अंगूठी सोने की, दो जोड़ी झाला, एक जोड़ी ट्रिप्स, पांच जोड़ी पायल, लगभग 50 जोड़ी बिछिया जिनकी अनुमानित कीमत चार लाख रुपये चोरी की घटना को अंजाम दिया। परिजनों की शिकायत पर कछौना पुलिस ने मौके की जांच कर चोरों की खुलासा हेतु टीम गठित कर दी। इस घटना से परिजन भयभीत है। दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के गाजू निवासी अंशुमान यादव परिचित के बरामदे में मौरंग की सुरक्षा हेतु बुधवार की रात लेटे थे। रात में अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल व मोबाइल सेट चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर कछौना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिजली का मीटर लगाने के नाम पर महिला से की ठगी

हरदोई

**अमृत विचार।** बिजली का मीटर लगाने के नाम पर दलित महिला से 35 सौ रुपये ठग लिए गए। मीटर न लगने पर जब महिला ने अपने रुपये मांगे तों उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

बताया गया है कि कासिमपुर थाने के जरहा गांव की रामदेवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 5 फरवरी की शाम वह अपने घर पर थी उसी बीच गांव के चुन्नू उसके घर पर आया और उसने मीटर लगाने के नाम पर 35 सौ रुपये ले लिए। लेकिन काफी दिनों बाद भी जब मीटर नहीं लगा तो रामदेवी ने अपने रुपये वापस मांगे। इसी बात पर चुन्नू उसे जाति सूचक गाली-गलौज करने लगा, उसी बीच उसका साथी रतीभान उर्फ कल्लू भी बाइक से वहां पहुंच गया। उन दोनों ने मिलकर रामदेवी की पिटाई करने लगे। उसे बचाने में परिवार के बन्ने को भी चोटें आई हैं। इसका पता होने पर गांव के तमाम पहुंच गए। जिस पर दोनों हमलावर उसे धमकी देते हुए वहां से भाग गए। इस बारे में एसएचओ कासिमपुर रामलखन ने बताया रामदेवी की तहरीर पर एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच सीओ सण्डीला कर रहें हैं।

### पछुआ हवा के आगे धूप की तेजी भी रही बेअसर

**हरदोई, अमृत विचार।** ठंडक अब धीरे-धीरे मुंह मोड़ने लगी और धूप अपने पूरे शबाब पर आ चुकी थी, लेकिन उसी बीच चलने वाली पछुआ हवाओं ने धूप की तेज़ी को हवा कर दिया। उधर हवा के साथ उड़ने वाली धूल भी आने-जाने में किरकिरी फैला रही है। पिछले दिनों जब बारिश हो रही थी, उस बीच धूप अपनी तेज़ी नहीं दिखा पा रहा था, लेकिन जब आसमान साफ हुआ और धूप ने तेज़ी दिखानी शुरू की, लेकिन उसी बीच शुरू हुई पछुआ हवाओं ने धूप की सारी तेज़ी हवा कर दी। सुबह सूरज की पौ फटने से पहले ही पछुआ हवाओं के झोंके उस पर भारी पड़ने लगे।

**सार-संक्षेप**



शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

### नेत्र शिविर में 95 मरीजों का हुई जांच

**हरदोई, अमृत विचार।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा में रमेश अग्रवाल सभापति की अध्यक्षता में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 95 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसके अंतर्गत लगभग 52 मरीज मोतिया बिंदु आपरेशन हेतु कानपुर ले जाया गया। शिविर में चिकित्सालय कानपुर द्वारा नेत्र चिकित्सक डा पीनल, राममोहन, शिवम्, संघप्रिय, रेखा तथा अनुष्का नर्सिंग स्टाफ नें मरीजों की विधिवत जांच की। पंजीकरण का कार्य, आपदा अध्यक्ष महेश चंद्र तथा वालिंटियर्स टीम लाक्ष्या मिश्रा, माध्वी मिश्रा, अशोक कुमार पाल नें संभाला। जिसमें डा रमेश अग्रवाल सभापति, अखिलेश सिंह सिकरवार उपसभापति, सुनील सिंह सोमवंशी सचिव एम के दीक्षित, लक्ष्मी कांत, रवि शुक्ला, सुधांशु रंजन श्रीवास्तव तथा एस के दीक्षित व नेत्र शिविर के अध्यक्ष मुरलीधर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



मेडिकल कालेज में हाथ से आक्सीजन देता स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### मरीज को हाथ से ऑक्सीजन देते दिखे तीमारदार

**हरदोई, अमृत विचार।** बुज़ुर्ग की ज़िंदगी बचाने के लिए उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां बिजली में खराबी के चलते दोनों आक्सीजन प्लांट ठप हो गए। बुज़ुर्ग की जान बचाने के लिए घर वाले बाहर से सिलेंडर खरीद लाए जिसके बाद बुजुर्ग की उखड़ती सांसों को राहत मिली। जानकारी के अनुसार आक्सीजन प्लांट के के लिए जनरेटर है, लेकिन उसे चलाया नहीं जाता। बेहटा गोकुल थाने के हुसैनापुर ढ़ोकर निवासी 54 वर्षीय पवन कुमार सिंह के फेफड़े जवाब दे गए। घर वालों ने उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था, चूंकि उन्हें आक्सीजन की ज़रूरत थी, इस वजह से बुधवार की रात को घर वालों ने पवन कुमार सिंह को मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया और उन्हें आक्सीजन दी जाने लगी, लेकिन गुरुवार की सुबह बताया गया कि बिजली नहीं है, इस वजह से आक्सीजन नहीं दी जा सकती। इसका पता होते ही पवन के घर वाले आक्सीजन के लिए दौड़ पड़े और बाहर से सिलेंडर लाए, उसके बाद पवन के घर वालों के सांस में सांस आई।

### श्याम तेरा सच्चा दरबार है तेरी जय जयकार है...

हरदोई, अमृत विचार। श्याम मित्र मंडल के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में दूसरे दिन आरआर इंटर कॉलेज के मैदान में खाटू श्याम की भव्य आकृति तैयार की गई थी। पंडाल में प्रेम मंदिर की आकृति को बनाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत श्याम दीवाना के भजनों से हुई। कन्हैया प्रेम के भूखे हैं मेरा बाबा दौड़ा आएगा, हारे हारे हारे श्याम प्रेमी के सहारे, सुना कर श्याम दीवाना ने अपनी छाप छोड़ी।

## महिला उत्पीड़न की रोकथाम की जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम जनपद न्यायालय के केंद्रीय सभागार में किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार सिंह व प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। अपर जिला जज/सचिव ने महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 विषय पर जानकारी दी। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर महिला एवं उत्पीड़न क्या है एवं उक्त उत्पीड़न की रोकथाम कार्यस्थल पर किस प्रकार की जाएगी। इसके बारे में जानकारी दी। अपर जिला जज प्रीति श्रीवास्तव ने कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 विषय पर विस्तृत रूप से अधिकारियों को जानकारी दी।

**सराहनीय** सरकारी स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा की शुरुआत कराकर बच्चों को तकनीक की सिखा रहीं ए बी सी डी

# ग्रामीण बच्चों के सपने साकार कर रहीं मंत्री की बेटियां

हरदोई

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले गांव के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल की बेटियां पूरे मनोयोग से लगी हुई हैं। वह इन गांव के बच्चों को सपनों को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

बताते चलें कि प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बेटी अनाहिता और इनाया अगवाल ने इकाशा फाउंडेशन के सहयोग से परिषदीय विद्यालय मुजाहिदपुर के बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। अनाहिता और इनाया अग्रवाल अभी महज 14 वर्ष की हैं। मगर उनका अटूट समर्पण और प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने एक मिशाल पेश की है। 3 से 10 वर्ष की आयु के छोटे बच्चों का भविष्य संवारने के उनके दृष्टिकोण ने न केवल प्यारे बच्चों बल्कि उनके माता-पिता को भी एक नई आशा दी है। उन्हें उनके सपनों को पूरा करने का हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया है।



विद्यालय के बच्चों के साथ अनाहिता और इनाया व साथ में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

उन्होंने विद्यालय में कंप्यूटर की शुरुआत कर बच्चों को तकनीक से अवगत कराया जो समय की मांग है। जिन्होंने जन्म से ही रोशनी नहीं देखी उनके साथ त्योहार मनाते हैं उनके जीवन में खुशियां भरने का प्रयास करते हैं। समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते हैं। टीम भावना और लीडरशिप विकसित करने के लिए खेल गतिविधियों का आयोजन कराती हैं। साथ ही खेल में अच्छे बच्चों को प्रोत्साहित कर देश के लिए खेलने के लिए हरसंभव मदद करती हैं। दोनों बहनें स्कूल की गतिविधियों में बच्चों के साथ शामिल होती हैं। उन्हें प्रेरित कर, मार्गदर्शित कर उनके सपनों को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करती हैं। उनका मानना है कि ये बच्चे देश का भविष्य हैं, देश की आशा हैं। अनाहिता और इनाया ने बताया कि उन्हें सामाजिक कार्यों की प्रेरणा उनके दादा पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल और पिता नितिन अग्रवाल से मिली है। उन्होंने कहा कि उनकी मां गरिमा अग्रवाल भी उनके विचारों को साकार करने के लिए सहयोग करती रहती हैं।

# देश के भविष्य नौनिहालों के साथ शिक्षा विभाग ने किया खिलवाड़

अभिषेक सिंह, सीतापुर

**अमृत विचार।** मंडलीय बेसिक शिक्षा परिषद की खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने आये 7 जिलों के नौनिहालों के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों ने बेहूदा मजाक किया है। यह हम नहीं कैमरे में कैद हुई तस्वीरें बयां कर रही है। बाहर के जिलों से आये नैनिहालों के ठहरने के लिए बनाए गये केंद्रों की कमरों की हालत तो बद से बदतर है। साथ ही शीतलहर और ठिठुरन के बीच बच्चे नंगे पैर फर्श पर खाना खाते हुए कैमरों में कैद हुए है। खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चो के रहने से लेकर खानपान में लंबे बजट का ठीकरा शासन को सौंपा जाएगा। बावजूद इसके नैनिहालो टूटी छतों और बगैर खिड़की के दरवाजों के बीच एक रजाई के अंदर तीन-तीन बच्चे रात गुजारने को मजबूर हुए।

बताते चलें कि कई सालों बाद सीतापुर जिले में मंडलीय बेसिक शिक्षा परिषद की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शहर की ध्यान चंद्र स्टेडियम में किया गया है। गुरुवार को सुबह खेलकूद प्रतियोगिता के बाद स्कूली बच्चों को शासन के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों में ठहरने और उनके खानपान के इंतजाम की जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को सौंपी थी। इस प्रतियोगिता में लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, उन्नाव और सीतापुर जिले के स्कूलों के बच्चे खेलकूद में प्रतिभाग करने आये थे। बेसिक शिक्षा के विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही की हद तो तब हो गई जब बच्चों को जर्जर बिल्डिंग के कमरों में रात्रि विश्राम के लिए ठहराया गया। पहली तस्वीर गौरी बाल मंदिर की है। यहां हरदोई और लखनऊ स्कूलों से आये बच्चों को रात्रि विश्राम के लिए रोका गया था। यहां की तस्वीर देखने के लिए बाद आप भी कहेंगे कि हद है लापरवाही की। यहां विद्यालय में दिन भर खेलने के बाद बच्चों को जो खाना दिया जा रहा था तो महज अरहर की दाल और चावल था जो कि ठंडा हो चुका था। बच्चों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि खाने के दौरान वह जमीन पर ही नंगे पैर बैठकर ठंडा खाना खाने को मजबूर रहे।

दूसरी तस्वीर मेथोडिस्ट मिशन जूनियर गर्ल्स स्कूल की हैं। यहां पर जर्जर और प्लास्टर टूट रहे कमरे में उन्नाव से आये नैनिहालो को रात्रि विश्राम के लिए रुकवाया गया था। यहां की तस्वीर में देखने को मिला कि कमरे की छत का प्लास्टर कभी भी टूटकर बच्चों को चोटिल कर सकता है। रजाई में लेते हुए बच्चे स्कूल की जर्जर छत को ही निहारते हुए नजर आये। बच्चों ने बताया कि कमरे में लगी खिलाड़ियों में दरवाजे तक गायब है। बाहर जनपदों से आये बच्चों को किस हालात में रखा गया है इसका अंदाजा आप तस्वीरों को देखकर लगा सकते है।

**मंडलीय प्रतियोगिता में शामिल होने आये बच्चों को नहीं मिलीं मूल सुविधाएं**

### जिम्मेदारों का नहीं उठा फोन

मंडलीय प्रतियोगिता में शामिल होने आये नौनिहालों की दयनीय तस्वीरें सामने आने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह ने देर रात जब बातचीत के लिए संपर्क किया गया तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठ सका।


गौरी बाल मन्दिर में फर्श पर नंगे पैर ठंडा खाना खाते नौनिहाल।


मेथोडिस्ट मिशन जूनियर गर्ल्स स्कूल में जर्जर छत को निहारते बच्चे।

### 1889 में हुई थी स्कूल की स्थापना

जानकारों की मानें तो उन्नाव जनपद से आये बच्चों को सिविल लाइन स्थित जिस मेथोडिस्ट गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल में रखा गया है। उस स्कूल की स्थापना 1889 में हुई थी। जिस कमरे में बच्चों को रोका गया है। खिड़की से दरवाजे गायब होने की वजह है खुली हवा बच्चों को रात भर परेशान करती रही। जिम्मेदारों ने स्कूल के अन्य सुंदर कमरों की बजाय जर्जर और प्लास्टर टूट चुके जर्जर छत से नीचे बच्चों को रुववाकर नौनिहाल के जीवन से खिलवाड़ करने का काम किया है।

### ठंड में एक रजाई में लेटे तीन बच्चे

मंडलीय प्रतियोगिता में शामिल हुए नैनिहालो को ठंड के बीच काफी जद्दोजहद करना पड़ा। मैथोडिस्ट गर्ल्स स्कूल में कड़ाके की ठंड के बीच एक रजाई में तीन-तीन बच्चों को लेटकर रात गुजारने को मजबूर हुए। इतना ही नहीं जिम्मेदारों ने बच्चो की व्यवस्था के नाम भद्दा मजाक किया है। जमीन पर पड़े पतले गद्दों और रजाई में बच्चों ने जैसे तैसे रात गुजारी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके के ग्राम खैरेपारा निवासी सूबेदार तिवारी (75) पुत्र केदारी तिवारी गुरुवार की सुबह घर से किसी काम के लिए निकले थे। बताया जाता है कि बढ़ौरा पुल के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से बुजुर्ग को गंभीर चोटें आने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि हादसे में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है।

### पुत्री के विवाह में बारातियों के साथ मारपीट का आरोप

**सिधौली।** कोतवाली सिधौली अन्तर्गत ग्राम दौदापुर की निवासिनी आशा बहू तारा तिवारी ने बताया कि दो फरवरी को उनकी बेटी की शादी थी। ग्राम जुंधौरा के एक व्यक्ति ने अपने दो पुत्रों और लगभग दो दर्जन हथियारबन्द लोगों ने बारात का पीछा किया और बारात में आए उनके बुजुर्ग समधी का बैग छीनकर उनके साथ मारपीट की। इसके अलावा समारोह-स्थल पर पहुंच कर गाली-गलौज कर बारातियों को मारा-पीटा। महिला का आरोप है कि दबंग विपक्षी अभी भी उसको जान-माल की धमकी दे रहे हैं। महिला ने दबंग विपक्षियों के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**इमलिया सुल्तानपुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के तिहार गांव निवासी गौरी शंकर की पुत्री लली देवी (28) का विवाह करीब दस वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ही बसेती गांव निवासी रामसनेही पुत्र श्रीकांत के साथ हुआ था। मृतका लली देवी बुधवार को अपने भाई के साथ मायके तिहार गई हुई थी। अगले दिन गुरुवार को सुबह करीब सात बजे लली ने अज्ञात कारणों से कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची काजीकमालपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया और इसकी क्या वजह रही उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है इसीलिए उन्होंने पुलिस को इसकी कोई लिखित तहरीर नहीं दी।

### ससुराल गया युवक लापता

**पिसावां।** बेनियापुर गांव निवासी शिवदत्त पुत्र दिग्विजय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजते हुए आरोप लगाया है कि उसके भाई यज्ञदत्त की ससुराल थाना क्षेत्र के महतानियां गांव में है। उसका भाई बीते मंगलवार को ससुराल जाने को बताकर घर से लगभग तीन बजे निकला था। आरोप है कि उसके भाई की पत्नी अपने मायके में ही थी। भाई का कहना है कि उसका भाई अपने पत्नी को खर्च के लिए कुछ रुपए देने के लिए घर से मोटरसाइकिल से गया था। आरोप है कि उसी दिन भाभी ने उसे फोन कर कहा कि तुम्हारे भाई ससुराल में गाली व अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इनको यंहा से ले जाओ। आरोप है कि जब प्रार्थी व उसके घरवाले उसको लेने के लिए गांव पहुंचे तो भाई नहीं मिला, लेकिन उसकी मोटरसाइकिल ससुराल में ही खड़ी मिली।

### अज्ञात का मिला शव

**तंबौर।** इस्माईल गंज थाना परिक्षेत्र तंबौर में बुधवार को स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि गंदे नाले में किसी अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंचे थाना तंबौर प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने पास पड़ोस के लोगों से मृतक की पहचान करवाई, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। ऐसे में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

# हिस्ट्रीशीटर को बंधक बनाकर घर में लूट की सूचना से हलकान रही पुलिस

## पीड़ित ने आपसी मारपीट को देर रात लूटपाट की घटना में किया तब्दील

**सीतापुर, अमृत विचार।** मानपुर थाना इलाके में थाने के हिस्ट्रीशीटर के घर लूटपाट की सूचना से पुलिस गुरुवार दिन भर हलकान रही। वादी हिस्ट्रीशीटर पर बदमाशों द्वारा बंधक बनाये जाने के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा रहा। 10 घंटे से अधिक समय तक चली घटना की छानबीन के बाद सीओ ने घटना को संदेहास्पद बताते हुए जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की बात कही। घटना के बाद मानपुर पुलिस मामले पर चुप्पी साधे रही।

ग्राम न्यादरपुर निवासी आशीष तिवारी (48) पुत्र जय नारायण तिवारी थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जाता है। घायल गृहस्वामी आशीष ने पुलिस को सूचना देकर आरोप लगाया कि बुधवार की देर रात आधा दर्जन से अधिक शस्त्र बदमाशों ने उसके घर में धावा बोलकर नकदी और जेवरात सहित लाखों रुपयों की कीमत का सामान लूटकर फरार हो गए। इस दौरान बदमाशों ने आशीष द्वारा विरोध करने पर उसे गांव के बाहर बंधक बनाकर छोड़ दिया और मारपीट की जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई है। हिस्ट्रीशीटर के घर लूटपाट की सूचना पर पहुंची मानपुर पुलिस और उच्चाधिकारियों ने मामले की गहनता से छानबीन की तो घटना संदेहास्पद मिली। मानपुर थानाध्यक्ष दिलीप चौबे वारदात की सूचना के बाद से शाम तक मामले पर चुप्पी साधे हुए मामले में जवाब देने से कतराते रहे।

**सीओ ने बयान जारी कर मामले की दी जानकारी, गांव में हुआ था दो पक्षों में विवाद**

> गांव में यादव विरादरी के लोगों से हुई मारपीट को लेकर लूटपाट की वारदात की सूचना दी गई थी। मारपीट मामले में घायल होने के बाद वादी हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस को गुमराह करने का काम किया है। जांच कराकर कठोर कार्यवाई की जाएगी।
>
> -चक्रेश मिश्रा, एसपी


लूटपाट के बाद घर का बिखरा पड़ा सामान व खुली पड़ी अलमारी। अमृत विचार

### रंजिश में लूटपाट का लगाया आरोप : सीओ

लूटपाट की घटना के बाद सीओ लहरपुर सुशील कुमार ने मीडिया सेल पर बयान जारी करते हुए लूटपाट की घटना को नकारते हुए पीड़ित को हिस्ट्रीशीटर बताया। पुलिस ने बताया कि गांव में हुए आपसी झगड़े को लूट की घटना दिखाने की योजना पीड़ित द्वारा की जा रही थी। घटना की गहनता से जांचकर मामले में विधिक कार्यवाई की जाएगी।

### थानाध्यक्ष की चुप्पी से उठे सवाल!

थाना इलाके में हिस्ट्रीशीटर के घर हुयी लूटपाट की सूचना के बाद मानपुर थानाध्यक्ष की चुप्पी घटना को सवालों के घेरे में लाकर खड़ी कर दी थी। सीओ व पुलिस अधीक्षक के बयान के बाद घटना की सत्यता बाहर आ सकी। थानाध्यक्ष के फोन न उठाने से गुरुवार को दिनभर लूटपाट की सूचना की सत्यता सीओ के जारी किये गए मीडिया सेल के बयान के बाद साफ हो सकी।

## पुरस्कार न मिलने से निराश न होकर करें कठिन मेहनत

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने का तरीका है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों मै अंतर्निहित प्रतिभा को निखारना है। जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त हुआ है वह सभी बधाई के पात्र है, परंतु जिन्हे किसी किसी कारणवश पुरस्कार प्राप्त नहीं हो सका वो कठिन मेहनत, लगन से मंजिल हासिल करें। कस्बा पैंतेपुर के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय मीरा नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कृत करते मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर मथुरा नवीन पटेल हुए यह बात कहीं। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार ने किया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विद्यालय को बहनों कक्षा पांच की बहनों सुनैना एवं दिव्य द्वारा मां शारदे मां शारदे से किया गया। कक्षा एक के विद्यार्थियों दानिश, अनूप और शुभी ने स्कूल चलें हम गीत पर भाव नृत्य, कक्षा 3 के विद्यार्थियों महक, खदीबा, चाहत और उम्मे हबीबा ने सौगंध मुझे इस मिट्टी की देश गीत कक्षा 4 एवम 5 की शालू कहकशां एवं प्रांशी , सना,शिक्षा एवम प्राची ने एकांकी शिक्षा का महत्व प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अन्य बच्चों को आनंदित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीदेवी, डॉक्टर श्रीप्रकाश प्रधानाध्यापक संजय कुमार, सहायक अध्यापक ललित कुमार शिक्षा मित्र मंजू देवी सहित आगनवाड़ी स्नेहलता सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जन-जन से संपर्क और गांवों में प्रवास पर सपा का जोर



कार्यकता सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते पूव मंत्री रामहेत भारती।

**सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत समाजवादी पार्टी ने गुरूवार को अपने बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हरगांव के निजी गेस्ट हाउस में आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता हरगांव विधान सभा के सपा अध्यक्ष फुरकान खां ने की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कस्ता के पूर्व विधायक सुनील कुमार भार्गव उर्फ लाला व विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी लखीमपुर शशांक यादव रहे। बूथ प्रबंधन को लेकर शशांक यादव ने विस्तार से सजग होकर कार्य करने की बात कहीं। सपा के धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी आनंद भदौरिया लोकसभा चुनाव में कार्य हेतु सभी आए हुए पदाधिकारियों सहित मंच पर उपस्थित नेताओं को शपथ दिलाई। आनंद भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से तन मन धन से जुटकर आने वाले चुनाव में लोकसभा की धौरहरा सीट को जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने की अपील की। पूर्व कैबिनेट मंत्री रामहेत भारती ने चुनाव प्रबंधन में वोटर लिस्ट का बारीकी से निरीक्षण किया। जन-जन से संपर्क और गांवों में प्रवास पर जोर दिया। पूर्व लोकसभा व विधानसभा चुनाव में हुई हार के कारणों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर मोहन बाजपेयी लखीमपुर, क्षत्रपाल यादव जिलाध्यक्ष सीतापुर, लाल सिंह यादव, रामहेत भारती पूर्व मंत्री, राम प्रकाश यादव, रवि कौशल, जसवंत पूर्व प्रधान, रंजीत वर्मा प्रधान ककराही, लतीफ कुरैसी, नजीर अहमद गुड्डू आदि भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### किसान से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** चीनी मिल अधिकारी द्वारा किसान के साथ मापीट के मामले में अन्नदाता किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर मांग की है कि महमूदाबाद चीनी मिल के मुख्य अधिशासी एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाए, अगर कार्यवाही नहीं की गई, तो हम सभी किसान बिसवां तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। मालूम हो कि 6 फरवरी 2024 को थाना रेउसा अंतर्गत ग्राम जोगापुर मजरा बंभिया तहसील बिसवां निवासी किसान जीतू सिंह पुत्र मुरारी सिंह अपना गन्ना खेत से लेकर बेहटा जा रहे थे। रास्ते में महमूदाबाद चीनी मिल के मुख्य अधिशासी एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक भीम कुशवाहा मिले और कहा कि यह गन्ना फैक्ट्री ले चलो, तो किसान ने कहा कि मेरा सट्टा बिसवां चीनी मिल में बना हुआ है। यह कहने पर उक्त दोनों अधिकारी आग बबूला हो गए और किसान को गाली दी और मारा पीटा। जिसका अभी कुछ दिन पहले वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। उक्त के संबंध में किसान ने थाना रेउसा में प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### कृष्ण का नाम लेते हुए मीरा ने पिया विष का प्याला

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** बरगावां के दुर्गामंदिर पर चल रही रासलीला के दौरान वृन्दावन के कलाकारों ने कृष्ण भक्त मीरा का मंचन किया। मंचन में दिखाया जब मीरा आठ साल की थी तब मोहल्ले में एक बारात को आता देख मीराबाई ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है उनकी मां ने मीराबाई की बाल जिज्ञासा को शांत करने के लिए कह दिया कि तेरे पति श्रीकृष्ण है इस घटना के बाद से ही मीराबाई ने श्रीकृष्ण भगवान को ही अपना सब कुछ मान लिया और उनकी भक्ति में लीन हो गई। मीराबाई का विवाह महाराणा सांगा के पुत्र भोजराज से कराया गया था लेकिन मीरा शादी के बाद भी श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहने लगी थी जिससे उनके ससुराल वाले क्रोधित होने गले थे जब मीरा के पति की मृत्यु एक युद्ध के दौरान हो गई तो ससुराल वालों ने मीरा को सती होने के लिए कहा, तो मीरा बोली की मेरे पति तो श्रीकृष्ण है और वे पति की मौत के बाद भी कृष्ण भक्ति में लीन रहने लगी। जिससे ससुराल वालों ने मीरा पर व्यभिचारिणी होने का आरोप लगाकर भरी सभा में मीरा को विष का प्याला देकर पीने को कहा। मीरा ने भी कृष्ण का नाम लेते हुए विष का प्याला पी लिया। वही सबको लग रहा था कि मीरा जीवित नहीं बचेगीं मगर विष का प्याला मीरा के लिए अमृत बन गया और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से मीरा पर विष का जरा भी प्रभाव नहीं पड़ा। आज भी लोग श्रीकृष्ण के प्रति मीरा की भक्ति को याद करते हैं।

## सिधौली में महिला मैराथन 13 फरवरी को

**कमलापुर।** सांसद खेल स्पर्धा के तहत मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की सिधौली विधानसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर के नेतृत्व में पांच किलोमीटर की साड़ी युक्त महिला दौड़ और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 13 फरवरी को होगा।

युवाओं और महिलाओं की खेल में भागीदारी बढ़ाने के लिए मोहनलालगंज लोकसभा में सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत पांचों विधानसभा में खेल आयोजन किए जा रहे है। केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद कौशल किशोर का कहना है कि देश के महिलाओं की वैश्विक पहचान साड़ी है भारतीय संस्कृति के साथ खेलों में बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। ब्लाक कसमंडा में गुरुवार को सांसद खेल स्पर्धा के तहत आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह ने प्रेस वार्ता की। सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी विधानसभाओं में किया जा रहा है।

# कौशल किशोर को चुनौती दे सकते हैं पुष्पेंद्र

सिधौली, सीतापुर

**अमृत विचार।** लखनऊ की मोहनलालगंज लोकसभा सीट सभी दलों के लिए काफी चुनौती वाली रहती है। दो बार से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। ऐसे में सभी दलों ने अपने समीकरण बिठाने शुरू कर दिए हैं। मोहनलालगंज सीट से भाजपा के वर्तमान सांसद व मंत्री कौशल किशोर की दावेदारी को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व बंथरा के भटगांव निवासी पुष्पेंद्र पासी खुलकर चुनौती दे रहे हैं। जहां एक और पुष्पेन्द्र की राजनीतिक पृष्ठभूमि और सरल स्वभाव उन्हें दावेदारी की भीड़ से अलग करती है, तो वहीं कौशल किशोर निर्भीक और निडरता वाली लीडरशिप जनता को अपनी और खिंचते दिख रही है।

लखनऊ की मोहनलालगंज लोकसभा सीट के दायरे में सिधौली विधानसभा भी आती है और इसे साध पाना हर एक के बस की बात नहीं है। बात अगर वोटों के गणित की जाये तो इस सीट पर पिछड़े व दलित वोटों की संख्या हमेशा निर्णायक रहती है। भाजपा से लगातार दूसरी बार कौशल किशोर ने जीते हैं।

हालांकि राजनैतिक जानकारों की मानें तो उनके लिए इस बार टिकट पाना इतना आसान नहीं होगा। कयास यह भी हैं कि शायद पार्टी उनकी सीट बदल दे ऐसे में कोई नया चेहरा पार्टी मैदान में उतार सकती है। भाजपा से टिकट की दावेदारी करने वाले में कल्याण सिंह सरकार में मंत्री रहे रमापति शास्त्री व सीमा सिंह रावत का भी नाम शामिल है।

**विधानसभा सिधौली में पिछड़े व दलित वोटर निभातें हैं निर्णायक की भूमिका**

### सामाजिक न्याय के मुद्दों के कार्यकर्ता हैं कौशल किशोर

कौशल किशोर पारख महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और पार्टी के एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। वह पार्टी के नेता और सामाजिक न्याय के मुद्दों के कार्यकर्ता हैं। कौशल किशोर ने सीआर डिग्री कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया, लेकिन मजदूरों और किसानों के मुद्दों में शामिल होने के कारण आगे नहीं बढ़ सके। कौशल किशोर वर्ष 2002 में मलिहाबाद निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधायक बने। 2002-2003 में वह मुलायम सिंह की सरकार में राज्यमंत्री भी बने। 2002-2007 कौशल किशोर उप्र विधानसभा सदस्य रहे। कौशल किशोर वर्ष 2014 में पहली बार मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर भाजपा से सांसद बने। वर्ष 2014 में श्रम और रोजगार मंत्रालय पर परामर्श समिति के सदस्य बने। गृह मामलों पर स्थायी समिति के सदस्य चुने गए। फिर 2019 से वर्तमान तक भाजपा से कौशल किशोर सासंद है। कौशल किशोर की पत्नी वर्तमान में मलिहाबाद विधानसभा से विधायक हैं।

### पुष्पेंद्र पासी को विरासत में मिली है उच्चस्तरीय शिक्षा व राजनीति

डॉ. पुष्पेंद्र पासी की पत्नी झारखंड कैडर की आईएएस अधिकारी हैं वे खुद भी समाज के विकास और युवा पीढ़ी को शिक्षित बनाने के अभियान से जुड़े हुए हैं। डेवलपमेंट फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में पुष्पेंद्र मेडिकल और इंजीनियरिंग के साथ ही सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे छात्रों को नि:शुल्क नोट्स उपलब्ध कराने के साथ ही उनके लिए नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग और कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था करते हैं, उनका मानना है युवा मजबूत होगा तो देश का भविष्य सुरक्षित होगा। पुष्पेंद्र के भाई आदित्य रंजन सिविल जज हैं तो उनके नाना चंद्रपाल रावत उन्नाव की हसनगंज विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। सूत्रों की मानें तो पुष्पेंद्र की पारिवारिक पृष्ठभूमि से ही उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा व राजनीति विरासत में मिली है।

## आस्था

**भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी व बूथ कार्यकर्ताओं ने किये दर्शन**

# प्रभु श्रीराम के दर्शन करने जनपद से अयोध्या पहुंचे हजारों श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में जनपद से पार्टी पदाधिकारी व बूथ कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचे और प्रभु श्रीराम के पावन दर्शन किए। पार्टी कार्यक्रम के अनुसार सीतापुर से 140 बसों में लगभग 7000 पार्टी पदाधिकारी गुरुवार सुबह अयोध्या के लिए रवाना हो गए। प्रभु श्री राम के दर्शन कर उन्होंने मां सरयू के तट पर स्नान ध्यान किया।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि हम सब बहुत भाग्यशाली है कि हमें ऐसी पार्टी में सेवा देने का मौका मिल रहा है जो प्रभु श्री राम के चरणों में अपनी श्रद्धा समर्पित करने में विश्वास रखती है और आज का दिन व्यक्तिगत तौर से मेरे लिए काफी श्रद्धामय है, क्योंकि मैं प्रभु श्री राम के पुण्य दर्शन पा रहा हूं। लगभग 18 हजार पार्टी पदाधिकारी भगवान श्री राम के दर्शन के लिए दो जत्थों में जाने हैं, जिसमें शेष जल्द ही दूसरे जत्थे में प्रभु के दर्शन करने अयोध्या धाम जाएंगे।


श्रीराम के दर्शन करने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

### मूर्तियों को विधि-विधान से कराया गया पुष्पाधिवास

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** मां संकटा देवी धाम में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री, अशोक शास्त्री, कन्हैयालाल मिश्र, आचार्य गंगा सहाय, शेषमणि मिश्र, शशिकांत सहित अन्य आचार्यों ने पूर्व आवाहित देवताओं के साथ चंडी यंत्र, सभी देवी-देवताओं की स्थापना व पूजन के साथ चंडी न्यास व नवार्ण मंत्र का आरम्भ व देवी-देवताओं के आवाहन के साथ पूजन किया। नवनिर्मित मंदिरों में स्थापित होने वाली देव प्रतिमाओं को गुरूवार को विधिवत पूजन-अर्चन के बाद पुष्पाधिवास कराया गया। शुक्रवार को पूजन-अर्चन के बाद प्रतिमाओं का धूपाधिवास, गंधाधिवास के साथ आरती पूजन संपन्न होगा।

**पावन श्रीराम कथा के साथ आज होगा युवा सम्मेलन**

श्री संकटा देवी धाम में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ, संगीतमयी पावन श्रीराम कथा व युवा सम्मेलन में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा शामिल होंगे। यह जानकारी मां संकटा देवी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने दी।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता।
सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नही पाया जाता ।

## संपादकीय

# जैव ईंधन पर जोर

पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के चलते जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला संकट का सामना कर रही है। ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे बने हुए हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा मांग प्रति वर्ष तीन प्रतिशत से अधिक तक बढ़ सकती है। तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में परिवहन ईंधन के लिए भारत में मांग का बढ़ना जारी रहेगा। जबकि अन्य देशों में यह स्थिर है या इसमें गिरावट आ रही है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं के 80 प्रतिशत भाग का आयात करता है और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसके साथ ही, भारत की ऊर्जा खपत के अगले 25 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान किया जाता है। यानि 2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक बन सकता है। 2030 तक भारत में प्रतिदिन तेल की खपत 66 लाख बैरल हो जाएगी। कहा जा सकता है कि सरकार ने जीवाश्म ईंधन के विकल्पों पर जोर देकर सही किया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के नेतृत्व वाले समूह, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस ने पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया था। जैव ईंधन बायोमास से बने ईंधन हैं, जैसे कि पौधे या अपशिष्ट पदार्थ जिन्हें ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैव ईंधन के समर्थकों का तर्क है कि वे जीवाश्म ईंधन के विपरीत ऊर्जा का एक स्थायी और नवीकरणीय स्रोत हैं जो सीमित हैं और अंततः समाप्त हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा जाता है कि जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे यह अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन जाता है।

जीवाश्म ईंधन दुनिया भर में 70 प्रतिशत कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष होने वाली 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। इस परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा के निरंतर जोखिमों को कम करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों की ओर संक्रमण में तेजी लाना और जीवाश्म ईंधन की प्रमुखता को तेजी से समाप्त करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि सरकार का लक्ष्य तेल की खोज में निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने का है। ऐसे में भारत घरेलू उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर ध्यान दे।

# जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है?

देश की जनता अपने प्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजती है कि देश की प्रत्येक समस्या पर वहां खुल कर चर्चा हो क्योंकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद है लेकिन संसद नहीं चल पाती और ऐसा आज से नहीं, बरसों से हो रहा है। जितना गहन विचार-विमर्श होना चाहिए वह नहीं हो पाता। सवाल यह है कि क्या संसद और विधानसभाएं जनमत का प्रतिनिधित्व कर पा रही हैं या जनमत के नाम पर सत्ता और पैसे के संगठित स्वार्थ द्वारा संचालित हो रही हैं? क्या सचमुच वहां देश के सच्चे प्रतिनिधि लोग हैं? क्या सचमुच वहां देश की मेधा पंहुच पाती है?

संसद सदस्यों के आडंबर, इनकी सुख-सुविधा, इनके सांमती खर्च, इनकी पल-पल बदलने वाली वेशभूषा, इनके वेतन भत्ते इस विकासशील और गरीब देश पर भार नहीं बन चुके हैं? प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपया इन नए सामंतों पर खर्च नहीं हो रहा है? लोकतंत्र के संचालन के लिए लोक ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपने को लोक के अंतर्गत मानते हैं या अपने को लोक के ऊपर समझते हैं? क्या यह संसद की महिमा का ही क्षरण नहीं है? ये देश की सेवा है? क्या संविधान निर्माताओंने ऐसी ही संसद की परिकल्पना की थी? क्या भीड़तंत्र को लोकतंत्र बतलाना, जनता को धोखा देना नहीं है?

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है? बैंकों की लूट का सिलसिला जारी है। चर्चा के लिए संसद है किंतु संसद में गंभीर चर्चा कहां होती हैं?

उन चैनलों पर जो निहित-स्वार्थ के द्वारा संचालित होते हैं। जहां विमर्श की आवश्यकता है, वहां तमाशा किया जा रहा है। जातियुद्ध और मजहबी-उन्माद को हवा देने के लिए लोकतंत्र का तमाशा। उनके कार्यक्रमों के नाम ही उनकी प्रवृत्ति को उजागर कर सकते हैं, किसी का नाम है-दंगल तो किसी का नाम है-मुकाबला और कोई हल्ला बोल है। दूरदर्शन और आकाशवाणी

जाति और धर्म किसने बनाए? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे।

इतिहास बन चुके हैं। जाति और मजहब को लेकर जनता की एकता को निरंतर तोड़ते रहने का सदाव्रत, इसी सदाव्रत का नाम आज राजनीति बन चुका है। चर्चा उठी है कि जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए?

ये दोनों सवाल राजनीति के नहीं, समाजशास्त्र के हैं, मानव शास्त्र के हैं, संस्कृति शास्त्र के हैं, इतिहास के हैं। ये दोनों सवाल विश्वविद्यालयों और दूसरी राष्ट्रीय अनुसंधान-संस्थाओं के हैं। मुश्किल यह है कि विश्वविद्यालय मौन हैं और जिनका क्षेत्र राजनीति है, वे वितंडा कर रहे हैं।

जहां तक अनुसंधान की बात है, तो मेरे अध्ययन में जाति को लेकर जितना स्पष्ट चिंतन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का है, उतना किसी का नहीं। जन्मना जाति के सिद्धांत को उन्होंने स्वयं भोगा था। उन्होने लिखा है कि-'मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन छूआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की मुझे अनुमति नहीं थी। मैंने मास्टरजी से कहा-मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता।' जाति को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण अनुसंधान है। जब कोई बुद्धिजीवी किसी मिशन को लेकर खड़ा हो जाता है, तब वह कितनी प्रचंड शक्ति बन जाता है, डॉ. भीमराव आंबेडकर इसके उदाहरण थे। भारतीय समाज के सताए हुए वर्ग से जो बुद्धिजीवी पैदा हुआ, उसने अधिकार की सत्ता को विचार-शक्ति का दमखम दिखा दिया। उनके विरोधी भी उनके तर्कों की धार को मान गए थे। डा भीमराव आंबेडकर की जाति की अवधारणा को गहराई से समझना होगा।

अभी कुछ दिन पहले ही इतिहास के प्रोफेसर डा. रामेश्वरदास का शोधपत्र सुना, उन्होंने बतलाया कि शूद्र एक कबीले का नाम था, शूद्र नामक कबीले में क्रमशः अन्य कबीले समाते रहे और वह एक बड़ा वर्ण बन गया।

जाति और धर्म किसने बनाये? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे। ईसाई मिश्नरी अवश्य वहां पहुंची थीं किन्तु पुरोहित-प्रपंच अभी भी वहां से दूर है।

मानव-शास्त्रियों ने मनुष्य-जीवन को समझने के लिए आदिवासी-जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया था, जिसका निरन्तर विकास हो रहा है। सभ्यता के कितने सोपान हैं? लेकिन मनुष्य मनुष्य ही है और आदिवासियों को भी मनुष्य के रूप में ही पहचाना जा सकता है। संसार के विभिन्न देशों की तरह भारत में भी आदिवासियों का बहुत विस्तार है और अध्येताओं ने उनका वर्गीकरण भी किया है।

आदिवासी-संस्कृति के अध्येताओं ने एक तथ्य को देखा है कि आदिवासी मानते हैं कि नारी और प्रकृति एक ही तत्त्व है। जंगल और प्रकृति उनकी मां है। समुद्र देवी का रूप है, हवा और बादल भी दिव्य हैं। उनके लोकनृत्य प्रकृति और जीवन की एकता की अवधारणा पर ही आधारित हैं। वे मानते हैं कि वृक्ष दिव्य शक्ति हैं। उनका जीवन आवश्यकता पर आधारित है, लालच या तृष्णा पर नहीं। प्रकृति का सहज साहचर्य, आनन्द और नृत्य उनका जीवन है। उनके पास लिखित साहित्य नहीं है। लेकिन वाचिक-परंपरा से उन्होंने सामाजिक विवेक की धरोहर को संजो कर रक्खा है। चेतना और आत्मा में वे भरोसा करते हैं। रोग- मातृका की पूजा करते हैं। मृत्यु के समय भी वे नृत्य करते हैं क्योंकि यह भी भगवान की लीला है।

हम उनको मनुष्य नहीं मानते, उनकी भाषा को भाषा नहीं मानते, उनकी कला को कला नहीं मानते। हां, जहां दाव लग जाता है, उनका शोषण करते हैं, उनके जंगल और प्राकृतिक-संसाधन छीनना विकास का सहज स्वभाव है। विकास की इस अवधारणा का केन्द्रीय तत्व तृष्णा या लालच है। बहुत से शोधार्थी अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों पर शोध कर रहे हैं, मात्र चौदह लाख के आस-पास की आबादी वाले इस अकेले प्रदेश में ही जो शताधिक जनजातियां निवास करती हैं, इनमें लाख से ऊपर की जनसंख्यावाली जनजातियां भी हैं, तो कुछ ऐसी भी जनजातियां हैं, जिनकी गिनती सैकड़ों तक ही सिमटकर रह जाती है। मूलतःजनजातीय स्वरूप वाले इस राज्य में निवास करने वाली जो सौ से अधिक जनजातियां हैं, इनमें से 25 या 26 की पहचान प्रमुख जनजातियों के रूप में की गई है। इन सबकी अपनी अलग-अलग बोली-बानी, कला-साहित्य, सामाजिक-सांस्कृतिक वैशिष्ट्य आदि। ऐसे में किसी एकरेखीय पद्धति से इनकी लोक-संस्कृति का विवेचन करना कोई आसान काम नहीं।

यह जाति और धर्म के उद्भव की एक कहानी है। भारत में हजारों ही जनजातियां हैं और उनके हजारों ही लोकदेवता हैं और अलग अलग धर्म-रीतियां हैं, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि इन जातियों की रचना अमुक जाति ने की है। इन लोगों के पास आज भी न वेद हैं, न पुराण, न मनुस्मृति और न रामचरित मानस फ़िर भी इनके पास इनका देवता है, ईश्वर का एक समरूप, इनके पास जातियों के अनन्त भेद हैं। विविध बोलियाँ हैं और विविध विश्वास। राजनैतिक-निहित स्वार्थों को पर्दे के पीछे छिपा कर भाषण देने या भारतीय-चिन्तन को नकारने से जाति-समस्या का समाधान नहीं हो सकता। क्या जन्म को आधार बना कर आज नई-नई जातियां पैदा नहीं हो रहीं? जैसे-जन्मना जातिः नेता का बेटा नेता? अफ़सर का बेटा अफ़सर।

## प्रसंगवश

# धर्म की प्रकृति


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अक्सर लोगों को कहते सुनता हूं कि धर्म अज्ञान की उपज है। पर यह विचार तथ्यों से परे है, क्योंकि संसार के जितने भी धर्म हैं, चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म हो, ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या अन्य कोई धर्म हो, सभी अपने समय के महानतम विचारकों और ज्ञानियों द्वारा शुरू किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि सारे धर्म अपने उद्भव काल में उतने ही ज्यादा क्रांतिकारी थे और व्यवस्था के विरोधी थे जितना कि 19वीं सदी में मार्क्स द्वारा प्रतिपादित साम्यवाद के सिद्धांत।

धर्म की उत्पत्ति का मुख्य कारण समाज का शासक और शोषित वर्गों में विभाजित होना और परिणामस्वरूप जीवन में वैषम्य और दुख का आगमन होना रहा। जीवन में दुख का मुख्य कारण धन का अभाव नहीं बल्कि असमानता की उपस्थिति है। एक सर्व शक्तिमान ईश्वर की कल्पना कर के शोषित वर्ग ने धरती के शासकों को मानों खुली चुनौती दी कि तुमसे भी बड़ा कोई और है जिसके हम अनुयाई हैं। स्वर्ग की कल्पना इस बात का प्रमाण है कि इस दुनिया में दुख है। यह आदमी के इस आकांक्षा की अभिव्यक्ति है कि वह दुख विहीन समाज का स्वप्न पाले हुए है। चूंकि ऐसा समाज उसके तमाम प्रयासों के बावजूद धरती पर उसे नहीं मिल पाता तो वह मरणोपरांत इसे पाने की कल्पना कर सुख की अनुभूति करता है। कार्ल मार्क्स ने धर्म के सटीक अवधारणा दी कि धर्म दुनिया के वास्तविक दुखों की अभिव्यक्ति है और इसके खिलाफ विरोध भी।

इतिहास में हमेशा ऐसा हुआ है कि शासक वर्ग जब किसी नए क्रांतिकारी विचार से लड़ने में अक्षम होता है तो वह उसे अपने अनुकूल बनाकर उसको अपने हथियार के रूप में प्रयोग करने लगता है। व्यवस्था विरोधी बुद्ध और ईसा मसीह दोनों को शासक वर्ग ने बाद में इसी तरह अपना बना लिया। आजकल धर्म का जो रूप है और उसमें जो व्याप्त कुरीतियां, ढकोसले, अंधविश्वास आदि हैं, ये सभी शासक वर्गों तथा पंडों-पुजारियों, पादरियों और मुल्लाओं द्वारा बाद में पैदा किए हुए उत्पाद है जिनका धर्म के मौलिक स्वरूप से कोई संबंध नहीं। ये सभी अज्ञानी जनता को ठगने और अंधविश्वासों में उलझाए रखने के साधन हैं। निष्कर्ष यह है कि जीवन में जब तक विषमताएं हैं और दुख है, तब तक धरती पर धर्म रहेगा।

# मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे।

1990 के दशक में, जब हमारे बैच या उसके कुछ आगे-पीछे के बैच के लोग पढ़-लिख कर रोजगार की दुनिया में जगह तलाशने निकले तो उन्हें अपने सामने एक वीराना के सिवा कुछ नजर नहीं आया। कहीं कोई वैकेंसी नहीं। अखबारों में रोज खबरें छपा करती थीं कि सरकार की माली हालत बेहद खस्ता है और इस कारण सरकारी भर्त्तियों पर अघोषित रोक है। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह अपने वक्तव्यों में उम्मीद जताते थे कि आर्थिक उदारीकरण अपना असर दिखाने में कुछ समय लेगा और उसके बाद रोजगार के क्षेत्र में अवसरों की भरमार होगी।

बिहार-यूपी के हमारे जैसे छात्रों-नौजवानों को बचपन से ही अभिभावक और शिक्षक सरकारी नौकरी के लिए तैयार करने में लगे रहे थे। हम लोग भी यही सोच कर मिड्ल स्कूल से एमए तक की पढ़ाई में लगे रहे कि एक दिन कलक्टर-प्रोफेसर-बीडीओ से लेकर क्लर्क-मास्टर तक बन जाएंगे। लेकिन, यहां तो सन्नाटा था। संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों में हर साल वैकेंसीज कम होती जा रही थी, विश्वविद्यालयों के कर्ता-धर्ता कसम खाए बैठे थे कि भर्त्तियां नहीं करनी हैं। कभी-कभार कोई छोटी-मोटी वैकेंसी आई नहीं कि अभ्यर्थियों का रेला टूट पड़ता था।

मीडिया उदारीकरण के पक्ष में माहौल बना रहा था और मध्य वर्ग, जो अपने बच्चों को सरकारी नौकरी में देखना चाहता था, जो अपनी बेटियों के लिए किसी भी तरह सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहता था, उदारीकरण और निजीकरण का न सिर्फ स्वागत कर रहा था, बल्कि इसके पक्ष में बहस तक करने को उतारू नजर आता था। एक माहौल बन गया था कि सरकारी कंपनियां देश के लिए बोझ हैं, सरकारी कर्मी सरकार के लिए बोझ हैं, और कि सरकारी पद जितने खत्म किये जाएंगे, देश का उतना भला होगा।

'रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे। तो, बैंकों में, रेलवे में, पब्लिक सेक्टर की अन्य इकाइयों के साथ ही एसएससी आदि में भी वैकेंसी या तो नदारद थी या बहुत कम आ रही थी।

1996-97 आते-आते हालात ऐसे बन गए थे कि अच्छे-खासे यूनिवर्सिटी टॉपर्स प्राइमरी स्कूल की मास्टरी की लाइन में लग गए थे, बीटेक किए लोग बैंक क्लर्की की फार्म निकलने का इंतजार कर रहे थे। और, जो सरकारी प्राइमरी मास्टर बन गए उनके यहां बड़े-बड़े अधिकारी गण भी अपनी बेटियों की शादी के लिए दौड़ लगाने लगे थे। उस दुःकाल में, जब बड़े सरकारी पद वाले अविवाहित युवाओं का अकाल सा पड़ गया था, स्कूल टीचर की डिमांड भी काफी बढ़ गई थी। बस, उसे सरकारी होना था। हालांकि, प्राइवेट नौकरियों का भी अकाल सा ही था तब। लेकिन, उम्मीद जताई जा रही थी कि खुलता हुआ बाजार रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाएगा एक दिन। आज अगर बाप की पीढ़ी इस संक्रमण काल में दिक्कतों का सामना कर रही है तो कल बेटे की पीढ़ी के सामने रोजगार की विकट समस्या नहीं होगी।

तब से ढाई-तीन दशक बीते। आज के रोजगार परिदृश्य को देखें। सरकारी भर्त्तियों पर लगभग ताले लगे हुए हैं, प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के क्षेत्र में भी मंदी है। जनवरी, 2020 को याद करें। देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में अधिकतम हो गया था। बाद में हालात कुछ सुधरे लेकिन फिर...

आज भी मध्य वर्गीय सयाने लोग निजीकरण की मुहिम का गुणगान कर रहे, हालांकि, तब की तरह आज भी उन्हें बेटे के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, दामाद तो सरकारी नौकरी वाला चाहिए ही। तो... तब और अब के बीच में फर्क क्या आया? सरकारी कर्मियों से पेंशन छीन ली गई, प्राइवेट कर्मियों को मालिकान के रहमोकरम पर छोड़ने वाले तथाकथित 'श्रम सुधार कानून' पारित किए गए, परमानेंट की जगह कांट्रेक्ट और आउट सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया जाने लगा। यानी बाप से बड़ा संकट बेटे की पीढ़ी के सामने है। तीन दशकों की यात्रा के बाद मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में आ गया है। इसकी अमानवीयता जैसे-जैसे उजागर हो रही है, विचारक गहन मंथन के दौर से गुजर रहे हैं। तीन दशक कम भी तो नहीं होते।

## सोशल फोरम

# आस्था विश्वास और अस्तित्व


धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

इतिहासकार इरफान हबीब मानते हैं कि मथुरा और काशी में भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है इसका प्रमाण है और इसके लिए किसी सर्वे या कोर्ट कचहरी की जरूरत ही नहीं है। यह सच है कि औरंगजेब ने मथुरा और काशी में मंदिरों को तुड़वाया। अगर आप काशी या मथुरा जाएं तो देख कर ही पता चल जाता है क्या हुआ होगा। मुगलों से पहले भी जो आक्रांता आए उन्होंने अपने निशान छोड़े। दिल्ली का लालकिले की बात हो या पुराना किले की या कुतुबमीनार की सब अवशेष गवाही देते हैं और बताते हैं कि वह क्या थे और क्या कर दिए गए। अमेरिका आज विश्व शक्ति है वह भी गुलाम था कभी, जब वह आजाद हुआ तो उसने सबसे पहले अपने देश में गुलामी के सभी चिन्ह मिटा दिए। और भारत अपने 75 साल आजादी के बाद भी अपने चिन्हों के लिए संघर्षरत है। भारतीयों में सहिष्णुता नाम का गुण भी अवगुण हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे हज़ारों स्थान है जो तोड़कर बनाए गए हैं। उनमें से सिर्फ तीन स्थान ऐसे थे जिनका पुनर्निर्माण आवश्यक था यह आस्था विश्वास और अस्तित्व के चिन्ह है। जिसमें से एक अयोध्या का संकल्प पूरा हुआ। अब मथुरा और काशी के लिए सभी को एक मिसाल कायम करनी चाहिए। इतिहास गवाह है भारत में दुनिया की दूसरी मस्जिद बनी थी कूबा के बाद। पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन काल में यह मस्जिद बनी। दुनिया में जुम्मे की नमाज़ भी यहीं से शुरू हुई। 629 ईसवी में यह मस्जिद बनी जिसे हिंदू राजा चेरामन ने बनवाया था और उसका नाम भी चेरामन मस्जिद है।

केरल में बनी इस मस्जिद पर शायद ही कोई लुटेरा तुगलक, क़ासिम या मुगल नमाज को पहुंचा हो। दुर्भाग्य है भारत के मुसलमानों ने लुटेरों को इस्लाम का मान लिया जबकि इसमें से मुग़ल तो चंगेज़ ख़ान और हलाकू के खानदान के थे जिन्होंने मक्का और मदीना भी लूटा। भारत के मुसलमानों को अल्लाह के इस्लाम पर चलना चाहिए न कि मुल्ला के बताए गए पर। यही वजह है अखंड भारत के मुसलमानों को सऊदी प्रिंस ने अल हिंदी मुस्कीन कहा यानी दोयम दर्जे के मुसलमान।

**- फेसबुक वॉल से**

# पेयजल हेतु जागरूकता की आवश्यकता


दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आजकल सरकार की ओर से भी जन-जन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में कोशिश कर रहें हैं। यद्यपि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है किन्तु यदि आमजन में पेयजल के रखरखाव संबंधी पर्याप्त जागरूकता न हो तो ये प्रयास सफल नहीं हो सकते।

देश में जल जीवन मिशन जारी है, जिसकी शुरुआत अगस्त 2019 में सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में हुई थी। पिछले चार वर्षों में, इस मिशन ने महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं। नल जल कनेक्शन को 13.91 करोड़ घरों तक पहुंचाया गया है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। इस मिशन की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है और उम्मीद जताई है कि इससे देश में प्रति वर्ष डायरिया के कारण होने वाली चार लाख मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही अन्य जलजनित बीमारियों और उनसे से संबंधित लगभग 1.4 करोड़ विकलांगता को भी रोका जा सकता है ।

जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किए गए जल में पर्याप्त गुणवत्ता है- कार्यक्रम स्रोत और वितरण बिंदुओं पर पानी के नमूनों के नियमित परीक्षण को बढ़ावा देता है। देश में कुल 2,113 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर पानी गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 4.97 लाख गांवों में 23.50 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसके बाबजूद आज भी हमारे देश की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। यूनिसेफ की एक जानकारी के अनुसार देश में 1.96 करोड़ आवासों में फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है । विश्व स्वास्थ्य संगठन देश के 19 राज्यों के करोड़ों लोगों को मानक से अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी दी है। इसके अतिरिक्त देश के कुल जिलों में से दो तिहाई पानी के अत्याधिक अभाव से प्रभावित हैं।

एक विशेष बात और है कि यदि यदि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो भी जाए तब भी पानी के रखरखाव में होने वाली लापरवाही के कारण शुद्ध जल भी अशुद्ध हो जाता है। अतः आमजन में पानी के रखरखाव संबंधी जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है।

# राहुल के आरक्षणास्त्र के मायने


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा के चुनाव अब कभी भी घोषित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल नए नए वायदे, पैंतरे और गठबंधन कर रहे हैं। इस क्रम में देश और दुनियां ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामास्त्र देखा, जिसका भारी प्रभाव पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल और 'इण्डिया' गठबंधन का प्रथम दृष्ट्या अगुवा है। अयोध्या में राम और उनके मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा आदि का कोई दल खुलकर विरोध नहीं कर सकता और जो करेगा वह घाटे में रहेगा, अतः भाजपा की इस बढ़त का तोड़ निकालने के लिए विपक्ष तरह-तरह के उपाय कर रहा है।

इसमें से एक राहुल गांधी की सद्यः कृत यह घोषणा है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे आरक्षण की सुप्रीमकोर्ट द्वारा तय 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा। ऐसा कहकर उन्होंने कथित पिछड़ी जातियों का अधिक वोट प्रतिशत अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में अपने निर्णय में यह सीमा निर्धारित की है, जिसे अधिक्रांत करना दुरूह और झंझट भरा है। इसके लिए यदि अपेक्षित बहुमत से कानून पारित कर किसी तरह संविधान की नवीं अनुसूची तक पहुंचा भी दिया गया, तो भी सुप्रीमकोर्ट कह चुकी है कि ऐसे नवीं सूची वाले कानून का भी वह न्यायिक पुनरीक्षण कर सकेगी, यदि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होता है। ऐसे में यह घोषणा मतदाता को केवल सब्ज़बाग दिखाना ही है। साथ ही इससे जाति विद्वेष बढ़ेगा। प्रतिभा के असम्मान में वृद्धि होगी, जिससे राष्ट्रीय क्षति होगी। सामान्य वोट बैंक नाराज होकर दूरी बनाएगा। यानी राहुल और उनकी कांग्रेस छब्बे बनने की बजाय दुबे रह जाएंगे। वे बार-बार भारत जोड़ो यात्राएं कर रहे हैं, किंतु जातीय आरक्षण की वृद्धिकारक नीति तो भारत तोड़ो के समतुल्य होगी। कांग्रेस कह रही है, 'जितनी आबादी उतना हक'।

तो ऐसे में फिर भारत एक सुगठित राष्ट्र कैसे माना जायगा? तब तो यह तमाम जातियों को जोड़ कर पैबंद लगी कथरी ही होगा। हम राहुल को याद दिला दें कि जिस सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की बदौलत ही वे आज सांसद पद पर टिके हैं,उसकी नौ जजों की पीठ के बहुमत निर्णय को पलटने की वे सोच ही कैसे रहे हैं? समय की मांग तो यह है कि शुरू में केवल 10 साल के लिए की गई आरक्षण व्यवस्था की अब समीक्षा की जाय और संविधान का अनुच्छेद 14 सही मायने में प्रभावी हो, जिसमें 'समानता' का सिद्धांत संरक्षित है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके मातृ संगठनों जनसंघ और संघ का कभी नारा था 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। कुछेक वर्ष पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा भी था कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन अब कहीं किसी कोण से इस बिंदु पर विचार होता नहीं परिलक्षित हो रहा है, जो दुःखद है।

## आपका पत्र

# कानूनी एकता का वाहक सीएए

समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर उत्तराखंड ने देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। यह कानून सबके हित में रहेगा। समान नागरिक आचार संहिता समय की आवश्यकता भी है, क्योंकि भारत के अधिकांश प्रदेशों में विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति के लोगों का संगम है। ऐसे में जाति/धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं न्यायिक नहीं कहा जा सकता। इसलिए जरूरी है कि समान नागरिक संहिता को प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायकों द्वारा भी स्वेच्छा से स्वीकार करना चाहिए। हर किसी बात पर अनावश्यक रूप से राजनीति करना उचित नहीं है। सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के नेता हो। वर्तमान में राजनीति की स्थिति ऐसी हो गई है कि भाजपा की केंद्रीय सरकार जनता के फायदे में जो भी फैसला लेती है, विरोधी दल के नेता किसी न किसी बहाने उनके लिए गए जनहित के फैसलों पर भी आलोचना अथवा कमियां निकालने लगती है। हमारा मानना है कि जनता के फायदे व राष्ट्र के हित के लिए यदि कोई भी सरकार देश हित के लिए फैसले लेती है तो बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंता के सभी दलों को इस प्रकार के निर्णय और कानून का न केवल स्वागत करना चाहिए वरन उनका पालन करने में भी जनता को भी जागरूक चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून के तहत बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन में रहने से पर जेल जाने का प्रावधान वास्तव में बहुत ही अच्छा का निर्णय है। सरकार का कानून युवक और युक्तियां में अनावश्यक रूप से बढ़ रही चरित्रहीनता के कदमों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही समान नागरिक संहिता से देश में कानूनी एकरूपता आएगी।

- **डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,** कपिल कॉलोनी मुखानी हल्द्वानी ।

# राममंदिर से और प्रगाढ़ होंगे भारत-फिजी के संबंध : बिमान प्रसाद

## बोले उप प्रधानमंत्री- फिजी में रामराज्य की परिकल्पना पर ही सरकार की व्यवस्था, मंदिरों में होता रामायण पाठ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण से भारत और फिजी के संबंध और प्रगाढ़ होंगे। फिजी में गवर्नेंस रामराज्य की परिकल्पना पर ही संचालित है। बहु धार्मिक देश होने के बाद भी फिजी में मठ-मंदिरों पर रामायण पाठ और दीपावली मनाई जाती है। ये बातें गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने कहीं। वो अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ यहां रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे थे।

विमान से उतरने के बाद भावुक और अभिभूत दिखे उप प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज भारत खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार से रामायण और गीता लेकर गए थे। एक लंबे संघर्ष के बाद फिजी में स्थापित हुए। उन्होंने कहा कि फिजी में हिंदू की पहचान पूर्वजों के कारण बनी है। वहां हिंदू धर्म के मानने वाले लोगों के दिल और दिमाग में अयोध्या हर समय रहती है। उन्होंने बताया कि बहु धार्मिक देश होने के बाद भी दीपावली का पर्व एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। उस दिन अवकाश रहता है। कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज यहां रामलला के दर्शन के लिए जा रहा हूं। यह भारत और फिजी के संबंधों को और मजबूत करेगा। भारत से फिजी का संबंध बहुत प्राचीन है और हमारे पूर्वजों की देन है। अयोध्या में फिजी दूतावास के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे राजदूत दिल्ली में हैं। हमारी भी विशेष बैठकें विदेश मंत्री से प्रस्तावित हैं।



महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बाहर निकलते फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद व मौजूद अन्य लोग।

▸▸ कहा - रामलला के दर्शन के लिए आना परम सौभाग्य

▸▸ भारत से गए थे पूर्वज, दीपावली पर होता है अवकाश



### उत्तर प्रदेश और बिहार से फिजी का है विशेष लगाव

फिजी के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार से खासा लगाव है। वहां बसे भारतीय मूल के लोगों के पूर्वज यहीं से गए थे। उन्होंने कहा कि श्रीराम के जीवन और रामायण से मिली प्रेरणा से फिजी में सनातन समाज जीवन में न्याय प्रिय प्रकार से रह रहा। फिजी की गवर्नेंस भी इसी आधार पर चल रही है। हमारे देश में भी राम मंडलियां है जो नियमित रूप से रामायण और रामलीला की प्रस्तुति करतीं हैं।

### उप प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गुजारे 20 मिनट

यहां गुरुवार दोपहर बाद पहुंचे फिजी के उप प्रधानमंत्री का स्वागत जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बुके देकर किया। इतना ही नहीं करीब 20 मिनट उप प्रधानमंत्री लाउंज में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत करते रहे। बताया जाता है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उप प्रधानमंत्री को राममंदिर व अयोध्या से संबंधित जानकारियां दी गईं। इस मौके पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह व एसएसपी आर के नैय्यर ने उप प्रधानमंत्री की एयरपोर्ट पर अगुवानी की।

### गोंडा के मूल निवासी हैं फिजी के उप प्रधानमंत्री

रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने एयरपोर्ट पर बताया कि वह मूल रूप से गोंडा के ही रहने वाले हैं। इसीलिए अयोध्या से उनका लगाव बहुत भावनात्मक है।


## एक नजर

### जिला अस्पताल में एक गेट से वाहनों का प्रवेश होगा बंद



**अयोध्या। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में ओपीडी परिसर को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त बनाने के लिए सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने अब एक गेट से वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। सीएमएस ने गुरुवार को बताया कि जिला अस्पताल की ओपीडी में रोज 800 से एक हजार के करीब मरीज पहुंचते हैं। परिसर को ध्वनि प्रदूषण मुक्त बनाने के बाद वाहनों को खड़ा करने में भी परेशानी होने लगी है। कहा कि पार्किंग के इंतजाम किए जा रहे हैं। अब पुराने सीएमओ ऑफिस के पास से ही वाहनों का प्रवेश कराया जाएगा। इमरजेंसी के गेट से वाहन अंदर न आएं इसके लिए गार्डों को तैनात किया गया है। परिसर में अधिक से अधिक वाहन खड़े हो सकें। इसके लिए परिसर में खड़ी कंडम गाड़ियों को भी हटवाया जाएगा।

## इटली से रामलला दर्शन को पहुंचा दंपति



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या धाम में आस्था के पग थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इटली से एक दंपति गुरुवार को यहां रामलला का दर्शन करने पहुंचा। अल्बर्टो अपनी पत्नी इलोनोरा के साथ आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों यहां दो दिन रहकर अयोध्या को जानने का प्रयास करेंगे। इटालियन नागरिक अल्बर्टो ने अयोध्या धाम में आकर बहुत खुशी जाहिर की।

# जांच की आंच में प्रदेश के कई मदरसे

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ :** यूपी मदरसा बोर्ड के रडार पर प्रदेश के जनपदों में संचालित कई मदरसे हैं। जानकारों का मानना है कि मदरसों की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए है। इसी को लेकर बोर्ड के जिम्मेदार गुणा-भाग में जुट गए हैं। हाल-फिलहाल बड़ी कार्रवाई को लेकर चचाएं गर्म हो चली हैं। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच को लेकर गत माह पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा की ओर से एक आदेश जारी किये गए। जिसमें कहा गया कि मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक, कर्मी और संचालित शिक्षण संस्थान का सत्यापन और भौतिक जांच कराई जाए। 73 जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक समय सीमा देकर जांच की आख्या भेजने के लिए बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया। सूत्रों की मानें तो जांच के बढ़ते दायरे के बीच लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों में संचालित कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए हैं, ऐसे में गुरुवार को लेकर विभागीय मंथन किया गया। रजिस्ट्रार कहती हैं कि जांच को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही परिणाम सामने आ जाएगे। फिलहाल बोर्ड की प्राथमिकता मदरसा परीक्षा है।

### लखनऊ और गोरखपुर के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब

विभाग अपनी जांच में लखनऊ और गोरखपुर में संचालित मदरसों पर खास नजर बनाए है। बताते हैं कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब हुए हैं। कई मामलों में जानकारियां मांगी गई हैं। ऐसे में बोर्ड के जिम्मेदारों से बातचीत को लेकर देर शाम तक फोन की घंटिया बजती रहीं।

# वार्षिक निरीक्षण के दौरान आईजी ने परखी लोकसभा चुनाव की तैयारियां

▸▸ रामकोट की नवीन चौकी भवन का उद्घाटन कर कोतवाली देहात कार्यालय का किया निरीक्षण

▸▸ लोकसभा चुनाव से पहले चिन्हित माफियाओं की कार्रवाई सहित अन्य बिन्दुओं पर की बैठक

सीतापुर





नवीन चौकी भवन का उद्घाटन करते आईजी तरुण गाबा साथ में एसपी चक्रेश मिश्रा, एएसपी प्रकाश कुमार और पुलिस लाइन स्थित सभागार में अधीनस्थों के साथ बैठक करते आईजी व पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार।** आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने नेशनल हाइवे के किनारे स्थित नवीन पुलिस चैकी का फीता काटकर शुभारंभ किया। वार्षिक निरीक्षण के मौके पर सीतापुर पहुंचे आईजी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित माफियाओं और अपराधियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से चुनाव कराना हमारा लक्ष्य है। आईजी ने गांव में तैयार हो रहे कुटीर उद्योग की तरह अवैध शराब कारोबार पर की लगाम लगाने के निर्देश थानाध्यक्षों को दिए।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान आईजी तरुण गाबा ने कोतवाली देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक के साथ-साथ सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण किया। आईजी ने थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर बेहतर रख-रखाव व उनको व्यवस्थित रखने के लिए सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। निरीक्षण के क्रम ने आईजी ने पुलिस कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं वाचक कार्यालय, पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ पटलों का निरीक्षण किया। शाखाओं के निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन कर उनके व्यवस्थित रख-रखाव के लिए निर्देशित किया। साथ ही समस्त पुलिस कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

पुलिस कार्यालय निरीक्षण के बाद आईजी ने पुलिस लाइन्स सभागार में सभी क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्ष और शाखा प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्माण कार्यो सहित आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों, अपराध एवं कानून व्यवस्था संबंधी अपराधों सहित चलाये जा रहे अभियान आदि की बिंदुवार समीक्षा की।

### चिन्हित माफियाओं पर हो कार्यवाई: आईजी

आईजी तरुण गाबा ने मीडिया के बातचीत के दौरान कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि कोई भी पीड़ित थाने से मायूस होकर नही जाना चाहिए। उनकी समस्या को सुनकर ही संबंधित को निर्देशित कर समस्या का निस्तारण तत्काल प्रभाव से कराना सुनिश्चित करें। आईजी ने कहा कि चुनाव से पहले अवैध शराब तस्करी और माफियाओं सहित हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखकर उनके खिलाफ कार्यवाई सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य होगा।

## रामलला के ननिहाल से आया संदेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ से संदेश लेकर गुरुवार को 1500 रामभक्तों का जत्था आस्था स्पेशल ट्रेन यहां पहुंचा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचते भी रामभक्तों का पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत भक्तों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। बसों से सभी को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। सभी भक्त स्नान और भोजन के बाद रामलला का दर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ दुर्ग विधानसभा से यहां पहुंचीं वाणी सोनी ने कहा कि 22 जनवरी को जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी। यह क्षण टीवी पर देखकर आंखों में आंसू आ गए थे। तभी से मन में लालसा थी कि भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करूं, इसलिए आज यहां आए हैं। इसके लिए हम सभी बहुत उत्साहित हैं। संतोष सोनी ने कहा कि आज पूरा देश सनातनी हो गया है। दुर्ग से अयोध्या तक का सफर बहुत ही अच्छा रहा, पूरा देश राममय है। यहां आकर बहुत ही सुकून मिला। इसके लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की जितनी तारीफ की जाए कम है। और उनके कारण पूरा देश खुशहाल है।

**पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर हुआ स्वागत**

# कसमंडा अस्पताल में राधा कृष्ण की हुई प्राण प्रतिष्ठा

कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा में अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के प्रयासों से अस्पताल परिसर में राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण करवाया गया। आचार्य उमेश कुमार, गुरु प्रसाद अवस्थी व पिंटू मिश्र द्वारा मुख्य यजमान शिव शंकर बाजपेई पत्नी श्याम लता बाजपेई ने पूजन-अर्चन कर गुरुवार को त्रिलोकी नाथ भगवान राधा कृष्ण की बारात निकाली गई। 101 कलश से स्नान करवाकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा कर गाजे-बाजे के साथ भक्ति संगीत पर जय जयकार के नारे लगाते हुए भक्तगण झूमते नजर आए। मंदिरों की परिक्रमा करने के उपरांत बारात अस्पताल परिसर राधा कृष्ण मंदिर पहुंची और स्थापना की गई। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. हरिपाल सिंह, अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. कामरान, डॉ. साकेत, डॉ. अतुल, डॉ. वर्तिका, डॉ. शैलेश, ऑप्टोमेट्रिस्ट विवेक बाजपेई, अर्श काउंसलर प्रशाली शुक्ला, एएनएम प्रतिभा, पूनम, पुष्पा, आराधना, प्रतिष्ठा, बीपीएम कोहिनूर सिंह, वार्ड बॉय कीर्ति कमल मिश्र, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. मीता मिश्र सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।



कसमंडा सीएचसी में राधा कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा करते अधीक्षक ।

## मेक्सिको, मध्य अमेरिका में पाई जाने वाली इगुआना मॉनिटर लिजार्ड पलिया में मिली

**संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी), अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व की रैपिड रिस्पांस टीम ने पलिया बस अड्डे के निकट से एक दुर्लभ प्राणी इगुआना मॉनिटर लिजार्ड को रेस्क्यू किया है। बाद में उसे गोरखपुर प्राणी उद्यान भेज दिया। डीटीआर के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि रैपिड रिस्पांस टीम के वन्य जीव रक्षक आकाश बाबू को पलिया बस अड्डे के निकट एक दुर्लभ जीव की सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम ने उसकी पहचान इगुआना मॉनिटर लिजार्ड के रूप में की। ग्रीन इगुआना को बड़े आकार की शाकाहारी छिपकली बताया गया है। यह मेक्सिको, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र में पायी जाती है। विश्व में हरे इगुआना को एक पालतू प्राणी के रूप में भी रखा है। रेस्क्यू के बाद इसकी सूचना वन विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई और वहां से मिले दिशा-निर्देश पर इगुआना मॉनिटर लिजार्ड को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान गोरखपुर से आए पशु चिकित्सक डॉ. रवि कुमार यादव के सुपुर्द कर दी।। उन्हें सौंपने से पूर्व दुधवा टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉ. दयाशंकर ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

# कंपनी के स्टोर पर ताला लगा सुरक्षा गार्डों ने किया प्रदर्शन

झरेखापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** एलएंडटी कम्पनी ने पूरे जनपद के कई ब्लाकों मे जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकिया लगायी गयी है जहां पर ग्राम पंचायत स्तर से सुरक्षा गार्ड रखे गये है, जिन्हें कम्पनी से सात माह का मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में हरगांव, खैराबाद, एलिया, सकरन, रेउसा आदि विकासखंडों की ग्राम पंचायतों की टंकियों पर तैनात सुरक्षा गार्डों ने झरेखापुर स्थित एल एण्ड टी कम्पनी के स्टोर पर धरना प्रदर्शन किया। स्टोर गेट में ताला जड़कर बकाया मानदेय दिलाये जाने की मांग की। दोपहर बाद कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने सुरक्षा गार्डों को आश्वासन देकर मामला शान्त कराया। इस मौके पर पवन कुमार, मनजीत सिंह, छोटू, भानू सिंह, सोनू सिंह, अजीत, मुनेंद्र, सुनीत, शशांक, अंकित आदि लोग मौजूद रहे।



स्टोर पर ताला लगाकर प्रदर्शन करते सुरक्षा गार्ड। अमृत विचार

# पाश्चात्य सभ्यता के वशीभूत होकर संस्कारों को भूल रहे लोग

▸▸ श्री शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर आयोजित श्रीराम कथा का पंचम दिवस

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** निष्काम भाव और सच्चे मन से भजन करने पर हमें इस कलिकाल में ईश्वर के दिव्य दर्शन प्राप्त हो सकते हैं। पाश्चात्य सभ्यता के वशीभूत होकर लोग संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। श्री रामचरित मानस जीवन का प्रबंधन है। श्री संकटा देवी धाम महमूदाबाद में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका ऋचा मिश्रा ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए प्रवचन के दौरान कहीं।



श्रीराम कथा सुनातीं वाचिका ऋचा मिश्रा

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर भगवान की दिव्य कथा होती है वहां अमृत की वर्षा होती है। वर्तमान में संस्कारहीनता के चलते ही भाई से भाई का अलगाव हो रहा है। माता को प्रथम गुरु माना गया है। एक गुरु के नाते अपने ममता के बलबूते पर वह अपने पाल्यों को संस्कारवान बना सकती है। सत्संग में आने के बाद हमें सांसारिक चिंताओं को भूल जाना चाहिए। जब तक सत्संग में हम भगवान की तरफ ध्यान नहीं लगाएंगे तब तक हम सभी यूं ही ईश्वर की खोज में भटकते रहेंगे। भारतीय संस्कृति के अनुसार हमें अपने पाल्यों का नाम सोच समझकर ही रखना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम के जन्म के पश्चात नाम करण, उनकी बाल लीलाओं के साथ गुरूकुल व जनकपुर जाने की कथा से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। कथा समापन के पश्चात प्रसाद वितरण सूरज श्रीवास्तव व विनीत पांडेय ने कराया। कथा समापन के पश्चात पूर्व काबीना मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, बाराबंकी की जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, साईं डिग्री कॉलेज के प्रबंधक विपिन राठौर, प्रधानाचार्य परिषद बाराबंकी के अध्यक्ष रामकुमार गिरि, समाजसेवी मनोज सिंह, ओम ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ किरन शर्मा, समाजसेवी उमा शंकर जैन, जिला पंचायत सदस्य ओमकार, बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा, बाबा हेमंत दास, पूर्व प्रमुख इंक्ष्वाकु मौर्य, जोकपति वर्मा, प्रधानाचार्य दिलीप सिंह सहित कई अन्य लोगों का धाम समिति की ओर से स्वागत किया गया। कथा में मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, डॉ एमणि मिश्रा, रामकुमार वर्मा, केके सिंह, प्राची दीक्षित, वागीश दिनकर, आशा दुबे, उर्मिला रस्तोगी, सीपी तिवारी, आर्यन शुक्ल, कुलदीप गुप्त, अजय जायसवाल, सरोज शुक्ल, मनोज शुक्ल, राजकुमार वर्मा सहित हजारों की संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे।

**खेलकूद** | मेजर ध्यानचंद स्टेडियम सीतापुर में 44वीं मंडलीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# उन्नाव व सीतापुर ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

सीतापुर

**अमृत विचार।** 44वीं मंडलीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता षष्ठ मंडल, लखनऊ सत्र 2023-24 का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम सीतापुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ध्वजारोहण करने के उपरांत सभी जनपदों के खिलाड़ियों ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया।

दो दिवसीय मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिवस खो-खो एवं कबड्डी प्राथमिक स्तर जूनियर स्तर बालक बालिका का आयोजन किया गया। कबड्डी प्राथमिक स्तर में बालक वर्ग में उन्नाव प्रथम, लखीमपुर द्वितीय, प्राथमिक स्तर बालिका में सीतापुर प्रथम उन्नाव द्वितीय, जूनियर स्तर बालिका में लखीमपुर प्रथम लखनऊ द्वितीय, प्राथमिक स्तर बालक में उन्नाव प्रथम रायबरेली द्वितीय, प्राथमिक स्तर बालिका रायबरेली प्रथम, हरदोई द्वितीय स्थान पर रहा। विजयी प्रतिभागियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने पुरस्कार वितरण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखीमपुर एवं उन्नाव ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर यशवंत, रमाकांत, नवीन, ओंकार, ऋषिकेश, कपिल, अजय गुप्त मौर्य, सुरेंद्र प्रताप, वीरेंद्र, उदय मणि पटेल, आराधना, शाहीन अंसारी, राम जनक वर्मा, संतोष आदि खंड शिक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णय की भूमिका में सभी जनपदों के व्यायाम शिक्षकों शारीरिक शिक्षा अनुदेशकों का योगदान रहा। कंपोजिट विद्यालय भगौतीपुर, गौरी बाल विद्या मंदिर एवं प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



मुख्य अतिथि सीडीओ निधि बंसल को पौधा भेंट करते बच्चे।

## लखनऊ मैलानी रेलखंड पर छह दिन के लिए सभी ट्रेनें निरस्त

**लखीमपुर खीरी।** सीतापुर में नॉन-इंटरलॉक कार्य किया जा रहा है। इसके चलते लखनऊ से मैलानी और शाहगढ़ के बीच चलने वाली सभी ट्रेनें 14 फरवरी तक निरस्त रहेंगी। रेलवे ने इसकी सूचना भी जारी कर दी है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अन्तर्गत सीतापुर-सीतापुर सिटी के मध्य पैच डबलिंग कार्य के तहत नान-इंटरलॉक कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते लखनऊ से मैलानी और शाहगढ़ के बीच चलने वाली एक एक्सप्रेस व चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेन नौ से 14 फरवरी तक निरस्त रहेंगी।

# डीसीएम-पिकअप की टक्कर में 25 घायल

▸▸ बहराइच से मुजफ्फरनगर जा रहे थे पिकअप में सवार श्रमिक

संवाददाता, ममरी (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** गोला-खुटार रोड पर बुधवार की रात मटर से लदी डीसीएम और महिंद्रा पिकअप की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में 25 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को सीएचसी गोला ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने पांच घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। सभी घायल श्रमिक मजदूरी करने के लिए मुजफ्फरनगर जा रहे थे।

जिला बहराइच से 25 मजदूरों को लेकर जिला मुजफ्फरनगर जा रही महिंद्रा पिकअप को बुधवार रात करीब 12 बजे गोला-खुटार रोड सामने से आ रही हरी मटर से लदी डीसीएम ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप रोड के नीचे खंदक में जाकर पलट गई। पिकअप में थाना नानपारा क्षेत्र के 14 और थाना खैरीघाट क्षेत्र के 11 मजदूर सवार थे। सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। हैदराबाद थाना प्रभारी दीपक तिवारी आदि पुलिसकर्मियों ने घायल मजदूरों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल पांच मजदूरों अर्जुन (25) पुत्र शिव प्रसाद निवासी चंदेल, मायाराम (40) पुत्र बसु निवासी टिपरा, फक्कू (25) पुत्र बांकेलाल निवासी चंदेल, ओमकार (25) पुत्र गिरायू निवासी टिपरा, गायत्री प्रसाद (35) पुत्र बालेश्वर निवासी चंदेल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। पुलिस ने पिकअप को जेसीबी से निकलवा कर कब्जे में ले लिया है। अन्य घायलों में रामविलास (25), दिलीप कुमार (25), राजेंद्र प्रसाद (26), डब्लू (40) सोम कुमार (35), इंदल (40), लालकुमार (35), संदीप (26), बबलू (32), सुरेश (26), राजितराम (35), गुड बाबू (18), लायकराम (30), समीम (38), धनेश (18), राधेश्याम (35), लवकुश (35), चेतराम (30), गायत्री प्रसाद (35), मंगल प्रसाद (35), राधेश्याम (36), मदन (33) का इलाज गोला सीएचसी में हो रहा है, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में 93 युवाओं को मिली नौकरी

अमेठी

**अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन, आई.टी.आई. गौरीगंज के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्ड अमेठी के अन्तर्गत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में वर्तमान ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्या, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य घनश्याम चौरसिया और खण्ड विकास अधिकारी अमेठी विनय कुमार वर्मा द्वारा सामूहिक रूप से प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया एवं प्रतीक स्वरूप 13 रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न सेक्टरों की 5 सेवायोजित करने वाली संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें ऊषा सिलाई मशीन, पुखराज हेल्थ केयर, ग्रीन कॉल, सिस सिक्योरिटी, वोने इण्डिया सर्विसेस प्रा.लि., गुड विल हेल्थ केयर आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 189 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 93 अभ्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वर्तमान सरकार की समस्त लाभार्थियों को रोजगार देने की मंशा का वर्णन किया।

इस दौरान कार्यक्रम में जिला समन्वयक आर.के. अग्निहोत्री, प्लेसमेंट सेल अधिकारी अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी के प्राचार्य आर.के. गौतम एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण के समस्त कर्मचारी, जिला कौशल प्रबन्धक मृत्युंजय तिवारी, संदीप कुमार सिंह व विवेक द्विवेदी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत लेखपाल पद पर चयनित हुए कुल 83 अभ्यर्थी



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से प्राप्त संस्तुतियों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति लेखपाल सेवा नियमावली–2006 यथासंशोधित तथा आयुक्त अयोध्या मण्डल, अयोध्या द्वारा उपलब्ध करायी गयी। सूची में से आर्थिक रूप से कमजोर (महिला) की सूची में क्रमांक–2 पर अंकित दिव्या सिंह पुत्री सन्तोष कुमार सिंह को छोड़कर शेष 83 अभ्यर्थियों का चयन उनके नाम के सम्मुख अंकित तहसीलों में अस्थाई रूप से लेखपाल पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि तहसीलवार नियुक्त हुए लेखपाल पद पर महिला वर्ग में अनारक्षित पद के कुल 11 अभ्यर्थियों में से मुसाफिरखाना 1, अमेठी 6, गौरीगंज 4 तथा मुसाफिरखाना 1 अनुसूचित जाति अभ्यर्थी, अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 6 अभ्यर्थियों में से गौरीगंज 1, अमेठी 2, मुसाफिरखाना 3 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कुल 3 अभ्यर्थियों में से गौरीगंज 1, मुसाफिरखाना 2 तथा इसी क्रम में पुरूष वर्ग में अनारक्षित पद के कुल 31 अभ्यर्थियों में से तिलोई 2, अमेठी 11, गौरीगंज 8, मुसाफिरखाना 10 तथा अनुसूचित जाति के कुल 21 अभ्यर्थियों में से अमेठी 5, गौरीगंज 7, तिलोई 3, मुसाफिरखाना 6 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग दिव्यांग सहित के कुल 6 अभ्यर्थियों में से अमेठी 1, मुसाफिरखाना 1, तिलोई 3, गौरीगंज 1 एवं आर्थिक रूप से कमजोर कुल 4 अभ्यर्थियों में से गौरीगंज 1 व अमेठी 3 अभ्यर्थियों की लेखपाल पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने नवचयनित अभ्यर्थियों को लेखपाल पद पर नियुक्त किये जाने के लिए समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लेखपाल संवा नियमावली–2006 यथासंशोधित के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी है जो उनकी तहसील को आवंटित किये गये चयनित अभ्यर्थियों की अर्हता सम्बन्धी नियमावली के अधीन नियुक्ति प्रदान करेंगे तथा नियुक्त से पूर्व सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अपने स्तर से चरित्र सत्यापन सम्बन्धित जिले के पुलिस अधीक्षक तथा एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त नियमानुसार एक सप्ताह के अन्दर अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करायेंगे। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी किसी कारणवश लेखपाल पद पर नियुक्ति नहीं चाहते है, उनका विवरण परिषद को प्रेषित करने हेतु सूचना कार्यालय को उपलब्ध करायें तथा लेखपाल सेवा नियमावली–2006 के तहत नियुक्त अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रशिक्षण, परिवीक्षाधीन व ज्येष्ठता का निर्धारिण किया जायेगा एवं नवचयनित लेखपालों को उनके गृह जनपद में निवास के विकास खण्ड को छोड़कर तैनाती सुनिश्चित की जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी को अपनी तहसील के नायब तहसीलदार से अनिम्न अधिकारी का कलेक्ट्रेट स्थित भूलेख अनुभाग से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की पत्रावली को मूलरूप से प्राप्त करने के लिए तत्काल निर्देशित करें।

## राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जन सभाओं को करेंगे सम्बोधित

अमेठी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आगामी 19 फरवरी को उनके पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी पहुंचेगी। राहुल इस दौरान कई जन सभाओं को भी सम्बोधित करेंगे। इसके लिये व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कांग्रेस के जिला महासचिव अनिल सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 19 फरवरी को प्रतापगढ़ जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अठेहा से निकलकर अमेठी विधानसभा के ककवा में दाखिल होगी। इसके बाद यह यात्रा महाराजपुर होते हुए अमेठी, गौरीगंज, गांधीनगर, जायस और फुरसतगंज के रास्ते रायबरेली रवाना हो जाएगी। इस दौरान राहुल गौरीगंज के बाबूगंज सगरा आश्रम के पास एक बड़ी जन सभा को सम्बोधित करेंगे। इसके अलावा वह यात्रा के दौरान जगह–जगह जन समूह को सम्बोधित करेंगे। वह फुरसतगंज में रात्रि विश्राम भी करेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये पार्टी व्यापक रूप रेखा तैयार कर रही है। यात्रा को लेकर पार्टी के नेताओं एवं लोगों में खासा उत्साह है। यात्रा को सफल बनाने के लिये बड़े पैमाने पर भीड़ जुटाने की योजना है। अमेठी के कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और आम जनता उम्मीद लगाए है कि इस यात्रा के दौरान राहुल अमेठी से अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का कोई न कोई संकेत देंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व में यह दावा कर चुके हैं कि राहुल अमेठी से ही चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब तक गांधी परिवार की तरफ से इस संबंध में कोई भी संकेत नहीं दिया गया है। राहुल गांधी वर्ष 2002 से 2019 तक अमेठी से सांसद रह चुके हैं। वह वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए थे। राहुल गांधी आखिरी बार 25 फरवरी, 2022 को अपनी बहन प्रियंका के साथ अमेठी के दौरे पर आए थे। राहुल ने प्रियंका के साथ मुसाफिरखाना में चुनाव के पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया था। इसके अलावा राहुल ने अमेठी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विशेशवरगंज में कांग्रेस उम्मीदवार के लिये भी रैली करके वोट मांगे थे।

## एक नजर

### 31 मार्च तक अमेठी में प्रभावी रहेगी धारा 144

अमेठी। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने विभिन्न कार्यक्रमों, पर्वों और परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा जिले में 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। डीएम कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है। अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने बताया कि 31 मार्च तक जिले में धारा 144 प्रभावी कर दी गई है। आगामी त्योहारों, 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा, बोर्ड परीक्षा, 8 मार्च को महाशिवरात्रि, 24 व 25 मार्च को होलिका दहन व होली, 29 मार्च को गुड फ्राइडे को ध्यान में रखते हुए धारा 144 प्रभावी की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बिना परिमिशन के जुलूस, जन सभा, सामाजिक विद्वेश पूर्ण कार्य, डीजे बजाना आदि पर पूर्णतया प्रतिबंध किया गया है।

### जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष

जगदीशपुर, अमेठी। रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हो रही कहासुनी के बाद मारपीट में तब्दील हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराने के उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही में जुट गई। गुरुवार को भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाक्षेत्र के अंतर्गत सरैया (टांडा) गांव में मोहम्मद सुल्तान व शाकिर अली के बीच रास्ते को लेकर हो रही कहासुनी के दौरान बात इतनी बढ गई कि एक पक्ष दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गया। देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। जिसमें सुल्तान, आमिना, अनवर, मीना, अयान व दिलशाद आदि लोग घायल गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट की घटना को लेकर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### ससुराल आए युवक की पिटाई, तीन पर मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर। ससुराल आए एक युवक को गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। जौनपुर जनपद के सरपतहा थाने के उसरौली गांव के विकास पांडे अपनी ससुराल कुम्ही डड़िया गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरोप है कि 7 फरवरी को वे लघु शंका करने गए थे। तभी गांव के तीन लोगों ने लाठी डंडे से मारा पीटा। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने देर रात कुम्ही डडिया गांव के रामनरेश पांडेय, धीरेंद्र विक्रम सिंह, विजय विक्रम सिंह के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

## डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को दिया निर्देश कहा- सभी परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए शीघ्र कार्य किया जाए पूर्ण

अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अधिशासी अभियंता जल निगम बीपी सिंह, सहित कार्यदायी संस्थाओं एवं इंप्लीमेंट सपोर्टिंग एजेंसी (आईएसए) के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक करती डीएम व मौजूद अन्य।

बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन हेतु नामित तीन एजेंसियों क्रमशः मेसर्स वैलस्पन इंटरप्राइजेज, मेसर्स गायत्री-रैम्की तथा मेसर्स विंध्या टेलिलिंक्स-गाजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों से जनपद में संचालित सभी परियोजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्ण, अपूर्ण परियोजनाओं एवं भूमि विवाद के चलते जिन परियोजनाओं में अभी तक कार्य नहीं प्रारंभ हुआ है उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को उपजिलाधिकारियो से संपर्क कर भूमि विवाद को निस्तारित करते हुए गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाए। सभी घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन से जोड़ा जाए कोई भी गांव, मजरा अथवा घर कनेक्शन से छूटने न पाए तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को रिपेयर किया जाए, इसके अतिरिक्त सभी प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा हेल्थ वेलनेस सेंटरों को भी पाइपलाइन से जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने इंप्लीमेंट सपोर्टिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों को गांवों में जल जीवन मिशन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने, खाता खुलवाने एवं अन्य सौंपे गए कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त हो रही जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए जिससे जन सामान्य इस नंबर पर फोन कर अपनी समस्याओं को बता सकें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा सके।

# प्रतिबंधित पेड़ों का कटान रोकने में वन विभाग नाकाम

अमेठी

**अमृत विचार।** एक तरफ जहां सरकार वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से हरे पेडों पर आरा चला कर हरियाली को उजाड़ने का काम जोर शोर से किया जा रहा है। शिवरतनगंज एवं इन्हौना थाना क्षेत्र में इन दिनों हरियाली को उजाड़ने का काम जोरों पर चल रहा है। मामले पर वन विभाग व पुलिस ने चुप्पी साध रखी है।

शिवरतनगंज एवं इन्हौना थाना क्षेत्र इन दिनों लकडी काटने का मुफीद ठिकाना बना हुआ है। जहां लकड़ कटे वन विभाग व पुलिस को साध कर इसे बखूबी अंजाम देने में जुटे हुए है। यदि कभी किसी ग्रामीण द्वारा उच्चाधिकारियों से शिकायत भी की जाती है तो औने पौने जुर्माना करके मुक्त कर दिया जाता है। गुरुवार को ग्रामीण रामजी बाजपेई ने अवैध लकड़ी कटान की सूचना पुलिस एवं वन विभाग को दी। जब तक जिम्मेदार मौके पर पहुंचते की उससे पहले लकड़ी माफिया ज्यादातर लकड़ी लादकर भाग चुके थे।



हरे पेड़ों की अवैध कटान करते लकड कट्टे। अमृत विचार

मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी रामराज यादव एवं डिप्टी रेंजर सचिन गौतम ने बची हुई लकड़ी को जब्त करते हुए संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की बात कही है। मामले पर वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित हरे पेड़ों के संरक्षण के लिए विभाग कटिबद्ध है। यदि कहीं कटान की जानकारी मिलती है तो उस पर तत्काल कार्यवाही की जाती है।

# 10 से 28 फरवरी के बीच घर-घर खिलाई जाएगी दवा

अमेठी

**अमृत विचार।** गुरुवार को फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह की अगुवाई में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमओ ने फाइलेरिया बीमारी को गम्भीर बीमारी बताया। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के पूर्व शासन द्वारा निर्धारित दवाओं का सेवन अनिवार्य रूप से करें, फाइलेरिया होने के बाद इसके निदान के करीब नगण्य उपाय हैं।

फाइलेरिया निदान के लिए शासन द्वारा निर्धारित दवाओं का कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। फिर भी अगर शरीर में माइक्रो फाइलेरिया के कीटाणु होते हैं, तो दवाओं के सेवन से सिर दर्द, बदन दर्द, पेट दर्द और उल्टी आदि होने की संभावना होती है। जो नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता से सम्पर्क कर तत्काल ठीक हो जाता है।

विदित हो कि पिछले वर्ष जिले में 2265 मरीज चिन्हित किए गए थे। जिसमें 1892 लिम्फोडिमा के रोगियों को किट देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई का प्रशिक्षण दिया गया था। कार्यक्रम में गए 373 हाइड्रोसील रोगियों में से 317 रोगियों का ऑपरेशन किया जा चुका है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से 28 फरवरी के बीच घर-घर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इनमें दो साल से कम बच्चों को गर्भवती महिलाओं और गम्भीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को दवाओं का सेवन नहीं कराया जाएगा।

10 फरवरी को जिले के सभी निजी सरकारी शिक्षण संस्थानों में दवा का सेवन कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 1783 टीम गृह भ्रमण कर 304 पर्यवेक्षकों द्वारा टीमों का सुपरवीजन किया जाएगा।

# बड़ी सौगात, जल्द बनेगा औद्योगिक गलियारा

अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक गलियारा के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात दी है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के करीब किसानों से औद्योगिक गलियारा के लिए भूमि क्रय करने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए शासन की ओर से एक अरब 56 करोड़ से अधिक धनराशि जारी की गई है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति की मांग पर मुख्यमंत्री

▸▸ बड़ी सौगात, जल्द बनेगा औद्योगिक गलियारा

योगी आदित्यनाथ ने संसदीय क्षेत्र के विकास को और गति देने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के करीब औद्योगिक गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए पहले चरण में किसानों से भूमि क्रय के लिए एक अरब 56 करोड़ से अधिक की धनराशि शासन की ओर से मंजूर हुई है। प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की इच्छा अपने संसदीय क्षेत्र को हर क्षेत्र में विकसित बनाने की है। इसके लिए हर स्तर पर उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

# दो दिवसीय मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** गुरुवार को मंगरौरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हुई।

सहायक शिक्षा निदेशक राम सागर राम त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में मेजबान जिले के खिलाड़ियों ने सुंदर प्रदर्शन किया। मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता गुनगुनी धूप के बीच शुरू हुई। सभी टीमों के खिलाड़ी बच्चों ने पिच पर अपने जिले का परचम लहराने को पूरी ताकत लगाई। पीटी और विशेष प्रदर्शन में भादर से गई अमेठी जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। एडी बेसिक के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने मार्च पास्ट की सलामी ली।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विकास खंड जगदीशपुर के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश सिंह, बीईओ शिव कुमार यादव, डा. संतोष सिंह, ममता सरकार आदि ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। प्राथमिक संवर्ग की पीटी, योगासन में अमेठी की टीम प्रथम स्थान पर रही। सुल्तानपुर और अम्बेडकर नगर को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला। प्राथमिक संवर्ग की बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ अम्बेडकर नगर की ऋचा ने जीती। 100 मी दौड़ में सुल्तानपुर की नगमा और 200 मी. दौड़ में अमेठी की आरती पाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राथमिक संवर्ग बालक वर्ग की 50 मी., 100 मी. और 200 मी. दौड़ जीत कर मेजबान जिले के होनहार खिलाड़ी शिवा ने कमाल किया। जनपदीय व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह के निर्देशन में सौ से अधिक व्यायाम शिक्षकों ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से खेल सम्पन्न कराए।

डॉ. रमेश सिंह ने उद्घघोषक की भूमिका निभाई। बीईओ राकेश सचान, राम किशन कश्यप, हरिओम तिवारी, अशोक कुमार वर्मा, संजीव कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक सुभाष सिंह, अजय कुमार मौर्य, दल बहादुर सिंह, इंद्र पाल गौतम, देवांशु सिंह, रोहित प्रताप सिंह, राजीव रंजन, सौरभ सिंह, नीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### समान शिक्षा नीति लागू करने को राहुल गांधी से मांगेंगे समर्थन

अमेठी। देश में एक समान शिक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर समान शिक्षा संघर्ष मोर्चा की ओर से निकाला गया दण्डवत मार्च गुरुवार को अमेठी पहुंचा। मार्च में शामिल लोगों ने शिक्षा में भेदभाव को लेकर सभी दलों के नेताओं से सवाल उठाए और छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों से भी संवाद किया। समान शिक्षा संघर्ष मोर्चा के संयोजक राधेश्याम ने कहा कि आजादी के बाद अब तक केन्द्र में बनी सभी सरकारों ने शिक्षा में भेदभाव कम करने के बजाय बढ़ाने का काम किया है। दोहरी शिक्षा प्रणाली में अमीर और गरीब परिवारों के लिए अलग अलग शिक्षा व्यवस्था है। नई शिक्षा नीति–2020 लागू होने के बाद शिक्षा और मंहगी हुई है। गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसर मिलना कठिन हो गया है। शिक्षा के मामले में राजनेताओं ने गांधी, भगत सिंह, डा. अम्बेडकर, डा. लोहिया के सपनों को तार तार कर दिया है। चपरासी हो या नेता की संतान, सबकी शिक्षा हो एक समान। यही हमारी मांग है। राधेश्याम ने कहा कि देश में ब्यूरो क्रेट्स और राजनेताओं के बच्चों के लिए सिटी मांटेसरी, दून स्कूल, मसूरी स्कूल, सैनिक स्कूल खोले गए हैं। गरीबों के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते है, देश में आईएएस, पीसीएस, नीट, आर्मी भर्ती, रेलवे भर्ती आदि सभी तरह की परीक्षा का सिस्टम एक ही है। राधेश्याम ने बताया कि वे 2016 से समान शिक्षा का आंदोलन चला रहे हैं। केन्द्र सरकार और सत्ता पक्ष को ज्ञापन देते देते थक गए हैं, किसी ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। अब हम मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का इस मुद्दे पर समर्थन चाहते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उनसे प्रयागराज में मिलने की तैयारी कर रहे हैं। दण्डवत मार्च के दौरान पूर्व मा. शि. संघ के जिला उपाध्यक्ष और बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने यात्रियों की मांग का समर्थन किया और इस मुद्दे को लेकर गांवों में जनसंवाद करने पर जोर दिया।



समान शिक्षा नीति लागू करने के लिए प्रदर्शन करते लोग।

### भाजपा नेता अमरेन्द्र ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

संग्रामपुर, अमेठी। भाजपा का ग्राम प्रवास कार्यक्रम जारी है। ग्राम प्रवास कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने पीठीपुर में रात्रि निवास किया और अलाव के पास चौपाल लगाकर गांव के लोगों के साथ डबल इंजन सरकार की योजनाओं पर संवाद किया। बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों के साथ अलग से बैठक कर सर्वसमाज के नये लोगों और प्रभावशाली व्यक्तियों को भाजपा से जोड़कर लोक सभा चुनाव में भाजपा की जीत को रिपीट करने का संदेश दिया। अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले कार्यकाल में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को धरातल पर उतार कर देश में जनकल्याण, सेवा और विश्वास की राजनीति का एक नया वातावरण तैयार किया। दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने देश की सभी राष्ट्रीय समस्याओं का हल करके भारत को विश्व गुरु बनाया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण होने से सनातन धर्म और संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। अभी हाल में राज्यपाल को अभिभाषण के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की सारी रणनीति फेल हो गई। भगवान राम के मंदिर निर्माण का विरोध करने वाले लोगों को जनता लोकसभा चुनाव में उनकी औकात बताएगी। अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि केंद्र सरकार अमेठी के तीन लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि दे रही है। उज्जवला गैस कनैक्शन योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, कन्या विद्या धन, कौशल विकास मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्य मंत्री रोजगार योजना आदि योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दीदी स्मृति ईरानी के प्रयास से अमेठी में विकास की गंगा बह रही है। जाति धर्म और सम्प्रदाय की राजनीति करने वालों के दिन पूरे हो गए हैं।

# सफाई कर्मचारी संघ को दिलाई गई शपथ

अमेठी

**अमृत विचार।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लाक इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने मुख्य अतिथि के रूप में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संघ की जिला इकाई के पदाधिकारियों के साथ खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख मंजू मौर्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख घनश्याम चौरसिया और एडीओ पंचायत रामदीन गौतम भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लाक इकाई का चुनाव बीते 5 नवम्बर को हुआ था। शपथ ग्रहण कार्यक्रम काफी समय से प्रतीक्षित था। गुरुवार को भव्य समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष त्रिभुवन दत्त, महामंत्री कमल कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष जीत लाल मौर्य, संगठन मंत्री राम निरंजन मिश्र और सम्प्रेक्षण स्वामी दयाल यादव ने संघ के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने के साथ भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखने की शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान विकास खंड के सभी कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य संगठनों के लोग भी मौजूद रहे। प्रभारी एडीओ पंचायत पवन कुमार यादव, एडीओ आईएसबी मनीराम सरोज, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राम अंजोर प्रजापति, अरविंद कुमार, भादर विकास खंड के अध्यक्ष राम बली गौतम, ग्राम प्रधान श्यामा देवी पाठक, कवि अमित सिंह यादव, संदीप कुमार, लाल बहादुर सिंह, सभाजीत रावत, अजय कुमार आदि ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।



सफाई कर्मचारी संघ को शपथ दिलाते राजेश अग्रहरी। अमृत विचार

### कर्म प्रधान विश्व करि राखा.. : राजेश अग्रहरि

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अपने सम्बोधन में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सफाई कर्मियों को अपना काम ईमानदारी से करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा, बड़ा नहीं होता। झारखंड के मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास पूर्व में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के लीडर रहे हैं। अधिकार के लिए लड़ते रहें, लेकिन कर्तव्य से पीछे नहीं रहें। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए यदि अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे तो ईश्वर और समाज दोनों साथ देगा।

# ठग या साजिश, रहस्य अब भी बरकरार

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, अमेठी

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर इन दिनों एक वीडियो जमकर वायरल हो रही है। जैसे-जैसे दिन गुजरते जा रहे है, वैसे-वैसे रहस्यों से पर्दा उठता जा रहा है। अफवाहें अब यह है कि बीते दिनों जोगी के भेष में आये युवक ने एक घर में मां के ही हाथों भिक्षा लेने की बात पर अडिग रहा। जिस पर परिजन उसे अपनी ही संतान समझ बैठे। बदले में भिक्षा के नाम पर अनाज के साथ भारी भरकम रकम भी दे डाली, और परिजन घर वापसी के लिए हर जतन अपनाने को तैयार हो गए। लेकिन दिन ब दिन बीतने से परिजन और जोगी में दूरियां बनती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में रहस्य भी बरकरार है।

दर असल कोतवाली जायस क्षेत्र के गांव खरौली के रहने वाले रतीपाल सिंह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी पेशा करते थे। वर्ष 2002 में रतीपाल का 11 वर्षीय बेटा अरुण कुमार उर्फ पिंकू संदिग्ध परिस्थियों में गायब हो गया था। खोज बीन व तलाश के बाद अरुण कुमार नहीं मिला तो परिजनों ने दिल्ली के खजुरी थाने गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। कुछ दिन बाद उनकी पत्नी का निधन भी हो गया था। बाद में उन्होंने दूसरी शादी कर ली थी। दो दशक बीत जाने के बाद परिवार भी बेटे के मिलने की आस खत्म कर चुके थे।

जनवरी के आखिरी सप्ताह में खरौली गांव में दो युवक जोगी की भेष भूसा धारण कर घर-घर भिक्षा मांग रहे थे। उसी दौरान एक जोगी ने गांव के ही एक व्यक्ति का नाम के साथ भैया कहकर संबोधित किया।

## सार-संक्षेप

### सीएमओ ने किया मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** प्राय: देखने को मिलता है कि जागरूकता के अभाव में मरीज व उनके तीमारदार बिना चिकित्सक की सलाह के ही मेडिकल स्टोर से दवा लेकर सेवन कर लेते हैं, जिससे वह गम्भीर बीमारियों के शिकार हो जाते है। उक्त बातें मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जीएम शुक्ल ने गुरूवार को शहर के शुकुलपुर स्थित शाश्वत मेडिकल एजेंसी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कही। उद्घाटन से पहले संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डा.प्रदीप कुमार सिंह के पिता रामअवध सिंह ने विधिवत पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर डा. मनीष सिंह, डा. मिनहाज खान, डा. अजीत सिंह,डा. राजीव सिंह, डा.आमोद शुक्ल, महेश सिंह, विनोद सिंह, दिनेश सिंह डगैता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश त्रिपाठी, अंजनी सिंह, मनोज सिंह समेत लोग मौजूद रहे। प्रोपराइटर शाश्वत सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से उचित दाम में अंग्रेजी दवाओं की उपलब्धता का दावा किया।


### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 25 साल का कारावास

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए सूरज कुमार सरोज थाना आसपुर देवसरा को 25 वर्ष के कारावास व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। पीडिता के अनुसार 11 अप्रैल 2021 समय रात सात बजे सूरज ने उसे अपने घर से बिस्तर लाने के बहाने बुलाया पीडिता जब घर से बिस्तर लेने गई तो सूरज ने उसे घर में पकड़ लिया। उसके उसके मुंह में कपड़ा ठूस कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया,धमकी दी कि इस बात को किसी से बताओगी तो जान से मार डालूंगा और तुम्हारे माता-पिता की भी हत्या कर दूंगा। अभियोजन की ओर से पांच गवाहों के माध्यम से 11 प्रदर्शों को साबित कराया गया है। अभियुक्त की ओर से भी दो गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र त्रिपाठी ने की।

### किशोर अपचारी को दो वर्ष की सुधारात्मक अभिरक्षा में भेजा

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट नवज्योति, सदस्यगण के.एन. मिश्रा व रचना सिंह ने मारपीट, जानलेवा हमले व एससी/ एसटी एक्ट के आरोप में दोषी पाते हुए किशोर अपचारी को 2 वर्ष के सुधारात्मक अभिरक्षा में रखे जाने का आदेश पारित किया। साथ ही 10 हजार रूपये अर्थदण्ड दिए जाने का आदेश पारित किया। वादी मुकदमा के अनुसार 22 जनवरी 2006 शाम सात बजे वह शमशेरगंज बाजार से अपने भाई पुन्नीलाल व गांव के मसन सरोज के साथ सब्जी लेकर वापस आ रहा था,जैसे ही वह दयाराम यादव निवासी चमरूपुर के घर के पास पहुंचा तभी वहां चंद्रकेश मिश्रा निवासी चमरूपुर ने उसे रोक लिया। गालियां और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मेरे भाई पुन्नीलाल को मारा पीटा जब मैं और मसन सरोज उसे बचाने दौड़े तो वहां उपस्थित मुन्ना व बाल अपचारी ने मेरे भाई के सीने पर जान से मारने की नीयत से कट्टे से चोट पहुंचाई चोटों से वह वहीं गिर पड़े तब अभियुक्त गण वहां से गाली देते हुए भाग गए।

### दिव्यांगों व क्रॉस जेंडर को भी मिले आयुष्मान कार्ड



**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** शून्य काल सत्र में गुरुवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने लोकसभा में बजट में आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बधाई दी। उन्होंने ने सदन में दिव्यांगों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं क्रॉस जेंडर का भी नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की मांग रखी। जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने दी।

### पीएचडी की छात्रा ने शुआट्स की महिला कर्मचारी पर किया केस

**नैनी प्रयागराज। अमृत विचार :** शुआट्स की एक पीएचडी छात्रा ने अपने ही कालेज की महिला कर्मचारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप लगाते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। छात्रा द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि वह पीएचडी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। गत वर्ष के नवंबर माह में विश्वविद्यालय वेबसाइट पर जेआरए केलिए पोस्ट किए गए विज्ञापन को देखने के बाद यूपीसीएसटी प्रायोजित अनुसंधान परियोजना में जूनियर रिसर्व असिस्टेंट के एक पद के लिए आवेदन किया, जिसके लिए उसे चुना गया था। छात्रा का आरोप है कि संस्थान की महिला कर्मचारी मीरा नाथन ने उसका नाम लेकर सोशल मीडिया में उसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पोस्ट की। हिंदू धर्म की होने के कारण उसे निशाना बनाया गया। साथ ही वीडियो को वायरल करने की भी धमकी दी। मीना नाथन के अन्य सहयोगी के द्वारा व्हाट्सएप ग्रुपों में छात्रा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की एवं तस्वीर साझा किया गया। इससे वह मानसिक उत्पीड़न के कारण अवसाद की स्थिति में पहुंच गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक से बात करना चाहा गया तो काल रिसीव नहीं किया गया।

### जिला बार एसोसिएशन चुनाव की बनाई रणनीति

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन पुरातन के चुनाव का कार्यक्रम एल्डर कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक के बाद निश्चित किया है। अध्यक्ष रामराज ओझा,प्रभारी अध्यक्ष जय नारायण सिंह, सदस्य नसीम खां ने बताया कि संगठन चुनाव में 11 व 12 मार्च को नामांकन अलग- अलग पदों पर लिया जाएगा। 13 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 14 को नाम वापसी होगी। 21 मार्च की सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा, इसी दिन मतगणना भी कराई जाएगी।


# मौनी अमावस्या स्नान से पहले संगम में उमड़ा जन सैलाब

## मेला प्रशासन का अनुमान- दो करोड़ श्रद्धालु करेंगे संगम में स्नान

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कुंभ नगरी प्रयागराज में लगे वाले माघ मेले का सबसे बड़ा महापर्व मौनी अमावस्या है, जो शनिवार को है। इस पर्व को लेकर मेला प्रशासन और डीआईजी मेला ने सारी तैयारी पहले ही कर ली है। अमावस्या पर्व को लेकर एक दिन पहले से ही उत्तर प्रदेश ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। माघ मेला परेड ग्राउंड से चलने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ संगम घाट तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

माघ मास में लगे वाले इस डेढ़ महीने के कल्पवास के दौरान संगम की रेती पर आस्था का रेला देखते ही बनता है। शनिवार को महापर्व मौनी अमावस्या को लेकर इस बार मेला अधिकारी ने वृहद तौर पर इंतजाम किए हैं। संगम स्नान के लिए आने वाली भीड़ को काबू करने के लिए मेला क्षेत्र में पुलिस के जवानों के साथ पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जल पुलिस की व्यवस्था की गई है। मेले में एंटी स्क्वायड, डॉग स्क्वायड के अलावा एसटीएफ, एसओजी और इंटेलिजेंस की टीम भी लगाई गई है। इस बार मौनी अमावस्या को स्नान करने वालों का प्रशासन दो करोड़ अनुमान लगा रही है। शुक्रवार को होने वाले स्नान पर्व से पूर्व श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचना शुरु हो गयी है। भीड़ को अभी से नियंत्रित करने के लिए यातायात की व्यवस्था सख्त की गयी है।



> मौनी अमावस्या माघ मेले का बड़ा पर्व है। जिसको लेकर एक दिन पहले से ही तैयारी की गई है। सुरक्षा के लिहाज से भारी संख्या में पुलिस के जवान लगाए गए हैं। महिला कांस्टेबलो को भी घाट पर तैनात किया गया है। रूट डायवर्जन के लिए लोगों को जानकारी पहले ही दी जा चुकी है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां ना हो। इसके लिए मेले में कड़ी और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की गई है।
> - डॉ. राजीव नारायण मिश्र, मेला डीआईजी

## मौनी अमावस्या पर यात्रियों के लिए रोडवेज चलाएगा 100 अतिरिक्त बसें

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** महापर्व मौनी अमावस्या को लेकर रोडवेज विभाग पूरी तरह से सक्रिय है। रोडवेज की तरफ से मौनी अमावस्या को लेकर 100 अतिरिक्त बसें शुरू कराई गई है। प्रयागराज सिविल लाइंस बस स्टॉप से अमावस्या के लिए विशेष तौर पर सौ बसे चलाई जा रही है। जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानियां ना हो।

मौनी अमावस्या पर रोडवेज की तरफ से यात्रियों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों के लिए मुख्य पर्वों पर अतिरिक्त बसें चलाने का निर्देश शासन की तरफ से दिया गया था। जिसको लेकर प्रयागराज डिपो से 100 अतिरिक्त बसें शुरू कराई गई हैं। बस अड्डे पर किसी भी तरह से भीड़ न हो, इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है। सिविल लाइंस बस स्टॉप से बस में सवारीयों को भरने के बाद वहां से तत्काल परिचालक बस को लेकर रवाना होंगे। जिससे बस स्टैंड पर भीड़ न होने पाए। भीड़ के लिहाज से रोडवेज कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी भी लगाई गई है। मौनी अमावस्या पर रूट की बात करें तो पूर्वांचल और अयोध्या को खास तौर पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रयागराज के एआरएम एमके त्रिवेदी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व को लेकर खास सुविधाएं की जा रही है। जिससे यात्रियों को परेशानी ना हो। यात्री की सुविधा के लिए 100 अतिरिक्त बसों को शुरू किया गया है। इसके साथ ज्यादा से ज्यादा कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे भीड़ को काबू किया जा सके।



### यातायात नियमों की पोस्टर प्रतियोगिता में आन्या रहीं अव्वल

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत खंड शिक्षा अधिकारी मानधाता सुरेश कुमार के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में गुरुवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। जिसमें आन्या विश्वकर्मा अव्वल रही। शगुन द्वितीय, सुहानी सिंह एवं लक्ष्मी जायसवाल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिमांशु अग्रहरि, आस्था, साकेत ने क्रमश: चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर मो.फरहीम, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, नीतू वर्मा, रोशन आदि उपस्थित रहे। एबीएसए सुरेश कुमार सिंह, बीएसए भूपेंद्र सिंह ने सराहना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

## एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें स्टैटिक मजिस्ट्रेट

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** आरओ/एआरओ की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम संजीव रंजन ने केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों व नोडल अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में बैठक की।

बताया गया कि 11 फरवरी को 35 केन्द्रों पर दो पालियों में सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक एवं दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक परीक्षा होगी। डीएम सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा समय में परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित/भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायें। परीक्षा की बुकलेट की गहनता से अध्ययन कर लें जिससे परीक्षा में कोई भी समस्या न हो, यदि समस्या आती है तो अपने स्टैटिक, सेक्टर व नोडल अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर लें। प्रश्नपत्र के पैकेट प्रथम पाली में प्रातः पंच बजे एवं द्वितीय पाली में 10 बजे अवश्य पहुंच जाये। केन्द्र व्यवस्थापक प्रश्न पत्र को अपनी निगरानी में चेक करें कि कही कोई कमी तो नहीं है। पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी/वीडियो रिकार्डिंग के माध्यम से खुलवायेगें। स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा के एक दिन पूर्व 10 फरवरी को अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण अवश्य कर लें। परीक्षा सीसीटीवी और वाइस रिकार्डिंग की निगरानी में सम्पन्न करायें। परीक्षा केन्द्रों पर यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी मिली तो सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होगें। लोक सेवा आयोग प्रयागराज के पर्यवेक्षक प्रकाश चन्द्र सिंह ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जानकारी दी। इस अवसर पर सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता, डीआईओएस सरदार सिंह, डीडीओ राकेश प्रसाद, पीडी डा.आरसी शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी विपिन कुमार वर्मा, सौरभ सिंह, दीक्षा मिश्रा, विन्ध्याचल सिंह, मो. अनीस आदि उपस्थित रहे।



▸▸ डीएम ने आरओ, एआरओ की परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चल रहे छात्रों के आंदोलन में समर्थन देने पहुंचे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पिछले 11 दिनों से लगातार चल रहे छात्रों के आंदोलन में गुरूवार को अपना समर्थन देने पूर्व आईपीएस ऑफिसर व आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे। छात्रों के आंदोलन में उन्होंने अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर बरसे। ज्ञात हो कि पिछले 10 दिन से लगातार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ धरने पर बैठकर अपनी मांग पर अड़े है। छात्रों की मांग है कि प्रॉक्टर को पद से बर्खास्त किया जाए। इस विवाद में लगातार छात्रों को जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। इससे पहले इलाहाबाद विवि में छात्रों को समर्थन देने समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी पहुंचे थे। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन के इस रवैया को दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। वहीं हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने भी एक पत्र जारी कर इलाहाबाद विवि में छात्रों के चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। बतादेंकि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व पदाधिकारी ने भी छात्रों की मांग को सही ठहराया है। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन पर मनमानी तरीके से छात्रों को प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। इसी कड़ी में गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने विश्वविद्यालय पहुंचकर धरने पर मौजूद छात्रों से वार्ता की। उन्होंने छात्र के साथ किए गए अश्लील हरकत करने वाले विवि के प्रोफेसर व कर्मचारी के ऊपर कारवाई करने की मांग की है।




## वर्ग पहेली-337

**बाएं से दाएं**

1. छोटा लोटा। (मु.) -डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। -डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।
3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।
5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।
7. 1. कागज़
8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह, पड़ाव।
4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा
5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।
6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।
7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



### वर्ग पहेली - 336 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टँ | का | ई | ■ | 2 ध | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ट | प | रा |
| ■ | ■ | 4 बु | ला | ना | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ट | ■ | 5 के |
| 6 को | ख | 7 ज | ली | ■ | ला |
| ■ | ■ | ड़े | ■ | ■ | सी |
| 8 अँ | धि | या | री | ■ | य |

## दबंगों से तंग आकर दो भाइयों ने तहसील परिसर में किया आत्मदाह का प्रयास

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ पुलिस ने किया गिरफ्तार तहसील परिसर में भगदड़

**अमृत विचार:** कौशाम्बी जिले के सिराथू तहसील परिसर में गुरूवार को दो सगे भाइयों ने एसडीएम कार्यालय के सामने खुद पर डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि इनकी जमीन पर दबंगों द्वारा निर्माण कराया जा रहा था जिसकी शिकायत लेकर दोनों भाई एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। कार्यालय से बाहर निकलते ही दोनों भाइयों ने खुद पर डीजल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की है।

सूबे के मुखिया भले भी जिला व तहसील प्रशासन को न्याय करने के निर्देश दिए हो, लेकिन कौशाम्बी जिले के अधिकारियों व सिराथू तहसील के अधिकारियों से न्याय न मिलते देख निदूरा गांव के रहने वाले दो भाइयों ने खुद को खत्म करने की ठान लिए। निंदूरा गांव निवासी 45 वर्षीय करन पटेल और 55 वर्षीय रग्घू पटेल दोनों भाई है। उसकी मां धनपति देवी के नाम कृषि भूमि का पट्टा मिला हुआ है। इनके ही भूमि के आगे के हिस्से में गांव की शिवकली को भी पट्टा मिला हुआ है। शिवकली की भूमि रोड के किनारे पर है। इस समय शिवकली अपने जमीन पर मकान बनवा रही है। गुरूवार को दोनों भाई करन और रघू शिवकली से निर्माण रोकने के लिए कहने लगे। लेकिन शिवकली नही मानी। इसके बाद दोनों भाई एसडीएम सिराथू के पास पहुंच गये। दोनों ने एसडीम से निर्माण रुकवाने गई भी गुहार लगाई। वहीं एसडीएम ने कर्मचारियों को भेजकर निर्माण रुकवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों बाहर निकलते ही खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश करना शुरु कर दिया। इस दौरान एसडीमम कार्यालय के बाहर भगदड़ मच गई। मौके पर रही पुलिस ने किसी तरह से उन्हे बचा लिया और पकड़कर थाने ले गयी।

रघू पटेल के मुताबिक उसके जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते वह आत्मदाह का प्रयास किया। मामले में सिराथू एसडीएम महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि सभी लोग पट्टे के आधार पर सभी लोग अपने स्थान पर काबिज है। शिवकली पटेल भी अपने स्थान पर निर्माण कर रही है। इस पूरी घटना की जांच सीओ सिराथू को सौपी गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | 6 | 8 | |
| 3 | | 2 | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | | 1 | | 7 | |
| | 9 | | | 2 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| | | 8 | | 9 | | | 2 | |
| | 5 | | 8 | | 3 | | | |
| 4 | 6 | | | | | 9 | | 8 |
| | | 7 | | 4 | | | 1 | |

### सुडोकू - 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 08.02 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- श्रवण 23.29 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज जॉब में आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। संतान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**वृष** – आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर होना फिलहाल आपके लिए उपयुक्त नहीं है। कारोबार में भी अत्यधिक लालच के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। संकोच के कारण आप अपनी परेशानियों को भी शेयर नहीं कर पा रहे हैं।

**कर्क** – आज जीवनसाथी से अपने विचारों को साझा कर सकते हैं। वाणी में मधुरता की प्रशन्सा होगी। छोटी-मोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

**सिंह** – आज कारोबार की अधूरी पड़ी योजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे।

**कन्या** – आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। संतान के व्यवहार से आप दुखी हो सकते हैं। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आप ख़रीदारी करने जा सकते हैं।

**तुला** – आज जॉब में आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी कारणवश आपकी बदनामी हो सकती है। इसीलिए ऐसी स्थितियों को लेकर सावधान रहें। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। स्वादिष्ट व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। आपके सभी रुके हुये काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता हो सकती है। आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies: दिल ही तो है – सुबह : 09.00; इंडियन – रात : 09.00

Utsav Gold: ओ तेरी – सुबह : 10.00; यारियां – रात : 07.00

Sony Max: पति पत्नी और वो – सुबह : 11.28; मेजर – रात : 09.40

Zee Cinema: चालबाज – सुबह : 09.00; अनाड़ी नम्बर वन – रात : 07.00

Colors Cineplex: दोस्ताना – सुबह : 11.34; स्वदेश – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे...
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए!

साला (जीजा से)-जीजा जी!
मेरी बहन तो गाय है गाय,
जीजा-फिर साले गौशाला में ही छोड़ आते,
मेरे साथ क्यों बांध दी...

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,428.43 | 21,717.95 |
| नुकसान | 723.57 | 212.55 |
| प्रतिशत में | 1.00 | 0.97 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रहेगी 7 प्रतिशत

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले-उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में हो रहा सुधार

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढ़ने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। जून और सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत रहेगी।

### नियमों का अनुपालन नहीं करने पर पेटीएम के खिलाफ की कार्रवाई



आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेटीएम ने बार-बार कहे जाने के बावजूद नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया और इसके कारण वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। आरबीआई ने यह भी साफ किया कि व्यवस्था के स्तर पर चिंता वाली कोई बात नहीं है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह साफ किया कि नियमों के अनुपालन में पेटीएम की कमी व्यवस्था को लेकर कोई जोखिम पैदा नहीं करती है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन से मामलों को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### रेपो दर को स्थिर रखना व्यावहारिक कदम टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा: विशेषज्ञ

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितता और खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने की जरूरत को देखते हुए लगातार छठी बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने आरबीआई का यह कदम उम्मीदों के अनुरूप ही है।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के बाद बाजार में सेंसेक्स 724 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

▶▶ सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, निफ्टी भी 212 अंक गिरा



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका असर सरकार के 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल पर दिखा और यह बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ''बाजार का बड़ा हिस्सा नुकसान में रहा। इसमें दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बैंक और वाहन कंपनियां शामिल हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,100। |

## राजस्थान सरकार ने की 70,000 पदों पर भर्तियों की घोषणा

**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश किया। इसमें उन्होंने 70,000 पदों पर भर्तियां करने, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालिक ऋण देने, जयपुर के निकट 'हाईटेक सिटी' विकसित करने, 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का 'सेविंग बॉन्ड' देने सहित कई घोषणाएं कीं। पिछले साल दिसंबर में सत्ता में आई भाजपा सरकार का यह पहला अंतरिम बजट था।

## सरसों का दाम एमएसपी से नीचे आया, तो सरकार करेगी खरीद : मुंडा

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। मुंडा ने एक बयान में कहा-केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए, केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

## एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 6.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,112 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 21,780 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ जनवरी माह में दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मासिक निवेश है। इस दौरान निवेशकों ने स्मॉल-कैप फंड को प्राथमिकता देना जारी रखा।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में इस श्रेणी में लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जनवरी में निवेश प्रवाह मार्च, 2022 के बाद से सबसे अधिक था। मार्च, 2022 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 28,463 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि इक्विटी कोषों में लगातार 35 माह से शुद्ध निवेश आ रहा है। समीक्षाधीन महीने में वैल्यू फंड को छोड़कर, इक्विटी खंड की सभी श्रेणियों में शुद्ध प्रवाह आया। थीम आधारित फंडों में 4,805 करोड़ रुपये, स्मॉल-कैप फंड में 3,257 करोड़ रुपये और मल्टी-कैप में 3,039 करोड़ रुपये आए।



# संप्रग के कार्यकाल की चुनौतियों पर राजग ने काबू पाया

## संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र पेश किया

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक 'श्वेत पत्र' संसद में पेश किया। श्वेत पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार से विरासत में मिली चुनौतियों पर पिछले 10 वर्षों में सफलतापूर्वक काबू पाया है। साथ ही भारत को उच्च वृद्धि के रास्ते पर लाने के लिए 'कड़े फैसले' किए हैं।

कुल 59 पृष्ठ के 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' में कहा गया है कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी, सार्वजनिक वित्त खराब स्थिति में था। साथ ही आर्थिक कुप्रबंधन, वित्तीय अनुशासनहीनता और व्यापक भ्रष्टाचार का बोलबाला था। सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यह एक संकटपूर्ण स्थिति थी। अर्थव्यवस्था को चरण दर चरण सुधारने और शासन प्रणालियों को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी बहुत बड़ी थी। श्वेत पत्र के मुताबिक, संप्रग सरकार आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप देने में बुरी तरह विफल रही। इसके बजाय संप्रग सरकार ने बाधाएं पैदा कीं, जिससे अर्थव्यवस्था पीछे रह गई। इस दस्तावेज में साथ ही यह भी कहा गया कि 2014 में राजग सरकार को विरासत में बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था मिली थी। श्वेत पत्र में कहा गया कि मोदी सरकार ने व्यापक आर्थिक बेहतरी के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत को समझा। इसके मुताबिक-हमारी सरकार ने अपनी पिछली सरकार के विपरीत एक मजबूत ढांचा बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था की नींव में निवेश किया।

### अंतरिम बजट एवं वित्त विधेयक को मिली संसद में मंजूरी

संसद ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी और इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी हुई। उच्च सदन में अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 और अनुदान की अनुपूरक मांगों एवं इससे संबंधित विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन्हें ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा इन्हें कल ही पारित कर चुकी है। इसी के साथ संसद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दे दी।

### लोकतंत्र के मंदिर को प्रासंगिक बनाए रखने का किया गया प्रयास: धनखड़



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकतंत्र के इस मंदिर को संवाद, बहस और विचार-विमर्श का मंच बनाकर प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास किया गया है। श्री धनखड ने गुरुवार को राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के विदाई कार्यक्रम में कहा कि यह हम सभी के लिए एक भावनात्मक अवसर है। सदन के 68 सहयोगियों को विदाई दी जा रही है। ये सदस्य अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद फरवरी से मई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य भी भारत और प्रत्येक भारतीय के हित को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के लिए गहन संतुष्टि की भावना के साथ जाएंगे।

# भारत-म्यांमा सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच पर दी जानकारी

▶▶ कहा-देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए लिया गया फैसला



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। शाह ने कहा, चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस कदम के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम आंतरिक सुरक्षा के लिये अहम है। एफएमआर भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है।

शाह ने एक्स पर कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमा की सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमा के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। यह घोषणा शाह के इस बयान के दो दिन बाद आई कि भारत ने पूरी 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरने वाली भारत-म्यांमा सीमा वर्तमान में एफएमआर है। इसे 2018 में भारत की 'पूर्वोन्मुख नीति' के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी का बहुत आभारी हूं। जैसा कि भारत के गृह मंत्री ने सिफारिश की है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 15 घायल

**रायगंज।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक दो वाहनों से टकराकर पलट गया, जिससे एक स्वयंसेवी सहित चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर करणदिघी में तुंगीदिघी बस स्टैंड के पास हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तेज रफ्तार ट्रक पहले दो चलती गाड़ियों से टकराया और इसके बाद पलट गया। इस हादसे में एक साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 15 लोग घायल हो गए।

### फर्जी पहचान से यात्रा कर रहे 2 गिरफ्तार

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** चेन्नई से इंदौर आए दो लोगों को पुलिस ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर यात्रा करने के आरोप में यहां के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (43) और जाकिर हुसैन (30) के रूप में हुई है।

## नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री जब्त

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कुछ विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य चीजें जब्त की हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम को जानकारी मिली थी कि सशस्त्र नक्सली कैडर कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली सीमा पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व में हिद्दुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी अभियान पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शाम करीब सात बजे हिद्दुर गांव से करीब 500 मीटर दूर नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की।

## कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

मुंबई, एजेंसी

▶▶ अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे

महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वह अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे। बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी को 'बाबा सिद्दीकी' के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के एक महीने के भीतर शहर के दूसरे नेता ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। सिद्दीकी के बेटे जीशान शहर से कांग्रेस विधायक हैं। बाबा सिद्दीकी ने हालांकि कहा कि वह (जीशान) अपना फैसला खुद लेंगे। सिद्दीकी (66) ने कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले का कोई कारण नहीं बताया है। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कुछ चीजों को अनकहा छोड़ दिया।

## विपक्षी सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा केंद्र : केजरीवाल

▶▶ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भगवंत मान, फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा-विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारें देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। उन्होंने हमारे लिये भारत-पाकिस्तान जैसी स्थिति बना दी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य सरकारों को निधि देने से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है तथा विपक्षी नेताओं के पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा-वह (केंद्र सरकार) उन्हें निधि देने से वंचित कर रही है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रही है। वह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां अपने परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण को लेकर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण को रोकने में कई प्राधिकरणों की 'विफलता' को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहर में ''पूर्ण अराजकता'' फैल जाएगी और पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा कि केंद्र संरक्षित स्मारकों निजामुद्दीन की बावली और बाराखंभा मकबरे के पास अनधिकृत निर्माण को रोकने में अधिकारियों की विफलता ने अदालत को स्तब्ध कर दिया है। अदालत ने मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने का संकेत देते हुए कहा कि किसी भी संस्था अवैध कृत्य करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए भगत सिंह सहित कई कर्मचारी सम्मानित



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव की उपस्थिति में भगत सिंह को पुरस्कृत किया गया।

नई दिल्ली, ब्यूरो

**उत्तर रेलवे का 68वां रेल सप्ताह**

▶▶ पांचों मंडलों में राजधानी दिल्ली सबसे आगे

**अमृत विचार:** उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्तर रेलवे के मुख्य टिकट निरीक्षक भगत सिंह सहित कई रेल कर्मचारियों को रेल सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जबकि लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर व दिल्ली मंडलों में दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ मंडल के लिए शील्ड प्रदान की गई है।

चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्कृष्ट सेवा के लिए रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीति चौधुरी व उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई ।



# टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे बुमराह : वेर्नोन

## सभी प्रारूपों में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे साबित



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 9 विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।फिलैंडर ने कहा कि बुमराह इस समय मुकम्मिल गेंदबाज है। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है, जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी-20 क्रिकेट में भी कमतर नहीं आंका जा सकता । वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी-20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

**बुमराह से पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच रैंकिंग में दूसरे नंबर पर रहे**



उन्होंने मोहम्मद शमी के लिए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।

# इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय कप्तान कोः अहमद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कही बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी




दो मैचों में 33 विकेट चटकाए हैं तो वहीं रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे बेहद अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है।

रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते हैं कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते है।

## खेल डायरी

### मेस्सी की मौजूदगी में इंटर मियामी को विस्सेल ने हराया



**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेस्सी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेस्सी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेस्सी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे।

### मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं श्रीवल्ली

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से हार गई।

### पटियाला में होगी आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने गुरुवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में होना था लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने पर इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और 20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से 5 मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में होगा। राज्य संघों ने चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय देने के लिए कहा था जिसके बाद यह फैसला किया गया। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

### जेनेसिस इनविटेशनल में पहला मैच खेलेंगे वुड्स

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी ।** टाइगर वुड्स अगले हफ्ते रिवेरा में 'जेनेसिस इनविटेशनल' में भागीदारी के साथ सत्र का आगाज करेंगे। वह इसकी मेजबानी कर रहे हैं। वह पिछले साल मास्टर्स टूर्नामेंट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबले में उतरेंगे। वुड्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 15 फरवरी से शुरू होने वाले 20 मिलियन डॉलर (1.66 अरब रुपये) पुरस्कार वाले पीजीए टूर के अगले आयोजन का 'मेजबान बनने को लेकर उत्साहित' है। रिवेरा गोल्फ कोर्स पर वुड्स ने बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा 12 मुकाबलों में भाग लिया है। वह पिछले सत्र में यहां संयुक्त 45वें स्थान पर थे। जेनेसिस इनविटेशनल में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को भी भागीदारी का मौका मिलता है लेकिन वुड्स प्रायोजक से मिली छूट के साथ खेलेंगे।

# कोहली की अनुपस्थिति भारत, शृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटकाः हुसैन

## व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से दूर रहे दिग्गज क्रिकेटर

**चेन्नई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी का आगामी टेस्ट मैच में नहीं खेलना सिर्फ भारतीय टीम ही नहीं बल्कि शृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका है। हुसैन ने हालांकि भारतीय क्रिकेटर के व्यक्तिगत जिंदगी को प्राथमिकता देने का समर्थन किया। कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से हट गए थे। उनके राजकोट और रांची में आगामी मुकाबलों में भी खेलने की संभावना नहीं है। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट में भी उनका खेलना संदिग्ध है। पांच टेस्ट की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

हुसैन ने कहा कि हां, अभी पुष्टि नहीं हुई है। ये सब अटकलें हैं, वह अगले दो टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं। अगले कुछ घंटों में वे अपनी टीम घोषित करेंगे। यह अगले तीन टेस्ट मैच के लिए होगी या नहीं, कुछ भी अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन यह झटका होगा। हुसैन ने कहा कि यह भारत के लिए झटका होगा। यह श्रृंखला के लिए ही नहीं विश्व क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक विशेष श्रृंखला होने जा रही है। यह पहले ही शुरू हो चुकी है। पहले दो मैच काफी शानदार रहे। कोहली की उपलब्धियों और क्रिकेट में योगदान की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उन जैसा खिलाड़ी 15 साल तक खेल की सेवा करने के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताने का हकदार है। खेल को विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का भी ध्यान रखने की जरूरत है। वह पिछले 15 साल से अधिक समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और अगर उन्हें परिवार के साथ रहने के लिए खेल से ब्रेक की जरूरत है तो हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हुसैन ने कहा कि भले ही इस कारण हमें एंडरसन बनाम कोहली का दिलचस्प मुकाबला देखने को नहीं मिले जैसा हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है तो भी ठीक है, लेकिन कोहली और उनका परिवार और उनकी निजी जिंदगी सर्वोपरि है। विराट कोहली खेल और किसी श्रृंखला के खेलने वाले महान बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके जैसे खिलाड़ी की टीम को कमी खलेगी, लेकिन जैसा कि हमने देखा है कि उनके पास युवा बल्लेबाजों की अच्छी जमात है।

**राजकोट और रांची में होने वाले मुकाबलों में भी खेलने की संभावना कम**





### केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद

हुसैन ने कहा कि कोहली की जगह लेना मुश्किल है लेकिन उन्हें केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद है जो दर्द के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। मुझे लगता है कि केएल राहुल भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं जो दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 से 19 फरवरी तक खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट रांची में 23 से 27 फरवरी तक होगा। हाल में कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब शो पर खुलासा किया था कि भारतीय बल्लेबाज अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए टेस्ट मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

# चुनौतीपूर्ण होगा पेरिस ओलंपिकः पीवी सिंधु

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चोटिल होने से पिछले कुछ समय से बाहर रहने के बाद अब वापसी के लिए तैयार दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मानना है कि पेरिस ओलंपिक चुनौतीपूर्ण होगा और उन्हें स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए अधिक होशियार होना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। पिछले 18 महीनों में उन्हें चोटों और खराब फॉर्म से जूझना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी थी जबकि पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान उनका बायां घुटना चोटिल हो गया था। सिंधु ने कहा कि इस बार ओलंपिक में अलग तरह का अनुभव मिलने वाला है क्योंकि 2016 और 2020 के ओलंपिक पूरी तरह से भिन्न थे। पेरिस ओलंपिक अधिक चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं अब अधिक अनुभवी हो गई हूं और इस बार मुझे अधिक होशियारी से खेल खेलना होगा। महिला सर्किट में शीर्ष 10 से 15 स्थान पर काबिज खिलाड़ी कड़ी चुनौती पेश करते हैं। ऐसे में अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना और अच्छी रणनीति के साथ कोर्ट पर उतरना महत्वपूर्ण होता है, जिससे आप शुरुआती रणनीति के नहीं चल पाने पर दूसरी रणनीति को अपना सकें। फॉर्म में वापसी के लिए बेताब सिंधु ने पिछले साल कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ दिया था। अब उनके साथ पूरी तरह से नया सहयोगी स्टाफ है। वह प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में इंडोनेशिया के एगस सैंटोसो की देखरेख में अभ्यास कर रही हैं।



# टी-20 विश्व कप चयन के लिए आईपीएल का रहेगा महत्वः मूडी

**चेन्नई, एजेंसी**



कोच टॉम मूडी ने गुरुवार को कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएल टी-20 जैसी लीग में प्रदर्शन इस बार मायने रखेगा क्योंकि इसका टी-20 विश्व कप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा। आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का इस चरण का टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। मूडी ने 'आईएल टी-20' की डेजर्ट वाइपर्स टीम द्वारा कराई बातचीत के दौरान कहा कि मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अन्य टी-20 लीग जैसे आईएल टी-20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है।

# डेविस कपः सितंबर में स्वीडन से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत डेविस कप विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में सितंबर में मेजबान स्वीडन का सामना करेगा। भारत ने पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ में पाकिस्तान को 4-0 से मात दी थी जबकि स्वीडन क्वालीफायर के पहले दौर में ब्राजील से 1-3 से हारा था। भारत और स्वीडन के बीच डेविस कप में अब तक पांच मुकाबले हुए हैं। भारत स्वीडन को हराने में नाकाम रहा है लेकिन इस बार उसके पास अच्छा मौका होगा क्योंकि मेजबान टीम में कोई बड़ा एकल खिलाड़ी नहीं है।

# यकीन है विश्व कप जीतेंगे : सहारन


**बेनोनी, एजेंसी**

लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है ।

भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले 9 में से 7 बार टीम फाइनल में पहुंची है। हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है।



श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं । भारत का टूर्नामेंट में इतना दबदबा रहा है। हमारे सभी खिलाड़ी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक टूर्नामेंट में छह मैचों में सर्वाधिक 389 रन बना चुके सहारन ने कहा कि फाइनल में सामने आस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता।



## बॉलीवुड हलचल

# 12 जुलाई को आएगी जॉन की 'वेदा'



**मुंबई, एजेंसी ।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और श्रावरी नजर आ रही हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया, 'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा- मुझे आखिरकार रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

### पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है। मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा।

# 'झलक दिखला जा' में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे। कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसके मालिक हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुए हैं। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया। कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे। मैं सचमुच एक फैन हूं। 'लाल पीली अंखिया' में, एक पल में, आप अपनी जीभ बाहर निकालकर चंचल थीं, और अगले ही पल, आप एक पटाखे की तरह थीं। मैं इस गाने पर कभी इस तरह के एक्ट की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।



# सोनम कपूर बनीं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का शो स्टॉपर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित किया, जिसका शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कूपर रहीं। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं : हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इसकी पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

### खुशी कक्कर और लवली काजल का लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' की, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके वीडियो में लवली काजल नाचते और ठुमका लगाते हुए खूब अपनी बड़ाई कर रही है। इसको खुशी कक्कड़ ने गाया है। गाने के वीडियो में लवली ठुमका लगाते हुए कहती है कि... 'हमर बलमुआ हवें हो इकलौता, दादा दादी के दुलारा हवे पोता, नाही देवरानी न घर मे जेठानी, करी ससुरा में राज हम बनके रानी..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' निर्माता रत्नाकर कुमार है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# यूसीसी... कितना नफा कितना नुकसान

*दशकों से, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अवधारणा गरमागरम बहस और चर्चा का विषय रही है। यूसीसी के पीछे मूल विचार विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक सेट स्थापित करना है, जो सभी नागरिकों पर उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना लागू हो। हालांकि, भारत के विविध धार्मिक परिदृश्य को देखते हुए, इस तरह के कोड को लागू करने की राह जटिलताओं और संवेदनशीलता से भरी हुई हैं। आइए जानते हैं यूसीसी लागू करने पर कितना नफा और कितना नुकसान होगा।*



### समान नागरिक संहिता पर क्या कहता है भारतीय संविधान

भारत का संविधान, अनुच्छेद 44 के तहत, निर्देशक सिद्धांत को स्थापित करता है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। फिर भी, मुद्दे की जटिल प्रकृति को देखते हुए, यूसीसी को अधिनियमित करने का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया गया। वर्षों से कई चर्चाओं के बावजूद, एक के बाद एक सरकारें अपनी विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति के कारण यूसीसी को लागू करने की चुनौती से जूझ रही हैं।

### भारत में विभिन्न नागरिक संहिताएं

भारत में, जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों में गहराई से निहित हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग नागरिक कोड बने हैं।




### हिंदू विवाह अधिनियम

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 जैसे अधिनियमों द्वारा शासित, हिंदू व्यक्तिगत कानून प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों से निकले हैं। ये कानून हिंदू महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित करते हैं, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ

भारत में मुसलमान शरिया सिद्धांतों पर आधारित मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937, मुसलमानों के बीच विवाह, तलाक, विरासत और रखरखाव जैसे मामलों को नियंत्रित करता है।

### अन्य समुदाय

ईसाई, पारसी और यहूदी 1925 के भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के विवाह, विरासत और संबंधित मामलों से संबंधित अपने प्रावधान हैं।

### यूसीसी से जुड़े विवाद

समान नागरिक संहिता पर बहस बहुआयामी है, जो भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विविधता को दर्शाती है।

### धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

आलोचकों का तर्क है कि यूसीसी एक समान संहिता के साथ व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को प्रतिस्थापित करके भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को कमजोर कर सकता है। उन्हें डर है कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात कर सकता है और देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।

### अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण

विरोधी अल्पसंख्यक समुदायों पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत कानून उनकी धार्मिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अधिकारों और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकता है, जो भारत जैसे बहुलवादी समाज में आवश्यक है।

### राजनीतिक विचार

यूसीसी अक्सर राजनीतिक पैंतरेबाजी का एक उपकरण बन जाता है, पार्टियां इसका उपयोग अपने मतदाता आधार को आकर्षित करने के लिए करती हैं। हालांकि इसकी खूबियों और कमियों पर वास्तविक चर्चा अक्सर राजनीतिक गणनाओं में पीछे रह जाती है।

### लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार

समर्थकों का तर्क है कि यूसीसी कुछ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। हालांकि विरोधियों का मानना है कि धार्मिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना मौजूदा ढांचे के भीतर लैंगिक न्याय हासिल किया जा सकता है।



## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया है कि, यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि उसने तटरक्षक बल के साथ एक अभियान में बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरों और उनकी दो नौकाओं को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया।

### आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

**ग्रिंडाविक (आइसलैंड)।** दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर के बाद से तीसरी बार फटा ज्वालामुखी, जिससे आकाश में धुएं का गुबार छा गया। द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि विस्फोट माउंट सुंधनुकुर के उत्तर-पूर्व में तीन किलोमीटर दरार आने के साथ शुरू हुआ। ज्वालामुखी फटने की यह घटना 3,800 लोगों की आबादी वाले तटीय शहर ग्रिंडाविक से लगभग चार किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हो रही है, जिसे 18 दिसंबर को पिछले विस्फोट से पहले खाली करा लिया गया था।

### अमेरिकी सेना के हमले में हिजबुल्लाह का कमांडर ढेर

**वाशिंगटन।** इराक में अमेरिका की सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी बलों ने गुरुवार देर रात हमला किया, जिसमें बगदाद के कताइब हिजबुल्लाह कमांडर को मारा गया। यह कमांडर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं पर हमलों की सीधे योजना बनाने और उनमें शामिल होने के लिये जिम्मेदार था। इस हमले में कोई आकस्मिक क्षति या नागरिक हताहत नहीं हुआ। अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा।" गौरतलब है कि यह हमला 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले के खिलाफ जारी अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा था।

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पांच नौसैनिकों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर हादसे में पांच नौसैनिकों की मौत हो गयी है। यूएस मरीन कॉर्प्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि मंगलवार को कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच नौसैनिकों की मौत हो गई। मरीन कॉर्प्स की ओर जारी बयान में कहा गया है, छह फरवरी को सीएच-53ई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद तीसरी मरीन एयरक्राफ्ट विंग के मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 16 के मरीन हेवी हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन 361 के पांच नौसैनिकों की मौत हुई है। बता दें, प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह घटना घटी हैं। दुर्घटना की जांच चल रही है।

### पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं के बीच हुआ मतदान, मोबाइल सेवाएं रहीं ठप

# हाइब्रिड सरकार के आसार, सेना के हाथ में होगी नए पीएम की कमान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में छिटपुट हिंसा के बीच आम चुनाव के लिए गुरुवार शाम मतदान पूरा हो गया और मतगणना शुरू हो गई, शुक्रवार दोपहर तक ज्यादातर परिणाम आने की उम्मीद है।

चुनाव सर्वे में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) को आगे माना जा रहा है। नवाज को सेना का समर्थन भी माना जा रहा है। बता दें, नवाज की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। मतदान के बाद मतगणना स्थलों पर ही उम्मीदवारों के एजेंटों के समक्ष मतपेटियों की सील तोड़कर मतगणना शुरू कर दी गई। मतगणना संचालित कराने वाले पीठासीन अधिकारी ही रिटर्निंग ऑफिसर के जरिये चुनाव प्रबंधन व्यवस्था को सूचित करेंगे और परिणाम की घोषणा करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए मतगणना स्थलों के आसपास छह लाख सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।





मतगणना स्थलों के आसपास मौजूद रहे सुरक्षाकर्मी दूसरी तरफ मतदान करते पूर्व पीएम नवाज शरीफ।

### चार पुलिसकर्मियों की मौत, 2 अन्य घायल

आतंकवादियों ने गुरुवार दोपहर को आम चुनाव के बीच खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची में एक पुलिस मोबाइल वैन को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने पहले यहां आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे चारों ओर चीख-पुकार मच गई। खैबर पख्तूनख्वा में हुए इस आतंकी हमले में चार सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और 2 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों के चलते चुनाव के दिन पूरे पाकिस्तान में मोबाइल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपाय आवश्यक है।

### सरकार का तख्तापलट और सेना का दखल

पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया में भी सेना का दखल जारी है। सेना नवाज शरीफ को चौथी बार पीएम बनाना चाहती है लेकिन उन्हीं नवाज की सरकार का जनरल परवेज मुशर्रफ से तख्तापलट किया था। सेना, राष्ट्रपति और कोर्ट का दखल इतना है कि 1988 के बाद पाक में कोई भी निर्वाचित पीएम अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

| निर्वाचित पीएम | कार्यकाल | सरकार क्यों गई |
|---|---|---|
| बेनजीर भुट्टो | 1988-1990 | राष्ट्रपति द्वारा सरकार भंग |
| नवाज शरीफ | 1990-1993 | इस्तीफा देना पड़ा |
| बेनजीर भुट्टो | 1993 से 1996 | राष्ट्रपति द्वारा बर्खास्त |
| नवाज शरीफ | 1996 से 1999 | मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट |
| 1999 से 2008 तक सैन्य तानाशाह सरकार के पीएम रहे | | |
| युसुफ रजा गिलानी | 2008 से 2012 | सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य |
| नवाज शरीफ | 2013 से 2017 | सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य |
| इमरान खान | 2018 से 2022 | अविश्वास प्रस्ताव |

### पेस सैटेलाइट लॉन्च मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मिलेगी मदद

**केप केनवेरल।** गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा।



## जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदी, हाईकोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर (पीआईएल) की गई। जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य की जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि, सजा काटने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रहीं हैं।



यह जानकारी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगनामन और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ के सामने लाई गई। याचिका में अदालत से सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों के उन बाड़ो में काम करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। इसमें कहा गया कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि जेलों में अब तक कम से कम 196 शिशुओं ने जन्म लिया है। यह मामला जेल के अंदर बंद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों का उन बाड़ों में प्रवेश पूरी तरह रोका जाए, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनामन ने इस मामले में एक आदेश पारित किया और कहा, हमारे संज्ञान में लाया गया यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हम इन सभी मामलों को आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करना उचित समझते हैं।

## मोदी को आगामी चुनाव में मिलेगा विदेश से भी समर्थन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा टर्म दिलाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। इसके लिए ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी ने कई योजनाएं बनाई हैं। इसमें देशभर में 25 लाख लोगों को फोन कर प्रधानमंत्री को एक बार फिर से जिताने के वोट देने की अपील की जाएगी।



▸▸ देशभर में होगी 25 लाख लोगों को फोन कर वोट देने की अपील

साथ ही तीन हजार भारतवंशियों का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा। यह देशभर में कई स्थानों पर भाजपा और उनके उम्मीदवारों के समर्थन में कैंपेन चलाएंगे।

काल करने और विभिन्न राज्यों और भाषाओं के अनुसार रणनीति विकसित करने में मदद करने के लिए पूरे अमेरिका में दो दर्जन से अधिक टीमें भी बनाई गई हैं। संस्था की ओर से कहा गया है कि इसके लिए दिसंबर से तैयारियां जारी हैं।

ओएफबीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने बताया कि फरवरी में हम पूरे अमेरिका में एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। हम न केवल ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी के समर्थकों और स्वयंसेवकों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आम समुदाय, समुदाय के नेताओं और उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## भारतवंशी वरुण श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष, प्रतिष्ठित हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर बन गए हैं।



लेबर पार्टी के 38 वर्षीय घोष ने मंगलवार को पार्टी की सीनेट सीट भरी, जो पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पैट्रिक डोडसन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हो गई थी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों के मंत्री और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के हमारे नवीनतम सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, मैंने अक्सर कहा है कि जब आप किसी चीज में प्रथम होते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप आखिरी नहीं हों। घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने और डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

## यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई का विरोध करने पर चुनाव लड़ने से रोका

**मॉस्को।** रूस के मुख्य चुनाव प्राधिकरण ने गुरुवार को यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य कार्रवाई का विरोध करने वाले एक राजनेता को आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। मॉस्को के पास एक कस्बे के स्थानीय विधायक बोरिस नादेजदीन को कानून के अनुसार उम्मीदवारी के समर्थन में कम से कम 100,000 हस्ताक्षर इकट्ठा करने की आवश्यकता थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने नादेजदीन के अभियान द्वारा प्रस्तुत 9,000 से अधिक हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित कर दिया।


## विवि में भारतीय छात्र ने की थी आत्महत्याः अमेरिकी अधिकारी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पर्ड्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस हफ्ते मृत पाया गया था। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके सिर में गोली लगी है। मीडिया के अनुसार, समीर कामथ को पांच फरवरी की शाम को मृत पाया गया था।

उनका शव विश्वविद्यालय के क्रो ग्रोव में मिला था, जो एक प्रकृति संरक्षित क्षेत्र है। वॉरेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रुमेट ने बुधवार को बताया था कि इंडियाना के क्रॉफर्ड्सविले में छह फरवरी को कामथ का फोरेंसिक पोस्टमार्टम किया गया था। ब्रुमेट के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामथ की मौत सिर में गोली लगने की वजह से हुई है। यह आत्महत्या का मामला है। उसने खुद को गोली मारी है। हालांकि, एक रिपोर्ट इस मामले में अभी और सामने आनी है।

### हिमस्खलन...





**जम्मू-कश्मीर :** श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर साराबल गांदरबल में बेहद बड़ा हिमस्खलन हुआ है। इसमें किसी प्रकार का जान माल का नुकसान होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक ये हिमस्खलन निर्माणाधीन जोजिला सुरंग से कुछ ही दूरी पर हुआ है। बता दें, कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। 24 घंटे तक खतरे वाले इलाकों में नहीं जाने को कहा गया है। ● एजेंसी

**विज्ञान** पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार का पता देगी घटना, 21 जनवरी को गिरा था क्षुद्रग्रह

# जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के उत्पत्ति में प्रकाश डालने में मददगार साबित हो सकता है। यह क्षुद्रग्रह 21 जनवरी को गिरा था। इस घटना से क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार संबंधित कई नई जानकारियां मिल सकती है।

इस क्षुद्रग्रह को दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टान माना जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद यह क्षुद्रग्रह बरामद किया गया था। क्षुद्रग्रह का नाम 2024 बीएक्स1 है। वैज्ञानिकों द्वारा जांच करने के बाद पता चला कि चट्टान का यह टुकड़ा ऑब्राइट नामक दुर्लभ श्रेणी का है। इस तरह के टुकड़े सौर मंडल के पुराने दुर्लभ उल्कापिंड होने की पुष्टि करते हैं। अमेरिकी संस्था सेटी इंस्टीट्यूट के उल्का खगोलशास्त्री पीटर जेनिस्केंस व उनकी टीम ने इस घटना का अध्ययन किया और पाया कि यह वास्तव में पूर्व में पृथ्वी पर गिरे चट्टानों की पुष्टि करता है।



जर्मनी में गिरे क्षुद्रग्रह की तस्वीर।

### उल्कापिंड पृथ्वी के अतीत और भविष्य की कुंजी

2024 बीएक्स1 जैसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रहों का निर्माण सौर मंडल के ग्रहों के निर्माण के दौरान लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था। तब सूर्य के आसपास की सामग्री से जो ग्रहों के निर्माण के दौरान नष्ट नहीं हुई थी। क्षुद्रग्रह 2024 बीएक्स1 के अवशेषों का अध्ययन न केवल पृथ्वी के अतीत को समझने में बल्कि मानवता के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

इस तरह के उल्कापिंड गिरने के केवल 11 उदाहरण अभी तक पाए गए हैं। खास बात यह है कि दुर्लभ क्षुद्रग्रह के नमूने एक ऐसे परिवार से हैं जो हमारे सौर मंडल के ज्ञात उल्कापिंडों का केवल 1 प्रतिशत है। 2024 बीएक्स1 के ऑब्राइट उल्कापिंड अन्य उल्कापिंडों से भिन्न हैं। क्योंकि उनमें काले कांच की मोटी परत के बजाय पारभासी कांच की परत है और उनका रंग ग्रे ग्रेनाइट जैसा है। इस घटना का दिलचस्प पहलु यह है कि इसकी कक्षा को समझ चुके है। जिससे पता चलता है कि इस उल्कापिंड का स्रोत क्षेत्र कहां था। वे संभवतः मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट के अंदरूनी हिस्से से आया था। यह एक ऐसी जगह है जहां संभवतः बहुत सारा मलबा है, एक टक्कर से बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़े बने जिन्हें क्षुद्रग्रह परिवार कहा जाता है।

## भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच समुद्री सुरक्षा पर चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच नई दिल्ली में 17वीं स्टाफ वार्ता आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण और सूचना का आदान-प्रदान समेत वर्तमान में नौसेना के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि 17वीं भारत-फ्रांस नौसेना स्टाफ वार्ता छह से सात फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की गई थी।

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि दोनों देशों की नौसेना के बीच समुद्री क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही कहा कि समुद्री क्षेत्र के खतरों पर भी वार्ता में चर्चा की गई। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण समेत सहयोग के तरीकों पर बातचीत हुई। समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

# भारत को अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा नहीं, रूस के करीब

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में काफी कम समय रह गया है, जिसके कारण राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने बाइडन का नाम लिए बिना तंज कसा है।

निक्की हेली ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ भागीदार बनना चाहता है, लेकिन अभी उन्हें अमेरिकियों के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की रेस में शामिल निक्की ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मौजूदा वैश्विक स्थिति में चतुराई से खेला है और रूस के साथ करीब रहा है। मीडिया को दिए साक्षात्कार में 51 साल की हेली ने कहा कि फिलहाल भारत अमेरिका को कमजोर मानता है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के



▸▸ निक्की बोलीं अमेरिका का भागीदार बनना चाहता है भारत लेकिन बाइडन पर भरोसा नहीं

साथ भी डील की है। मैंने मोदी से बात की है। भारत हमारे साथ पार्टनर बनना चाहता है और वो रूस के साथ पार्टनर नहीं बनना चाहता। निक्की हेली ने कहा कि समस्या यह है कि भारत को हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अभी देख रहे हैं कि हम कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा चतुराई से खेला है और वे तभी रूस के साथ करीबी रूप से टिके हुए हैं, क्योंकि यहीं से उन्हें अपने बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स बिजनेस न्यूज से कहा कि भारत ने चीन पर कम निर्भर होने के लिए खुद को एक अरब डॉलर का प्रोत्साहन दिया।

## नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ विस्फोटक सामग्री जब्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि बुधवार देर रात को खुफिया जानकारी मिली थी कि कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली तिराहे पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व हिदुर गांव में सशस्त्र नक्सली डेरा डाले हुए हैं। सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। तलाशी में नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी की। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद नक्सली घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। विस्फोटक सामग्री, आईईडी बरामद किए गए हैं।